RNI-MPHIN/2022/85747

# दैनिक दबंग केसरी

■ वर्ष-3 ■ अंक-291 ■ भोपाल, बुधवार 10 सितम्बर 2025 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-5/-

मो.9479840005

## प्रमुख संक्षिप्त

### सीएम सेक्रेटेरिएट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम सेक्रेटेरिएट और मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज को मंगलवार को बम की धमकी भरे ईमेल मिले। दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार, धमकी से जुड़ा एक कॉल भी आया था, जिसके बाद एहतियात के तौर पर कई दमकल गाडियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली पुलिस ने कहा कि धमकी भरे ईमेल में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज और मुख्यमंत्री सचिवालय, दोनों में बम होने की जानकारी थी। मानक संचालन प्रक्रियाओं के तहत, दोनों जगहों पर बम का पता लगाने और उसे निष्क्रिय करने वाली टीमों को तैनात किया गया।

### गुरुद्वारा को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना।** बिहार के पटना स्थित तख्त श्री हरमंदिर साहिब को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई है। मेल पर लिखा है, गुरु लंगर कक्ष में 4 आरडीएक्स रखे हैं। विस्फोट से पहले वीवीआईपी और कर्मचारियों को तुरंत बाहर निकाले। पुलिस ने बताया कि धमकी भरा मेल सोमवार रात में मिली थी, जिसके बाद गुरुद्वारा परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पटना के स्स्क्र कार्तिकेय शर्मा को को जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत गुरुद्वारा परिसर की सघन तलाशी शुरू की। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की मदद से लंगर हॉल सहित पूरे परिसर की बारीकी से जांच की गई। हालांकि कई घंटों की तलाशी के बाद कोई भी विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला।

### राज कुंद्रा को ईओडब्ल्यू ने भेजा समन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर अगस्त में 60 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में शिकायत दर्ज हुई थी। इस मामले में अब आर्थिक आपराधिक शाखा ने मंगलवार को राज कुंद्रा को समन भेजा है। उन्हें 15 सितंबर को ईओडब्ल्यू के आगे पेश होकर बयान दर्ज करवाना होगा। इससे पहले राज कुंद्रा को 10 सितंबर को पेश होने के तलब किया गया था, हालांकि उन्होंने समय मांगा, जिसके बाद अब वो 15 सितंबर को बयान दर्ज करवाएंगे। जांच पूरी होने तक राज कुंद्रा भारत से बाहर नहीं जा सकेंगे। 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा को 3 बार समन किया जा चुका है। दोनों ने वकील के जरिए जांच अधिकारियों से कहा कि वो लंदन में रहते हैं, जिसके चलते वो पेश नहीं हो सकेंगे।

### कुल्लू में घर गिरने से 5 लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के आनी में लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया। इस हादसे में घर के मालिक शिवराम की पत्नी, बेटा-बहू और 5 व 7 साल के पोता-पोती की मौत हो गई, जबकि शिवराम, उनके भाई और भाभी तो सुरक्षित निकाला गया। यह हादसा सोमवार रात ढाई बजे हुआ। दो भाईयों का परिवार रात में घर पर सो रहा था। अचानक पहाड़ी से लैंडस्लाइड हो गया। इससे दोनों भाईयों का मकान मलबे में दब गया। इसके बाद, रात तीन बजे सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। हादसे में घायल तीनों का नजदीक के अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस लैंडस्लाइड में गांव के 3 अन्य घरों को भी नुकसान पहुंचा है।

### लद्दाख में हिमस्खलन, 3 जवान शहीद

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में सोमवार रात लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया। लद्दाख के सियाचिन में सेना के बेस कैम्प में हिमस्खलन के बाद तीन जवान शहीद हो गए। एक कैप्टन को बचा लिया गया है। शहीद जवान महार रेजिमेंट के हैं। बचाव दल के सैनिक लगभग 5 घंटे तक बर्फ में फंसे रहे।

# देश के 15वें उपराष्ट्रपति बने सीपी राधाकृष्णन

## एनडीए प्रत्याशी का 452 और इंडिया ब्लाक के उम्मीदवार को 300 वोट मिले



**नई दिल्ली।**

सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्टपति होंगे। उपराष्टपति चुनाव में राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने जीत दर्ज की है। इस चुनाव में कुल 767 सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के दौरान 752 वैलिड पाए गए और 15 वोट इनवैलिड करार दिए गए। सीपी राधाकृष्णन को प्रथम वरियता के 452 वोट मिले, जबकि इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को प्रथम वरियता के 300 वोट ही मिले।

राष्टपति चुनाव के लिए मंगलवार को संसद भवन में वोटिंग हुई। वोटिंग प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू हो गई जो शाम पांच बजे तक चली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले सुबह 10 बजे वोट डाला। वोटिंग शुरू होने से पहले सभी एनडीए सांसद सुबह 9.30 बजे ब्रेकफास्ट मीटिंग में हिस्सा लिया। मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच था। देश के 15वें उपराष्टपति चुनाव के लिए आज संसद भवन में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक वोटिंग हुई। कुल 768 सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकसभा और राज्यसभा मिलाकर भारत की संसद में कुल 788 सांसद होते हैं। वर्तमान दोनों सदनों को मिलाकर 7 सीटें रिक्त हैं। इस तरह कुल 781 सांसदों को वोट करना था, जिसमें से 13 वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इनमें बीआरएस के 4, बीजेडी के 7, अकाली दल के 1 और 1 निर्दलीय सांसद ने वोट नहीं डाला। एनडीए 427 सांसदों ने वोट किया।

### एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में हुई क्रॉस वोटिंग

उपराष्टपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत हुई है। जो नतीजे आए हैं उससे स्पष्ट होता है कि विपक्ष अपने सांसदों को एकजुट रहने में सफल नहीं हो पाया। एनडीए के कुल 427 सांसद थे, अगर मान लिया जाए कि जगनमोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआर कांग्रेस के सभी 11 सांसदों ने एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट डाले, तो यह संख्या 438 पहुंचती है। लेकिन सीपी राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले यानी विपक्ष के 14 सांसदों ने एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की।

# नए वाहनों पर 'सर्टिफ़िकेट ऑफ़ डिपॉजिट' से मोटरयान कर में 50 प्रतिशत की छूट दिये जाने का निर्णय

## मध्यप्रदेश नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश-2025 की स्वीकृति मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय



**भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार कोमंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा पंजीकृत वाहन स्क्रेपिंग सुविधा में स्क्रेपिंग को बढ़ावा देने के लिए बीएस-I और पूर्ववती तथा बीएस-॥ व्यापक उत्सर्जन मानक मानदंडों वाले वाहनों को जारी सर्टिफ़िकेट ऑफ़ डिपॉजिट÷ के विरुद्ध पंजीकृत किये जाने वाले नए गैर परिवहन यानों तथा नए परिवहन वाहनों पर 50 प्रतिशत की मोटरयान कर में छूट प्रदान किये जाने की स्वीकृति शर्तों के अधीन प्रदान की गयी है। स्वीकृति अनुसार समस्त यान जो व्यापक उत्सर्जन मानक भारत चरण 1 (बीएस-1) मानक और पूर्ववती व्यापक उत्सर्जन मानक मानदंडों अनुसार विनिर्मित किये गए है तथा मध्यम मालयान/भारी मालयान/ मध्यम यात्री मोटरयान/भारी पात्री मोटरयान जो व्यापक उत्सर्जन मानक भारत चरण 2 (बीएस-।।) मानदंडों के अनुसार विनिर्मित किये गए हैं, को इसके तहत छूट प्रदान की गयी हैं।

प्रदेश में वर्ष 2024-25 में 1563 नए वाहन पंजीकरण पर लगभग 17 करोड़ 5 लाख रूपये की छूट प्रदान की गई है। वर्तमान में BS-I एवं BS-II श्रेणी के लगभग 99 हजार मोटरयान ऑनरोड है। इनको मोटरयान कर में 50त्न छूट दिए जाने पर 100 करोड़ रूपये का वित्तीय भार आएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पंजीकृत वाहन स्क्रेपिंग सुविधा में स्क्रेपिंग को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश को 200 करोड़ रुपये की विशेष सहायता प्राप्त होगी। भारत में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए भारत स्टेज (बीएस-1) उत्सर्जन मानदण्डों को सबसे पहले अप्रैल 2000 में लाया गया था।

स्वीकृति अनुसार जिस व्यक्ति के नाम से तत्समय "Certificate of Deposih धारित होगा उसी व्यक्ति के नाम पर नया वाहन क्रय किये जाने पर मोटर यान कर में छूट प्रदान की जाएगी। वाहन स्वामी दवारा नया वाहन खरीदने पर प्रोत्साहन और लाभ प्राप्त करने के लिए, "Certificate of Deposit एक आवश्यक और पर्याप्त दस्तावेज होगा, इस प्रमाण-पत्र की वैधता जारी होने की तिथि से 3 वर्ष होगी। सर्टिफ़िकेट ऑफ़ डिपॉज़िट इलेक्ट्रॉनिक रूप से विनिमय योग्य होगा। प्रत्येक नए मालिक को "Certificate of Deposit" का हस्तांतरण फॉर्म 2 डी के अनुसार ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। "Certificate of Deposit" का एक बार उपयोग हो जाने पर, उस क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय या डीलर दवारा उसे वाहन डेटाबेस में ÷रद्द÷ के रूप में चिह्नित कर दिया जाएगा, जिसके द्वारा उक्त प्रमाण-पत्र के धारक को लाभ प्रदान किया गया है।

मोटरयान कर में छूट तभी प्रदान की जाएगी, जब नया वाहन मध्यप्रदेश राज्य में पंजीकृत किसी आर.वी.एस.एफ द्वारा ही जारी "Cerificate of Deposit के विरुद्ध पंजीकृत किया जाये। यदि "Certificate of Deposit" मध्यप्रदेश राज्य के अलावा किसी अन्य राज्य में स्थित आर.वी.एस.एफ. दवारा जारी किया गया हो तो मोटरयान कर में छूट प्रदान नहीं की जाएगी।

जिस श्रेणी का वाहन स्क्रैप किया गया है उसी श्रेणी का नया वाहन क्रय करने पर मोटर यान कर में छूट प्रदान की जाएगी। जीवनकाल कर जमा किये जाने की स्थिति में गैर-परिवहन/परिवहन यानों पर 50त्न मोटरयान कर में एकमुश्त छूट प्रदान की जाएगी।

### मध्यप्रदेश नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश 2025 की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश की नगर पालिका परिषद नगर परिषदों के अध्यक्ष पद का निर्वाचन आगामी आम-निर्वाचन में प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं द्वारा कराये जाने के लिए मध्यप्रदेश नगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश 2025 लाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं द्वारा वर्ष 1999 से 2014 तक लगातार किया जाता रहा है। कोविड महामारी के आ जाने से वर्ष 2019 में निर्वाचन नहीं हो सके। इसके बाद वर्ष 2022 के नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद का निर्वाचन अप्रत्यक्ष प्रणाली से किया गया। वर्ष 2027 के नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं द्वारा किया जाना है। उपरोक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की संबंधित धाराओं में संशोधन के लिए मध्यप्रदेश नगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश 2025 लाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

## भारत ने 67 पाकिस्तानी कैदियों को रिहा किया

### अटारी-वाघा बॉर्डर से वतन लौटे



**अमृतसर।**

भारत ने 67 पाकिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया है। ये कैदी मंगलवार को अटारी-वाघा बॉर्डर से पाकिस्तानी अधिकारियों को सौंपे गए। रिहा किए गए कैदियों में 53 मछुआरे और 14 सिविल कैदी शामिल हैं, जो अलग-अलग जेलों में वर्षों तक अपने परिवारों से दूर रहकर सजा काट रहे थे। प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण माहल ने बताया कि रिहा किए गए कैदियों में गुजरात से 21, राजस्थान से 1, पोरबंदर से 39, हैदराबाद और लुधियाना से एक-एक तथा अमृतसर से 4 कैदी शामिल थे। इमिग्रेशन और कस्टम की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें पाकिस्तानी रेंजर्स को सौंप दिया गया। विदाई के दौरान कई कैदियों की आँखों में अपने घर लौटने की खुशी और वर्षों की पीड़ा साफ झलक रही थी।

## सुप्रीम कोर्ट में कर्नाटक सरकार बोली राष्ट्रपति और राज्यपाल सिर्फ नाममात्र के प्रमुख

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्टपति के संदर्भ पर आठवें दिन सुनवाई हुई, जिसमें यह पूछा गया था कि क्या अदालतें राज्य विधानसभाओं में पास बिलों पर विचार करने के लिए राज्यपालों और राष्टपति के लिए समय-सीमा निर्धारित कर सकता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने इस पर अपनी दलील दी और कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत, राष्टपति और राज्यपाल सिर्फ नाममात्र के प्रमुख हैं। दोनों, केंद्र और राज्यों में मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर काम करने के लिए बाध्य हैं। कर्नाटक सरकार की ओर से सीनियर एडवोकेट गोपाल सुब्रमण्यम ने चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5-जजों की बेंच को बताया कि विधानसभा में पारित बिलों पर कार्रवाई के लिए राज्यपाल की संतुष्टि ही मंत्रिपरिषद की संतुष्टि है। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5-जजों की संविधान पीठ राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के 14 सवालों की जांच कर रहा है। बेंच में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल हैं।

## 273 करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में ईडी की छापेमारी

### एरा हाउसिंग एंड डेवलपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के दिल्ली और भोपाल ठिकानों पर कार्रवाई

**भोपाल।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दिल्ली यूनिट ने मंगलवार को दिल्ली और भोपाल में 10 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई शुरू की है। यह कार्रवाई ईएचडीपीएल (एरा हाउसिंग एंड डेवलपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) के ठिकानों पर की जा रही है। ईडी की भोपाल यूनिट ने इस कार्रवाई की जानकारी से इनकार किया है। सीबीआई की एफआईआर के बाद इस मामले में ईडी ने जांच शुरू की थी और मंगलवार को 273 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी में दिल्ली और मध्य प्रदेश में 10 जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। ईडी ने दिल्ली में नौ और मध्य प्रदेश में भोपाल में एक जगह पर सर्च की है। छापेमारी की इस कार्रवाई में कंपनी से निकटता रखने वाली संस्थाएं और करीबी व्यक्तियों के कैंपस शामिल हैं।

ईडी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी के आधार पर एक प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की थी, जो बैंक द्वारा की गई शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी। ईएचडीएल कंपनी और उसके संचालकों, डायरेक्टर्स ने आईएफसीआई (भारतीय औद्योगिक वित्त निगम) से करीब 273 करोड़ रुपए का लोन लिया और उसका गबन कर दूसरे कामों में राशि इन्वेस्ट कर दी है। लोन की रकम का एक बड़ा हिस्सा ईएचडीएल की विभिन्न संबंधित संस्थाओं को ट्रांसफर किया गया, जो उसके किसी भी वास्तविक कारोबार में शामिल नहीं थीं।

## पीएम ने हिमाचल और पंजाब में बाढग्रस्त इलाकों का किया हवाई सर्वे

**पंजाब/हिमाचल।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल के बाद पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे किया। इसके बाद वह गुरदासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित किसानों, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम से बातचीत की। इसके बाद मंत्रियों और अधिकारियों से मीटिंग की। उन्होंने पंजाब को 1600 करोड़ रुपए देने का ऐलान किया। इससे पहले पीएमने हेलिकॉप्टर से कुल्लू, मंडी और चंबा में हुए नुकसान का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद कांगड़ा में आपदा को लेकर एक बैठक की, जिसमें अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्हें नुकसान की जानकारी दी। पीएम ने हिमाचल प्रदेश को 1500 करोड़ रूपए देने का ऐलान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल के बाद पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे किया। वह गुरदासपुर पहुंच गए हैं। यहां वह बाढ़ प्रभावित लोगों से मिले। इसके बाद समीक्षा मीटिंग हुई, जिसमें पंजाब के चीफ सक्रेटरी ने बाढ़ संबंधी रिपोर्ट पेश की। पंजाब की आप सरकार ने केंद्र से 80 हजार करोड़ रुपए की मांग की है।

# सेना प्रमुख जनरल ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में कहा सेना के लिए आत्मनिर्भर भारत जरूरी

**नई दिल्ली।**

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में कहा कि सेना के लिए भी आत्मनिर्भर भारत जरूरी है। पहले संघर्ष के समय जहां 100 किमी की रेंज वाले हथियारों की जरूरत थी, आज वहां 300 किमी की रेंज वाले हथियार चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमारे विरोधियों की तकनीक आगे बढ़ रही है। हम विदेशी हथियारों पर हमेशा निर्भर नहीं रह सकते। अपनी क्षमता पर भरोसा और लगातार मजबूत होना ही हमें भविष्य के युद्धों के लिए तैयार कर सकता है।

सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि कुछ लोगों ने कहा कि ये तो चार दिन का टेस्ट मैच था। लेकिन आप युद्ध के बारे में पहले से कुछ नहीं कह सकते। हमें कोई अंदाजा नहीं था ऑपरेशन कितने दिन चलेगा। युद्ध हमेशा अनिश्चित होता है। जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि ये इतना लंबा चलेगा। ईरान-इराक युद्ध लगभग 10 साल चला।

### नई तकनीक और भविष्य की तैयारी जारी है



सेना प्रमुख ने आने वाले समय में नई तकनीक वाले हथियारों को सेना में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा- भारत हथियारों के मामले में राइफल से लेजर हथियारों तक जाना चाहता है। हम ऐसे टैंक सेना में शामिल कर रहे हैं जो बिना किसी व्यक्ति के संचालित हो सकें। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- सेना के लिए नए हेलिकॉप्टरों की खरीद पर भी बात चल रही है। मैं कुछ दिन पहले ही इस सिलसिले में विदेश गया था। हम सैनिकों की जिंदगी बेहतर करने पर जोर दे रहे हैं।

**खास** — 22 से सस्ते मिलेंगे बिस्किट-टूथपेस्ट जैसे प्रोडक्ट्स

# जीएसटी 2.0 का असर: सरकार ने कंपनियों को पुराने स्टॉक की एमआरपी बदलने की दी इजाजत

**नई दिल्ली।**

22 सितंबर से लागू हो रहीं नई जीएसटी दरों से पहले सरकार ने कंपनियों को अपने पुराने बचे हुए माल की मैक्सिमम रिटेल प्राइज बदलने की इजाजत दे दी है। मैन्युफैक्चरर्स, पैकर्स और इम्पोर्टर्स अब पुराने स्टॉक पर नई कीमतें स्टैंप, स्टिकर या ऑनलाइन प्रिंटिंग से डाल सकेंगे। भारत के कंज्यूमर अफेयर डिपार्टमेंट ने मंगलवार को आदेश जारी कर कहा कि ये अनुमति 31 दिसंबर 2025 तक या पुराना स्टॉक खत्म होने तक लागू रहेगी। नई कीमतों के साथ कंपनियों को पुराना एमआरपी दिखना जरूरी होगा। 3 सितंबर को जीएसटी काउंसिल ने कई सामानों पर टैक्स रेट्स घटाने का ऐलान किया था, जिससे कंपनियों को कीमतें कम करने का मौका मिला है। लेकिन पुराने स्टॉक पर प्रिंटेड एमआरपी को बदलना कंपनियों के सामने चुनौती थी। अब सरकार के इस समस्या का हल निकालने के बाद ग्राहकों को 22 सितंबर से ही चॉकलेट, बिस्किट, कॉफी, शैंपू और टूथपेस्ट जैसे सामान कम कीमत पर मिल सकते हैं।



### जीएसटी में अब केवल दो स्लैब

अब जीएसटी के 4 की जगह केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितंबर को इसकी जानकारी दी। वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। वहीं इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स पर अब 28 प्रतिशत की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

# प्री-वेडिंग शूटिंग शादी से पहले अश्लीलतापूर्ण नग्नता की प्रस्तुति का कोरा मंच सर्वसाधारण के मध्य गंदगी भरी नौटंकी

संवाददाता - लक्की गुप्ता न्यायधानी बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

## समाज में गंदगी का नया पाखंड आने वाले समय में शायद ही समाज कहलाये सभ्य

प्री-वेडिंग शूटिंग सभ्य समाज में गंदगी सहित नग्नतापूर्ण अश्लीलता फैलाने के साथ-साथ फूहड़ता भी है। प्री-वेडिंग शूटिंग समाज को नकारात्मक संदेश देने के साथ अश्लीलता और नग्नता भी परोस रही है। बदलते समय के साथ लोग आजकल सोशल मीडिया और खासकर एक दूसरे का देखा-सीखा तौर-तरीका अपना रहे हैं और इसी कड़ी के चलते लोग अपनी मर्यादा, सभ्यता, शालीनता, संस्कृति के साथ अपनी इज्जत को भी भूलते जा रहे हैं। विवाह बंधन एक पवित्र रिश्ता और सौम्यता का प्रतीक है, जो सर्वसाधारण के मध्य एक साक्ष्य होने के साथ-साथ आदर्शों का प्रतीक रहा है। परंतु इन दिनों कुछ ऐसी कुरीतियों ने जन्म लिया है, जिसे आज की पीढ़ी बड़े ही शौक से अपनी सभ्यता मान बैठी है। जी हां! हम बात कर रहे हैं वर्तमान समय में चल रही प्री-वेडिंग शूटिंग की। जाने यह कैसी रीति है? न तो पहले कभी थी, न किसी सभ्यता का हिस्सा रही पर आज सरे आम सर्वसाधारण के मध्य बड़ी ही नग्नता और बेशर्मी के साथ इसने अपने पाँव जमा लिए हैं। लोग यह भूल रहे हैं कि वे किस धर्म और संस्कृति से हैं? उनकी मर्यादाएं क्या हैं? सभ्यता शालीनता प्रथम कुंजी है और शालीनता बेमोल मिलती है जिससे सब कुछ खरीदा जा सकता है। पर आज वही शालीनता को लोग भूलकर खुले आम अपनी नग्नता पूर्ण अय्याशी का कोर प्रदर्शन कर बेहद खुश होते हैं। जाने उनके ऐसा प्रदर्शन करने से समाज को क्या संदेश मिलेगा? क्या मार्गदर्शन मिलेगा? यह बहुत ही गंभीर समस्या होने के साथ चिंता का विषय है, जिसमें लोगों की शिक्षा, सामाजिक सभ्यता, सौम्यता, शालीनता, संस्कृति आदि पर लोग आजकल इसकी चिंता नहीं कर रहे यह कहकर कि यह तो आजकल का फैशन है, चलन है, यह तो सभी करते हैं। पर ऐसा नहीं है। हर व्यक्ति को अपनी सादगी और संस्कारों का ध्यान रखना चाहिए। यह सब तो विदेशी असभ्यता का प्रतीक है। पाश्चात्य संस्कृति भला सनातन धर्म में कैसे और क्यों? क्या लोगों की मानसिकता इतनी घृणित हो गई है और होती जा रही है कि वे अपना भला-बुरा भी ठीक से नहीं समझ सकते? आखिर किस दिशा में चल पड़ा है हमारा सभ्य समाज? असभ्यता की दिशा में जाकर धर्म और संस्कृति के साथ-साथ संस्कार विमुख होने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहा न ही लोग। यह आने वाले समय और आने वाली पीढ़ी को क्या संदेश देगा, यह तो वर्तमान समय में बनी हुई स्थिति को देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है। यदि समाज को बिखरने से और सभ्यताओं की कड़ी सदा बनी रहे तो इसके लिए हम सभी को अपने विवेक से काम लेना होगा। आज विवाह के मंडप में तरह-तरह के हुड़दंगों का प्रदर्शन और केक काटने जैसी गंदगी का चलन जोरों-शोरों पर है। भला कोई शादी से पूर्व इतनी नग्नता कैसे कर सकता है वह भी सर्वसाधारण के मध्य? यह अत्यंत विचारणीय बात है। समय रहते संस्कृति को बचाया जा सकता है परंतु यदि समय चला जाए तो इसे वापस नहीं लाया जा सकता। आने वाली पीढ़ी को अच्छी शिक्षा और सभ्यता-संस्कृति व संस्कारों का पूर्ण रूप से समावेश करना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा आज जो स्थिति बनी हुई है, कल उससे भी भयावह स्थिति हो सकती है। ध्यान दें, स्वदेश में रहकर पाश्चात्य देशों की असभ्यता को न अपनाएं, बल्कि स्वदेश में रहते हुए सनातनी सभ्यता को अपनाने में गर्व करें। प्री-वेडिंग शूटिंग जैसी अश्लीलता को कई सभ्य समाजों ने प्रतिबंधित किया है, जैसे देवांगन समाज, सदैव समाज, साहू समाज, जो सभ्यता और संस्कृति को जानते तथा समझते हैं। आइए हम सभी मिलकर इनका अनुकरण करें और अपनी संस्कृति, सभ्यता को बचाने के साथ एक सभ्य, स्वच्छ तथा शिक्षित समाज के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

प्री-वेडिंग शूटिंग



विवाह पूर्व सेक्स की शूटिंग

# लखीमपुर बस स्टेशन अब होगा लखीमपुर डिपो



रिपोर्ट योगेश कुमार गुप्ता

अब उधार की बसों से मिलेगा छुटकारा लखीमपुर को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की अपनी बसें प्राप्त हुई हैं नया रोडवेज बस डिपो बनने की दिशा में यह पहला और महत्वपूर्ण कदम है साथ ही रोडवेज कार्यशाला का भी सामान लखीमपुर पहुंच चुका है लखीमपुर को प्राप्त हुई बारह परिवहन निगम की अपनी बसें अभी तक अनुबंधित बसों के सहारे संचालित हो रहा था लखीमपुर का बस अड्डा अब लखीमपुर डिपो के नाम से लखीमपुर की बसें संचालित की जाएंगी सदर विधायक इस महत्वपूर्ण कार्य का शुभारंभ कर रहे हैं नया रोडवेज बस स्टेशन गोला मार्ग पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पास प्रस्तावित है निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है

## प्रमुख संक्षिप्त

### अधिवक्ता परिषद इकाई सीहोर द्वारा अधिवक्ता परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया!



रिपोर्टर संतोष कुमार धनगर!! खातेगांव। मंगलवार को अधिवक्तागण द्वारा अधिवक्ता परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर व्याख्यानमाला का आयोजन कर अधिवक्तागणों ने अपने-अपने विचार भी व्यक्त किए। अधिवक्ता परिषद इकाई सीहोर द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया गया। अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष बी. एस. बगोरिया ने बताया कि अधिवक्ता परिषद की स्थापना गरीब लोगों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से की गई है। जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, उनके प्रकरणों को अधिवक्ता परिषद के माध्यम से निशुल्क लड़ा जाता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जन जागरूकता के माध्यम से नि:शुल्क न्याय दिलाने की जानकारी भी दी जाती है। इस मौके पर अधिवक्ता परिषद के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिनमें जिला अध्यक्ष बी. एस. बगोरिया, उपाध्यक्ष श्री हनुमंत मेवाड़ा, प्रांतीय सदस्य श्रीमती बरखा वर्मा, जिला महामंत्री श्री जितेंद्र ठाकुर, जिला महिला प्रमुख विवाह राठौर, सह जिला प्रमुख श्रीमती विमल ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष भारती मीना, मीडिया प्रभारी ऋषभ दांगी, सचिव बलबीर सिंह खींची, महिला मंत्री सीमा मीणा एवं अन्य सदस्य राहुल बगोरिया, मधुसूदन धनगर, राजकुमार धनगर, श्रीमती सीमा तिवारी, पलक भदोरिया, नीरज धनगर, अश्विन बगोरिया, प्रदीप वर्मा आदि शामिल रहे।

### ए एस आई निनामा का मिला शव कांस्टेबल आरती पाल अभी भी लापता



रिपोर्टर आरती शर्मा
उज्जैन। उज्जैन में हुए कार हादसे में अब तक तीन पुलिस कर्मियों की मृत्यु हो चुकी है, जिनमें से दो के शव बरामद हो चुके हैं। मृतकों की पहचान निम्नलिखित है -

टीआई अशोक शर्मा –उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा का शव रविवार सुबह शिप्रा नदी से बरामद हुआ था। वे एक लापता व्यक्ति के मामले की जांच के लिए उज्जैन आए थे। ए एस आई मदनलाल निनामा– सब इंस्पेक्टर मदनलाल निनामा का शव 40 घंटे बाद शिप्रा नदी में भैरवगढ़ पुल के नीचे मिला। वह भी इस हादसे में लापता हो गए थे। कांस्टेबल आरती पाल–महिला कांस्टेबल आरती पाल अभी भी लापता हैं। वे वाहन चला रही थीं जब यह दुर्घटना घटी। उनकी तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर पथरिया में हुआ सम्मान समारोह




रिपोर्टर बालकिशुन पटेल

पथरिया- अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर पथरिया में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले ÷अक्षर साथियों÷ को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

समारोह में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि श्री खरगराम पटेल, स्थायी शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद सदस्य और शहरी पार्षद मौजूद थे। शिक्षा विभाग की ओर से पूर्व बीआरसी श्री अवधेश बड़गैया, वर्तमान बीआरसी श्री जिनेंद्र कुमार जैन, सभी जनशिक्षक और संकुल सह-समन्वयक उपस्थित थे।

इस अवसर पर पथरिया विकास खंड के सभी अक्षर साथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। उनके समर्पण और कड़ी मेहनत को सराहते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम का सफल संचालन विकास खंड सह-समन्वयक श्री द्वारका करकरे ने किया। इस समारोह ने शिक्षा के महत्व और समाज में साक्षरता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया।

## आर टी ओ चालान भुगतान को लेकर परिवहन विभाग की सख्ती केवल सरकारी वेबसाइट का करें उपयोग, फर्जी लिंक से रहें सावधान

रिपोर्टर जे के मिश्र बिलासपुर।

छत्तीसगढ़ में आरटीओ ई-चालान से जुड़ी ठगी की घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं, जिसमें आम नागरिकों को फर्जी लिंक और मैसेज के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है। इस संदर्भ में परिवहन विभाग ने एक महत्वपूर्ण अपील जारी करते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग ने कहा है कि चालान का भुगतान केवल सरकारी पोर्टल से ही करें, किसी भी अनधिकृत लिंक, संदिग्ध मैसेज या ऐप पर क्लिक करने से बचें।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वास्तविक चालान की जानकारी या भुगतान के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट



https://echallan.parivahan.gov.in का उपयोग करें। इस पोर्टल के e-Challan पृष्ठ पर जाकर Pay Online विकल्प चुनें, चालान संख्या और कैप्चा कोड भरें तथा मोबाइल पर प्राप्त ह्ज्ञक्क के माध्यम से चालान विवरण प्राप्त करें।

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जब भी कोई चालान जारी किया जाता है, तो उसका एसएमएस अथवा सूचना केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ही भेजी जाती है। इसके अतिरिक्त कोई अन्य मैसेज, कॉल या लिंक विभाग की ओर से नहीं भेजा जाता।

नागरिकों से अपील की गई है कि कोई भी संदिग्ध लिंक, एपीके फाइल, अज्ञात ऐप या नंबर से प्राप्त कॉल या मैसेज पर प्रतिक्रिया न दें। ऐसी स्थिति में तत्काल नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

सारांश यह है कि आरटीओ चालान के नाम पर हो रही ठगी से बचने का सबसे सुरक्षित तरीका है - केवल और केवल सरकारी वेबसाइट का उपयोग करें और सतर्क रहें।

## अजाक्स सहकारी संस्था मर्यादित शाजापुर की 24वीं साधारण सभा की बैठक संपन्न

रिपोर्टर शाजापुर।

अजाक्स सहकारी संस्था मर्यादित शाजापुर की साधारण सभा की बैठक में सर्वप्रथम डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। आज दिनांक 07 सितंबर 2025, रविवार, समय 11ः30 बजे संस्था अध्यक्ष श्रीमती कांति सिसोदिया की अध्यक्षता में सात्विक रेस्टोरेंट सनकोटा में यह बैठक आयोजित की गई। बैठक का एजेंडा निम्नानुसार था- 1. वर्ष 2025-26 के वास्तविक आय व्यय का अनुमोदन किया गया। 2. विगत साधारण सभा की बैठक के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। 3. संस्था के सदस्यों को 15त्न लाभांश देने का अनुमोदन



किया गया। 4. वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट अनुमान का अनुमोदन किया गया। 5. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से संस्था में नए सदस्यों को जोड़ने का प्रस्ताव पारित किया गया। 6. संस्था के लाभांश से सभी सदस्यों ने सहभोज किया तथा सभी साथियों को गिफ्ट प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्था सदस्य टी आर सिसोदिया, बी एल गुवाटिया, रामचंद्र चौहान, कन्हैया लाल राठौर, श्रीमती इमरती अटारिया, कमल किशोर कटारिया, प्रहलादसिंह मालवीय, मुकामसिंह टैगोर, हरिनारायण मगोरिया, आलोक माथुर, रामचंद्र मेवाडा, रमेशचंद्र सौराष्ट्रीय, रामलाल मालवीय, एरेनियूसमिज, श्रीमती कृष्णा नारोलिया, बाबूलाल सिंदल, रायसिंह मालवीय, गोवर्धनलाल सौराष्ट्रीय आदि सदस्य उपस्थित थे।

## तारापुर विधानसभा (मुंगेर) की शान बहू प्रियंका चौहान विधायक प्रत्याशी निर्दलीय

रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह। (अनुज) मुंगेर

तारापुर/मुंगेर। सिर्फ़ 25 वर्ष की आयु में प्रियंका चौहान ने जो कर दिखाया है, वह किसी मिसाल से कम नहीं। 16 वर्ष की उम्र से ही गाँव के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने वाली यह बहू आज पूरे क्षेत्र की शान बन चुकी है।

प्रियंका चौहान केवल एक नाम नहीं, बल्कि नारी शक्ति और युवाओं की उम्मीद बन चुकी हैं। उन्होंने अपने स्वयंसेवी




संगठन ब्रैट्स भारत फाउंडेशन और अपनी स्थापित संस्था मिलिट्री ब्रैट डिफेन्स अकादमी के माध्यम से अब तक 200 से अधिक बेटियों को भारतीय सेना में चयनित करवाकर देश की सेवा का मार्ग प्रशस्त किया है।

वर्तमान में प्रियंका चौहान मनोविज्ञान विषय में पीएचडी कर रही हैं। उनका कहना है ङ्क ÷यदि मैं पूरे देश की बेटियों के लिए कुछ कर सकती हूँ, तो अपने क्षेत्र तारापुर के लिए क्यों नहीं? बदलाव की शुरुआत यहीं से होगी। प्रियंका चौहान की सफलता में उनके परिवार का भी अहम योगदान है। विशेषकर उनके पति, जो भारतीय वायु सेना में सेवाएँ दे रहे हैं, हर कदम पर उनके साथ मज़बूत स्तंभ की तरह खड़े हैं। पति-पत्नी दोनों ही राष्ट्रसेवा और समाजसेवा को अपना कर्तव्य मानते हैं। यही कारण है कि जनता उन्हें एक प्रेरणादायक जोड़ी के रूप में देखती है। तारापुर, संग्रामपुर और आसपास के गाँवों के लोग प्रियंका चौहान को विधायिका प्रत्याशी के रूप में खुलकर समर्थन दे रहे हैं। जनता का कहना है कि वे किसी राजनीतिक परिवार से नहीं, बल्कि सैन्य और शैक्षिक पृष्ठभूमि से आती हैं। यही कारण है कि उनकी छवि जनता की सच्ची और निस्वार्थ सेवक के रूप में उभर रही है।

गाँव की गलियों से लेकर शहर की चौपाल तक एक ही आवाज़ गूँज रही है -जय प्रियंका, विजय प्रियंका तारापुर की शान- बहू प्रियंका चौहान

इस बार चुनावी रणभूमि में प्रियंका चौहान को सबसे मज़बूत उम्मीदवार माना जा रहा है। महिलाएँ, युवा और बुज़ुर्ग - सब एक स्वर में कह रहे हैं अबकी बार जनता की सरकार - प्रियंका चौहान हमारे दरबार!

## विशाल ईनामी दंगल का आयोजन पिपरिया मानसिंह मे सम्पन्न

रिपोर्टर हर्षित चौरसिया

चौरई-- ग्राम पिपरिया मानसिंह के दंगल में पहलवानों ने दमखम का परिचय दिया। चौरई के ग्राम पिपरिया मानसिंह में भादो माह की पूर्णिमा अर्थात 7 सितंबर को विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट व इंदौर जिलों से पहलवान आए और अपनी कुश्ती प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



मध्य प्रदेश के अलावा औरंगाबाद व पंजाब से भी पहलवानों ने भाग लिया, जिससे कुश्ती और भी रोमांचक बन गई। स्थानीय पहलवानों ने बाहर से आए मेहमान पहलवानों को कड़ी टक्कर दी। कुश्ती के चार राउंड आयोजित किए गए, जिनमें 200, 500, 1100 से लेकर 5000 रुपये तक की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई।

अंतिम राउंड में पंजाब से आए सौरभ पहलवान और औरंगाबाद से आए अमर पहलवान की कुश्ती ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रारंभिक 2 मिनट की कुश्ती बेनतीजा रहने के बाद अतिरिक्त 5 मिनट का समय निर्धारित किया गया, जिसमें पंजाब के सौरभ पहलवान ने जीत हासिल की और 'शेर ए दंगल' का खिताब प्राप्त किया। इन पुरस्कारों के अतिरिक्त आसपास के ग्रामों से आए वरिष्ठ नागरिकों द्वारा खड़ी कुश्ती करने पर हजारों रुपए का नगद पुरस्कार भी वितरित किया गया। एक छोटे से ग्राम में इतना विशाल दंगल का आयोजन लोगों के लिए चर्चा का विषय बन गया।

इस कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस विभाग में सहायक निरीक्षक के पद पर कार्यरत पूर्व पहलवान एवं कबड्डी खिलाड़ी स्वर्गीय गुरु प्रसाद शर्मा द्वारा की गई थी। उनके स्मरण में समस्त ग्रामीण इस दंगल का आयोजन करते हैं। सभी कुश्तियां एक से बढ़कर एक रही। आयुष पहलवान पिपरिया, रामफल तुलप, शिवशंकर सिवनी, करण हथनी, देवा सिवनी, प्रदीप बींझावाड़ा, शिवांशु बींझावाड़ा, अनिल सिवनी, कमलजीत इंदौर, समीर छतरपुर, अमर औरंगाबाद और सौरभ पंजाब ने अपने दमखम, दांव पेंच और ताकत का परिचय देते हुए मुकाबले में भाग लिया। यह आयोजन रात्रि 8ः30 बजे तक चलता रहा। कुश्ती में मुख्य रेफरी बालकराम पंचेश्वर, सहायक रेफरी के रूप में अजीत मंसूरी, राहुल शर्मा एवं विनय शर्मा उपस्थित रहे। दंगल में चिकित्सा सुविधा के लिए गाँव के ही रहने वाले सर्जन डॉ. चंद्र शेखर दुबे का सहयोग प्राप्त हुआ। शासकीय महाविद्यालय चौरई में वनस्पति शास्त्र विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ. विकास शर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय गुरु प्रसाद शर्मा की स्मृति में 'शेर ए दंगल' की शील्ड अंतिम राउंड के विजेता सौरभ पहलवान को प्रदान की। समिति के सदस्य आनंद शर्मा, संतराम शर्मा, राजू साहू, विशाल शर्मा, विमल साहू तथा समस्त ग्रामवासियों ने विजयी पहलवानों को बधाई दी एवं अन्य पहलवानों को आगामी वर्ष और अधिक तैयारी के साथ भाग लेने का आमंत्रण दिया।

## उधमपुर पुलिस ने नशीली दवाओं के तस्कर को गिरफ्तार कर 1200 नशीली गोलियां बरामद कीं

रिपोर्ट बंसी लाल सोहिल

उधमपुर पुलिस ने समाज में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और इसके खतरों के खिलाफ अपना अथक अभियान जारी रखा है। गोल मेला उधमपुर में नियमित यातायात जांच के



दौरान एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस स्टेशन उधमपुर की एक टीम ने शहर से राउंड-डोमेल की ओर आ रहे एक ई-रिक्शा (JK14L3690) को रोका। तलाशी लेने पर एक व्यक्ति की पहचान राहुल शर्मा पुत्र मोहन लाल निवासी जगवाल मजालता ए/पी सतानी उधमपुर के रूप में हुई, जिसके पास ट्रामाडोल की 20 स्ट्रिप्स (प्रत्येक में 10 गोलियां) और प्रीगैबलेन की 100 स्ट्रिप्स (प्रत्येक में 10 गोलियां) पाई गईं। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और प्रतिबंधित सामान भी जब्त कर लिया गया। इस संबंध में पुलिस स्टेशन उधमपुर में एफआईआर संख्या 322/2025 यू/एस 8/21/22 एनडीपीएस अधिनियम के तहत पंजीकृत की गई है तथा जांच प्रारंभ कर दी गई है।

## धर्मेन्द्र जाट धार जिला महामंत्री मनोनीत

रिपोर्टर राहुल मालवीय धार।

अखिल भारतीय जाट समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री रामविलास पटेल जी की अनुशंसा एवं जिलाध्यक्ष श्री देवकरण जाट के आदेशानुसार सुलावड़ निवासी धर्मेन्द्र जाट को धार जिले का जिला महामंत्री पद सौंपा गया है। इस महत्वपूर्ण मनोनयन के पीछे समाज संगठन को सशक्त बनाने, युवाओं को संगठित करने और समाज कल्याण के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करने की दृष्टि स्पष्ट रूप से देखी जा रही है। धर्मेन्द्र जाट समाज सेवा में सदैव सक्रिय रहते आए हैं और समाज के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।



धर्मेन्द्र जाट का यह मनोनयन एक नए उत्साह और ऊर्जा का संचार कर रहा है। समाजजनों, वरिष्ठजनों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी का मानना है कि धर्मेन्द्र जाट के नेतृत्व में समाज संगठन न केवल मजबूती प्राप्त करेगा, बल्कि इसके उद्देश्य एवं कार्यक्रमों को भी और अधिक व्यापकता एवं प्रभावशीलता से संचालित किया जाएगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि धर्मेन्द्र जाट की कार्यकुशलता, दूरदर्शिता और समाज के प्रति निष्ठा के कारण वे अपने नए पद पर प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उनके नेतृत्व में धार जिले में जाट समाज की गतिविधियां और भी व्यवस्थित रूप से संचालित होंगी। इसके अलावा, युवाओं को आगे बढ़ाने, शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग देने तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए भी विशेष कदम उठाए जाएंगे।

धर्मेन्द्र जाट ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी मिलने पर अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया और वचन दिया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। उनका यह भी कहना था कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना उनका प्रमुख उद्देश्य रहेगा ताकि समाज का हर व्यक्ति सशक्त, शिक्षित और स्वावलंबी बन सके।

समाज के वरिष्ठ सदस्य, जनप्रतिनिधि और विभिन्न संगठन प्रतिनिधियों ने धर्मेन्द्र जाट के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। इस मनोनयन को समाज में एक नए विश्वास और उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है, जो आने वाले समय में जाट समाज को नए आयाम प्रदान करेगा।

**खास** पूजा लोनी ने पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में दर्ज कराई लिखित शिकायत, बलात्कार, धमकी और राजीनामा कराने के दबाव के आरोप से गांव में मचा हड़कंप

# ग्रामपंचायत गूंडा के सरपंच भाजपा नेता संकेत लोनी और पुत्र निलेश लोनी पर गंभीर आरोप, महिला ने लगाई न्याय की गुहार

रिपोर्टर नीरज तिवारी धार।

ग्रामपंचायत गूंडा में राजनीति और सत्ता के दबदबे से जुड़ा मामला अब गहराता जा रहा है। ग्राम की महिला पूजा लोनी ने पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में सरपंच एवं भाजपा नेता संकेत लोनी तथा उसके पुत्र निलेश लोनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक विस्तृत लिखित शिकायत दर्ज कराई है। यह मामला सामने आते ही न केवल गूंडा गांव बल्कि आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

पूजा लोनी ने अपनी शिकायत में बताया कि वह ग्राम गूंडा निवासी है और कक्षा आठवीं तक शिक्षित है। उसका आरोप है कि भाजपा नेता एवं सरपंच संकेत लोनी का पुत्र निलेश लोनी पिछले लगभग दो वर्षों से उसे बहलाकर और शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा। पूजा लोनी के अनुसार इस दौरान वह गर्भवती हो गई और जब उसने निलेश लोनी से विवाह करने की बात कही तो उसने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। यह घटना पूजा लोनी के लिए गहरा आघात साबित हुई,




जिसके बाद उसने साहस जुटाकर पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में मामला दर्ज कराया। यह प्रकरण इस समय न्यायालय में विचाराधीन है।पूजा लोनी का कहना है कि भाजपा नेता एवं सरपंच संकेत लोनी का पुत्र निलेश लोनी से उसकी एक बच्ची भी है। परंतु न्याय की राह चुनने के बाद से ही उस पर और उसके पिता विजय लोनी पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। पूजा लोनी का आरोप है कि भाजपा नेता संकेत लोनी और उसका पुत्र निलेश लोनी लगातार उनसे राजीनामा करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। जब उन्होंने राजीनामा करने से मना कर दिया तो भाजपा नेता एवं सरपंच संकेत लोनी और उसके पुत्र निलेश लोनी ने धमकी दी कि उन्हें गूंडा गांव में रहने नहीं दिया जाएगा और जान से मार दिया जाएगा। पूजा लोनी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में विस्तार से बताया कि भाजपा नेता एवं सरपंच संकेत लोनी और उसका पुत्र निलेश लोनी खुलेआम धमकाते हैं कि यदि राजीनामा नहीं किया तो उसे, उसकी बच्ची और उसके पिता को जिंदा जमीन में गाड़ दिया जाएगा। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि भाजपा नेता एवं सरपंच संकेत लोनी अकसर यह कहकर दबाव बनाता है कि वह भाजपा का नेता है और ग्राम पंचायत का सरपंच है, इसलिए उसका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता और वह जहां चाहे शिकायत कर ले।

इस पूरे मामले को लेकर पूजा लोनी ने सवाल उठाया है कि क्या भाजपा सरकार ने अपने नेताओं और सरपंचों को गुंडागर्दी करने का लाइसेंस दे दिया है? उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष से इस पूरे मामले पर तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच एवं सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इसी बीच पूजा के पिता विजय लोनी ने भी पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनके परिवार के किसी भी सदस्य के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या दुर्घटना घटती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा नेता एवं सरपंच संकेत लोनी और उसके पुत्र निलेश लोनी की होगी।

पूजा लोनी ने मांग की है कि भाजपा नेता एवं सरपंच संकेत लोनी और उसके पुत्र निलेश लोनी पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। साथ ही न्यायालय से उनकी जमानत निरस्त कराई जाए ताकि उसे और उसके परिवार को न्याय मिल सके और गूंडा गांव में दबंगई का अंत हो।

यह मामला गांव के माहौल को पूरी तरह गर्मा दिया है। एक ओर सरपंच एवं भाजपा नेता संकेत लोनी तथा उसके पुत्र निलेश लोनी पर गंभीर आरोप हैं, वहीं दूसरी ओर पीड़िता पूजा लोनी खुलेआम न्याय की गुहार लगा रही है। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में कितनी तत्परता और निष्पक्षता दिखाता है और भाजपा संगठन स्तर पर इस गंभीर प्रकरण को लेकर कौन सा कदम उठाता है।

# 17 को बदनावर के भैंसोला आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी- पीएम मित्रा टेक्सटाइल पार्क का करेंगे भूमिपूजन

**संवाददाता निलेश मालवीय बदनावर**

बदनावर पश्चिम क्षेत्र के गांव भैंसोला में विकसित हो रहे पीएम मेगा मित्र टैक्सटाइल्स पार्क के भूमिपूजन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर के संभावित दौरे की तैयारियां एक बार फिर शुरू हो गई है। उनके दौरे को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गई। आज भी इंदौर आईजी अनुराग, कलेक्टर प्रियंक मिश्र, डीआईजी मिनिष अग्रवाल व एसपी मनोज कुमार सिंह भेंसोला पहुंचे। यहां उन्होंने व्यवस्थाओ व तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने यहां हेलीपैड, पार्किंग, सभास्थल की जगह को देखा व आवश्यक निर्देश दिए। प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आदि भी शामिल होंगे। इस बड़े आयोजन में पीएम यहां निवेश करने वाली कंपनियों को भूमि हस्तांतरण के पत्र सौंपकर फैक्ट्री निर्माण का भुमिपूजन करेंगे। इस पार्क की सौगात तत्कालीन पूर्व उद्योग मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव के अथक प्रयासों से



बदनावर को मिली थी।

### 2,158 एकड़ भूमि में विकसित किया जा रहा पार्क

यह पार्क 2,158 एकड़ भूमि में विकसित किया जा रहा है। यहां निर्मित कपड़ा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएगा। यह क्षेत्र और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पार्क में आंतरिक विकास का काम चल रहा है। टेक्सटाइल्स पार्क में कपड़े की तैयारी से लेकर मार्केटिंग, डिजाइनिंग और एक्सपोर्ट सभी कार्य एक ही जगह पर होंगे। यह पार्क %फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फॉरेन% विजन के अनुरूप कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देगा। इससे एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इस पार्क को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। यहां कताई, बुनाई, प्रसंस्करण, रंगाई और छपाई से लेकर परिधान निर्माण तक एक एकीकृत कपड़ा मूल्य श्रृंखला स्थापित की जाएगी। देश-दुनिया की कई कंपनियों ने रुचि दिखाई है। इनमें 100 से 300 एकड़ जमीन लेने वाली कंपनियां भी शामिल हैं। इस परियोजना में अब तक 20 हजार करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव आ चुका है।

### पहले चरण में 750 करोड़ हो रहे खर्च

पहले चरण में आंतरिक काम के लिए 750 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। पार्क तैयार होने से पहले ही देश-दुनिया की प्रसिद्ध कंपनियों ने प्लॉट बुक करा लिए हैं। पार्क में 626.45 हेक्टेयर में कुल 320 प्लॉट निकाले गए हैं।इनमें 512.36 हेक्टेयर में 111 बड़े औद्योगिक प्लॉट होंगे। ये 100 से 300 एकड़ तक के हैं। 14.63 हेक्टेयर में माइक्रो, लघु व मध्यम उद्योगों के लिए 104 प्लॉट हैं। लॉजिस्टिक के लिए 30.70 हेक्टेयर में 11 प्लॉट होंगे। इसके अलावा प्लग एंड प्ले यूनिट के लिए 27.38 हेक्टेयर में 81 यूनिट के लिए स्पेस, 7.77 हेक्टेयर में 6 कमर्शियल प्लॉट, 33.59 हेक्टेयर में 7 रेसिडेंशियल प्लॉट हैं।

### 100 करोड़ से अधिक निवेश करेगी यह कंपनियां

वर्धमान इंडस्ट्री लुधियाना, अरविंद मिल्स गुजरात, आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड (भीलवाड़ा समूह) भीलवाड़ा, पाशा पॉलीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड, ओस्तवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, भीलवाड़ा, बेस्ट कॉर्पोरेशन तिरुपुर, नाहर स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड, केयरफिट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, नाहर इंडस्ट्रियल एंटरप्राइजेज लिमिटेड, ग्रेस वेंचर्स (इंडोरमा), मराल, ओवरसीज लिमिटेड, निमरानी, एनजेड टेक टेक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड भिवंडी महाराष्ट्र, बायो स्पिनिंग प्राइवेट लिमिटेड, मिलेनियम बेबीकेयर्स प्राइवेट लिमिटेड, मोहिनी हेल्थ ग्रुप इंदौर, आयुष स्पिनटेक्स प्राइवेट लिमिटेड व बेनडीज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी शामिल है।

### 12508 करोड़ के ओर मिले प्रस्ताव,

इसके अलावा हाल ही में में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में नई दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज के इंटेक्टिव सेशन में 12 हजार 508 करोड के निवेश प्रस्ताव ओर मिले। जिनमे ट्राइडेंट 4500, एबी कॉटस्पिन इंडस्ट्री 1300, अरविंद मिल्स 1024, सनातन टेक्सटाइल्स 1000, बीएसएल सदस्य 1000, बेस्ट कॉर्पोरेशन तिरूपुर 832, शमार्जी यार्न प्रालि. 800, आरएसवीएम 700, आरआर जैन इंडस्ट्रीज 550, फेबयान टेक्सटाइल प्रालि. 308, वंश टेक्नोफैब प्रालि. 237 व मोहिनी एक्टिव लाइफ कंपनी ने 141 करोड़ का निवेश प्रस्ताव दिया है। मोदी यहां सेवा पखवाड़ा एवं %स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान% का शुभारंभ भी करेंगे।

## दशहरे के बाद भोपाल में होगी कलेक्टर-कमिश्नर की कांफ्रेंस

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दशहरे के बाद प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी, आईजी और कमिश्नरों के साथ एक कॉन्फ्रेंस करेंगे। मोहन सरकार में यह पहली कलेक्टर-कमिश्नर, एसपी-आईजी कॉन्फ्रेंस होगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन के कार्यकाल के विस्तार के बाद होने वाली इस कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में विजय 2047 डॉक्यूमेंट के साथ आगामी तीन सालों की कार्ययोजना पर सरकार का फोकस रहेगा। अधिकारियों को तीन सालों की प्राथमिकता वाले कार्यों और परियोजनाओं की जानकारी देकर उन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। पहले यह कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस इसी महीने 19 और 20 सितंबर को प्रस्तावित थी।

## प्रमुख संक्षिप्त

### भारतीय किसान संघ तहसील चिचोली के तत्वाधान में ट्रैक्टर रैली का विशाल आयोजन

**रिपोर्टर रामसिंग यादव।**



चिचोली तहसील अंतर्गत आने वाले सभी किसान ट्रैक्टर रैली के माध्यम से चिचोली में विशाल ट्रैक्टर रैली निकालकर बलराम जयंती किसान दिवस ज्ञापन आम सभा एवं ट्रैक्टर रैली 12 सितंबर 2025 शुक्रवार समय सुबह 11ः00 बजे श्री तप श्री स्टेडियम चिचोली में आयोजित किया जा रहा है। भारतीय किसान संघ तहसील चिचोली के अध्यक्ष संतोष यादव उपाध्यक्ष शिवदिन सलामे मंत्री महेश ढावले एवं समस्त किसान संघ के किसानों ने गांव-गांव जाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की मांग की है तथा किसानों की मांग केंद्र व राज्य सरकार से है कि लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य को लागू कर इसको सुचारित सुनिश्चित करें तथा किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर ?25000 प्रति किसान के हिसाब से दी जाए एवं वादे के मुताबिक गेहूं का समर्थन मूल्य ?2700 तथा मक्का ?2500 प्रति क्विंटल किया जाए एवं अनेक मुद्दों को लेकर किसान संघ रैली के माध्यम से प्रशासन से मांग करेंगे।

### खरगोन/श्रीमद भागवत कथा भव्य आयोजन दिनांक 09 सितंबर से 15 सितंबर तक

**रिपोर्टर प्रभु त्रिवेदी।**




खरगोन में श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन कृष्णा होटल एण्ड रिसोर्ट सनावद रोड खरगोन में दिनांक 09 सितंबर से 15 सितंबर तक किया जा रहा है। कथा का आयोजन कृष्णा होटल एण्ड रिसोर्ट (डीके) परिवार द्वारा किया जा रहा है। कथा व्यास पूज्य श्री इंद्रेश उपाध्याय जी महाराज अपनी अमृतमयी वाणी से कथामृत पान कराएंगे। परम पूज्य भागवत भास्कर श्रद्धेय श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री जी श्री ठाकुरजी के सुपुत्र पूज्य श्री इंद्रेश उपाध्याय जी महाराज पिछले श्री दस वर्षों से देश विदेश में श्रीमद भागवत कथा के माध्यम से सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे हैं जिससे लाखों वैष्णवों को भक्ति का लाभ प्राप्त हो रहा है। आप श्री के पूज्य पिताजी श्री ठाकुरजी महाराज विश्व में सबसे अधिक कथा करने वाले व्यास हैं जिन्होंने 1600 से अधिक कथाएं की हैं। उसी भक्ति भाव के पथ पर चलते हुए आप भी देश विदेश में हमारे देश भारत वर्ष का नाम रोशन कर रहे हैं। आपके प्रवचन और भजनों से अनेक युवाओं को भक्तिमार्ग से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

## जबलपुर में सारे आंगनबाड़ी केंद्र में इंसानों के खाने लायक भोजन नहीं दिया जाता जली हुई रोटी बेस्वाद सब्जी पानी जैसी सभी आंगनबाड़ी की जांच होनी चाहिए

**रिपोर्टर धर्मेंद्र सिंह जबलपुर।**



जबलपुर में आंगनबाड़ी केंद्रों में मानव उपभोग के योग्य भोजन नहीं दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में जली हुई रोटी, बेस्वाद सब्जी, पानी जैसी घटिया गुणवत्ता की वस्तुएं बच्चों को परोसी जा रही हैं। इस गंभीर विषय को लेकर विभिन्न केंद्रों की जांच होना आवश्यक है ताकि बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक और पौष्टिक आहार प्रदान किया जा सके। दोषी अधिकारियों व कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। जबलपुर में बड़े ही सौहार्दपूर्ण रूप से गणेश उत्सव मनाया जाता है जबलपुर में लगभग छोटे बड़े एक लाख गणेश प्रतिमा रखी जाती है उस समय रात भी दिन के सामान लगती है बहुत धूमधाम होती है गणेश विसर्जन यहाँ पर नर्मदा जी के अलावा अनेक ताल में होता है जबलपुर में पहले 52 ताल थे इसमें से बहुत सारे तालाब बिल्डरों की भेंट चढ़ गए अभी भी इसमें कब्जे हो रहे हैं लेकिन प्रशासन आंखें बंद करके बैठा है

## मुम्बई जाकर मेघनगर संघ के 60 सदस्यों ने लिया गच्छाधिपति से आशीर्वाद

### भारतनगर में लिया मुनिभगवंत से आशीर्वाद

**रिपोर्टर मोहम्मद अय्यूब शीशगर इंदौर/मेघनगर।**

पर्यूषण महापर्व के पूर्णाहुति के पश्चात परम्परा अनुसार मेघनगर श्रीसंघ ने इस वर्ष भी अपने वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य गुरुदेव, पुण्य सम्राट के पट्टधर श्रीमद विजय नित्यसेन सुरीश्वरजी महाराज साहब आदि ठाणा के दर्शन वंदन करते हुए क्षमायाचना की।

पूज्य गच्छाधिपतिश्री इस वर्ष महानगर मुम्बई में चातुर्मासार्थ विराजित हैं। मेघनगर संघ के 60 सदस्यों ने वहां पहुंचकर गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए मेघनगर में निर्मित नूतन गुरुमंदिर की प्रतिष्ठा हेतु विनंती भी की, जिस पर पूज्यश्री ने कहा कि मालवा में आऊंगा तब यह कार्य भी पूरा हों जाएगा। संघ सदस्यों ने मुनि श्री विद्वतरत्न विजयजी, श्री निपुणरत्न विजयजी आदि ठाणा से भी आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस अवसर पर मुंबई संघ के ट्रस्टियों द्वारा मेघनगर के प्रमोद लुणावत एवं रजत कावड़िया का बहुमान किया गया।

### भारतनगर में लिया मुनिभगवंत से आशीर्वाद

60 सदस्यीय इस दल ने मुंबई के ही भारत नगर क्षेत्र में चातुर्मास हेतु विराजित पूज्य मुनि भगवंत श्री सिद्धरत्न विजयजी, श्री प्रशमसेन विजयजी आदि के दर्शन वंदन भी किए। यहां भारत नगर संघ द्वारा राकेश लोढ़ा, देवेन्द्र जैन एवं निलेश कोठारी का बहुमान किया गया।

## शहर को स्वच्छ रखने में सभी विभाग व आमजन दिखा रहे रुचि

**रिपोर्ट कुलदीप शास्त्री महेंद्रगढ़**

शहरी स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ महेंद्रगढ़ मुहिम को जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जा रहा है। इस मुहिम में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखते हुए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। इसी कड़ी में महेंद्रगढ़ व सतनाली खंड के अनेक सरकारी स्कूलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया और विद्यार्थियों को भी स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया। एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत शहरी क्षेत्र को गंदगी से मुक्त व स्वच्छ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने में आम नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। इस अभियान में आमजन को जोड़ने के लिए हर



मोहल्ला, हर गली, हर मकान स्वच्छ हरियाणा की पहचान का नारा दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल ग्यारह सप्ताह का नहीं है, बल्कि इसे नियमित रूप से जारी रखना है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को कूड़ा और कचरे का उठान करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि व्यवस्था पूर्ण प्रबंधन के साथ ही सफाई कार्य बेहतर ढंग से हो सके इसके लिए प्रशासन की ओर से वार्ड स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी स्वच्छता दूत द्वारा शहरवासियों को भी शहर को स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें लोगों को गलियों में कूड़ा उठाने की प्रक्रिया, कूड़ा-कर्कट के ढेर को साफ करने तथा आमजन को पॉलिथीन का उपयोग न करने की सलाह दी जा रही है। गलियों व कॉलोनियों में जहां भी गंदगी देखने में आएगी वही टीम जा कर अपने साथ कर्मचारियों को लेकर वहाँ सफाई करेगी तथा कूड़ा-कर्कट का उठान कार्य करेगी।

## क्रांतिकारी विचार मंच ने समाजसेवी धीरेन मंडल को किया सम्मानित




**रिपोर्टर राकेश मित्र पखांजूर**

क्रांतिकारी विचार मंच इकाई पखांजूर ने शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच समाज में व्याप्त अंधविश्वास को कैसे दूर करें विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता के अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवी धीरेन मंडल को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उक्त जानकारी मंच के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उल्लेखनीय है कि धीरेन मंडल क्षेत्र में जहरीले सांपों को पकड़कर अनेक लोगों की जान बचा चुके हैं। परलकोट क्षेत्र में उन्हें एक समाजसेवी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर धीरेन मंडल ने अपनी संक्षिप्त एवं सारगर्भित भाषण में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को बताया कि सर्पदंश से क्षेत्र के अनेक लोगों की मृत्यु केवल झाड़-फूंक के कारण ही हो जाती है। यदि उन्हें सही समय पर उपचार दिया जाता तो अधिकांश लोगों को बचाया जा सकता था। समाज में व्याप्त इस अंधविश्वास के कारण अनेक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि झाड़-फूंक से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। समाज में जब वैज्ञानिक सोच नहीं थी, तब प्राचीन काल में लोग इस झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र पर विश्वास किया करते थे। लेकिन वर्तमान आधुनिक युग में जहाँ विज्ञान की खोज ने मनुष्य को प्रकृति पर विजय दिलाया है, ऐसे समय पर उन्होंने लोगों से वैज्ञानिक सोच को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा या साक्षरता और वैज्ञानिक सोच एक नहीं हैं। समाज में अनेक शिक्षित लोग आज भी अंधविश्वास और कुसंस्कार के जंजीरों में जकड़ा हुआ है। उन्होंने इस पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भी बिल्ली रास्ता काटने को शिक्षित लोग अपशकुन मानते हैं। उन्होंने इस अंधविश्वास और कुसंस्कार के पीछे छिपे हुए कारणों का भी वर्णन किया तथा कहा कि समाज में अंधविश्वास और कुसंस्कार कुछ निहित स्वार्थी तत्वों के लिए आवश्यक है, जो जनता की समस्याओं का झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र से समाधान करने के नाम पर अपनी आजीविका चलाते हैं। ऐसे लोगों से बचने की सलाह भी उन्होंने दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि आप लोग समाज की भविष्य पीढ़ी हैं और आप लोग पुरानी सोच तथा कुरीतियों के बंधन से मुक्त हैं। युवा और छात्राओं में ही नई सोच और नई विचारधारा विकसित होती है। यही लोग समाज में व्याप्त कुसंस्कार और अंधविश्वास को दूर करने में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। मंडल ने कहा कि बिना वैज्ञानिक सोच के समाज में अंधविश्वास के विस्तार एवं प्रसार को रोकना संभव नहीं है।

## रायपुर ईडी की कार्रवाई से रायपुर की सियासत में गर्मी कांग्रेस मुख्यालय पहुंची टीम बघेल बोले यह महज संयोग नहीं सोची समझी साजिश

**संवाददाता जे के मिश्र बिलासपुर**

रायपुर राजधानी रायपुर में शुक्रवार सुबह उस समय सियासी तापमान चढ़ गया जब प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय राजीव भवन पहुंची। यह कार्रवाई कथित शराब घोटाले की जांच के तहत की गई लेकिन कांग्रेस ने इसे सीधे-सीधे राजनीतिक दबाव और साजिश करार दिया है।



### ईडी की टीम ने दस्तावेज खंगाले

प्राप्त जानकारी के अनुसार आठ सितंबर की सुबह ईडी की एक टीम कांग्रेस भवन पहुंची और शराब घोटाले से जुड़े कुछ दस्तावेजों की पड़ताल की। हालांकि अब तक किसी वरिष्ठ कांग्रेस नेता को पूछताछ के लिए न तो समन भेजा गया है और न ही नोटिस जारी किया गया है।

### भूपेश बघेल का बड़ा बयान

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पूरी कार्रवाई को राजनीतिक साजिश बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा बीजेपी अपनी बौखलाहट में अब लोकतंत्र की मर्यादाएं तोड़ रही है। हर बार जब कांग्रेस कोई बड़ा आयोजन करने जा रही होती है ईडी की एंट्री हो जाती है। यह महज इत्तेफाक नहीं बल्कि सुनियोजित रणनीति है। ईडी की उपस्थिति से कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराज़गी फैल गई है। पार्टी पदाधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि यदि इसी तरह ईडी का दखल जारी रहा तो कांग्रेस राज्य में सड़कों से लेकर संसद तक आंदोलन का रास्ता अपनाएगी।

### शराब घोटाले की जांच में अब तक की कार्रवाई

छत्तीसगढ़ में चल रही शराब घोटाले की जांच को लेकर बीते महीनों में ईडी ने कई अधिकारियों कारोबारियों और नेताओं से पूछताछ की है। अब कांग्रेस भवन तक ईडी की पहुंच को लेकर यह बहस तेज हो गई है कि जांच निष्पक्ष है या राजनीतिक रूप से प्रेरित।

### बीजेपी की चुप्पी और सियासी हलचल

फिलहाल भाजपा की ओर से इस मसले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह मामला और गंभीर हो सकता है क्योंकि कांग्रेस इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बता रही है।

### निष्कर्ष

राज्य में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक माहौल पहले से ही संवेदनशील है। ऐसे में ईडी की कांग्रेस कार्यालय में मौजूदगी ने माहौल को और ज्यादा तनावपूर्ण बना दिया है। देखना होगा कि यह मामला आगे क्या रुख लेता है और क्या वाकई यह महज एक जांच की प्रक्रिया है या इसके पीछे कोई और सियासी चाल है।

## कल्याण-डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी की माँगें स्वीकार

**रिपोर्टर अरविंद कोठारी ठाणे**

कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका क्षेत्र में सात दिवसीय आंदोलन के माध्यम से बहुजन समाज पार्टी ने नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं और सामाजिक मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाया था। आज यह आंदोलन सफलतापूर्वक समाप्त हो गया है और आयुक्त अभिनव गोयल ने सभी माँगों को स्वीकार कर अधिकारियों को आगे की कार्रवाई के आदेश दिए हैं।



### प्रमुख माँगें स्वीकारः

दलित बस्तियों में सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। कल्याण पश्चिम में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पार्क के विस्तार और सौंदर्यीकरण के लिए एक प्रस्ताव को मंजूरी देकर सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा। कल्याण पूर्व डी वार्ड में पुनालिंक रोड की ओर आगे के क्षेत्र में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की पूर्ण-लंबाई वाली प्रतिमा स्थापित की जाएगी। अशोक नगर, वालधुनी रोड के चौड़ीकरण में खोई हुई भूमि का मुआवजा बुद्धभूमि फाउंडेशन को तुरंत दिया जाएगा।

केडीएमसी क्षेत्र में महाराष्ट्र नर्सिंग होम पंजीकरण अधिनियम का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

पालिका शहर नियोजन विभाग में अवैध कब्ज़ाधारियों को बेदखल किया जाएगा।

आगामी चुनावों में, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए प्रभाग संरचना का पुनर्निर्धारण किया जाएगा।

आरटीओ से बी वार्ड रोड के डायवर्जन की गहन जाँच की जाएगी।

इन सभी माँगों को स्वीकार करके, बहुजन समाज पार्टी ने एक बार फिर दिखा दिया है कि हम लोगों की समस्याओं को केवल उठाते नहीं हैं, बल्कि समाधान मिलने तक संघर्ष करते हैं।

इस अवसर पर प्रमुख नेता - ठाणे जिला अध्यक्ष - संतोष भालेराव, ठाणे जिला प्रभारी - सुदाम गंगावणे, कल्याण पश्चिम, शिक्षा अध्यक्ष - बालू भोसले, कल्याण पूर्व, शिक्षा अध्यक्ष - प्रदीप सोनवणे, कल्याण अध्यक्ष - गौतम कांबले, कल्याण ग्रामीण विधान सभा अध्यक्ष - दीपक खंदारे, और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**खास** पहले लगता था लम्बा समय, लेकिन अब 5 से 10 दिन की फिजियोथेरेपी से मरीज हो रहे ठीक

## फिजियोथेरेपी के उपचार से स्टेचर पर आया हुआ मरीज अच्छे से चल रहा है

### गुलाटी फिजियोथैरेपी एंड पेन रिलीफ क्लिनिक निर्धन मरीजों को देगा निशुल्क सेवाएं।

**रिपोर्ट -जसप्रीत सिंह**

राजस्थान कोटा. विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर गुलाटी फिजियोथैरेपी एंड पेन रिलीफ क्लिनिक कोटा की ओर से सोमवार को कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसके तहत जहां एक और मरीजों से संवाद किया गया वहीं दूसरी ओर चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। निशुल्क चिकित्सा शिविर के दौरान 350 से अधिक मरीजों को निशुल्क देखा गया, उनका उपचार किया गया वहीं उन्हें आगामी समय में किस तरह की सावधानी बरतनी है उसकी जानकारी दी गई। गुलाटी फिजियोथैरेपी एंड पेन रिलीफ क्लिनिक कोटा के डायरेक्टर एवं फाउंडर डॉक्टर विनय नवीन गुलाटी ने बताया कि विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर संकल्प लिया गया है कि आने वाले 1 वर्ष तक जो मरीज आर्थिक रूप से कमजोर हैं उन्हें निशुल्क देखा जाएगा या बहुत ही कम फीस ली जाएगी। फिजियोथैरेपी दिवस पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि फिजियोथैरेपी की डिमांड अब निरंतर बढ़ती




जा रही है, हर ऑपरेशन के बाद फिजियोथैरेपी की आवश्यकता होती है, यदि ऐसा नहीं किया गया तो मरीज गंभीर अवस्था में जा सकता है, हर विभाग का अपना अलग फिजियोथैरेपी हो सकता है जिसमें न्यूरो, ऑर्थोपेडिक, हॉर्ट व अन्य विभाग शामिल है। डॉ. विनय नवीन गुलाटी ने बताया कि इस अवसर पर कई ऐसे मरीजों को बुलाया गया जो सब जगह से हार मान चुके थे लेकिन उन्हें भी खड़ा किया गया। बारां निवासी लेखराज पारेता ने बताया कि वह स्टेचर पर आए थे और अब भाग दौड सकते हैं, उठ बैठ, खेल सकते हैं। गुलाटी क्लिनिक द्वारा मुझे 10 दिन में खड़ा कर दिया गया।

- फिजियोथेरेपिस्ट का किया सम्मान, मरीजों को भी नवाजा

डॉ. अवतार डोई जयपुर ने बताया कि एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कोटा शहर के फिजियोथेरेपिस्ट का सम्मान किया गया साथ ही उन मरीजों को भी नवाजा गया जो बेहद कष्ट में थे और आज वह बिल्कुल स्वस्थ्य हैं। इस अवसर पर शहर के कई प्रबुद्ध फिजियोथैरेपिस्ट भी उपस्थित रहे। डॉ. पुष्पेंद्र यदुवंशी ने कहा कि फिजियोथैरेपी में अब पहले की तरह लंबा समय नहीं लगता है पहले मरीज एक या डेढ़ महीने तक फिजियोथेरेपी कराया करता था, लेकिन अब अत्यधिक संसाधन और मशीनों के द्वारा एवं हाथ के द्वारा मरीज को 4 से 5 दिन या अधिकतम 10 दिन में आराम मिल जाता है। अब तेजी से फिजियोथेरेपिस्ट की डिमांड बड़ी है, हर अस्पताल में फिजियोथेरेपी का अलग डिपार्टमेंट स्थापित किया गया है, वहीं अब मरीजों में भी जागरूकता आई है वह भी फिजियोथैरेपी की सेवाएं ले रहे हैं।

**प्रमुख संक्षिप्त**

## पुलिस ने छात्राओं को बाल मित्र योजना से अवगत कराया



रिपोर्टर दिनेश समाधान बिस्टान। पुलिस ने विशेष अभियान के अंतर्गत शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम की बालिकाओं को बाल मित्र योजना की जानकारी से अवगत कराया। छात्राओं को देशभक्ति, जन सेवा, राष्ट्रीय एकता एवं सुरक्षा की भावना, सायबर अपराध से बचाव, नशे के दुष्परिणाम, डायल 112, गुड टच एवं बैड टच, बाल विवाह उन्मूलन, पॉक्सो एक्ट, संविधान एवं कानून की मूल जानकारी को बैनर के माध्यम से समझाया गया। इस समय आश्रम अधीक्षिका कलावती खोड़े भी उपस्थित रही। आयोजन एसडीओपी भीकनगाँव राकेश आर्य के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह बघेल के नेतृत्व में किया गया। इसमें सहायक उपनिरीक्षक संतोष शुक्ला, महिला प्रधान आरक्षक नूरी, प्रधान आरक्षक मांगी सोलंकी ने सहयोग प्रदान किया।

## छिंदवाड़ा जिला अस्पताल में दुर्लभ इंसीज़नल व स्पिजेलियन हर्निया की सर्जरी सफल



रिपोर्टर वीरेन्द्र धाकड़ छिंदवाड़ा। जिला अस्पताल में जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर चिकित्सा टीम ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। 47 वर्षीय पुरुष मरीज, जिसे पिछले तीन वर्षों से आंशिक रूप से घटने वाला पेट की दीवार का सूजन (अब्डॉमिनल वॉल स्वेलिंग) की समस्या थी और चार वर्ष पूर्व अपेंडिक्स फटने पर उसका ओपन अपेंडेक्टॉमी ऑपरेशन हुआ था, उसे इंसीज़नल हर्निया व स्पिजेलियन हर्निया का निदान किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, पोस्ट-अपेंडेक्टॉमी इंसीज़नल हर्निया एक दुर्लभ स्थिति है जिसकी घटनादर केवल 0.12 प्रतिशत होती है। इस चुनौतीपूर्ण केस में मरीज का हर्नियोप्लास्टी ऑपरेशन दिनांक 4 सितम्बर 2025 को प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया। इस जटिल सर्जरी को सर्जन डॉ. संदीप ठाकरे एवं डॉ. विनीत मंड्राह ने अंजाम दिया। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. अश्विनी पटेल एवं डॉ. निकिता एस. की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मल्हारगढ़ आगमन की तैयारियां तेज



रिपोर्टर पप्पु सोलंकी मंदसौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी मल्हारगढ़ दौरे को लेकर प्रशासन और भाजपा संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, मंडल अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय एवं नगर महामंत्री मनीष चौहान ने मल्हारगढ़ कॉलेज मैदान पहुंचकर प्रस्तावित सभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, मंच निर्माण और आमजन की सुविधाओं से जुड़े बिंदुओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। वहीं भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। मल्हारगढ़ में प्रस्तावित यह सभा जिले की राजनीति और विकास योजनाओं के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# कुरैशी समाज की समीक्षा मीटिंग मुंबई में संपन्न हुई

रतलाम मुंबई

दिनांक 07.09.2025 कुरैश कांफ्रेंस की महाराष्ट्र प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक मुंबई के मरीन लाइंस स्थित इस्लाम जिमखाना क्लब में राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सनोबर अली कुरैशी साहब की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन महाराष्ट्र प्रदेश प्रवक्ता अधिवक्ता वसीम कुरैशी एवं महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष महिला विंग डॉ मुनीरा कुरैशी ने किया। इस मीटिंग का उद्देश्य महाराष्ट्र में पिछले दो महीने से चल रही हड़ताल की समीक्षा करना तथा कुरैश समाज द्वारा सरकार को दिए जा चुके निवेदनों का फॉलोअप लेना था। साथ ही भविष्य में मीट कारोबार को सुरक्षित तरीके से चलाने के लिए रोड मैप तैयार करना था। सभी वक्ताओं को सुनने के बाद मीटिंग में तय किया गया कि सभी महाराष्ट्र के तालुका में लघु पशु वधशाला दस पशुओं से कम के लिए निवेदन दिए जाएं। पशु व्यापारियों को गैरसामाजिक तत्वों द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज करने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर आधारित शिकायत का ड्राफ्ट अपने पास सुरक्षित रखना चाहिए। पशु खरीदते समय दस्तावेज़ ज़रूर हासिल करें तथा पशु बाजार में पशुओं को चिपिंग एवं टैगिंग अवश्य कराएं



ताकि पशु बेचने वाले की पहचान सुरक्षित रहे। जो निवेदन आपके द्वारा दिए गए मीट कारोबार से संबंधित समस्याओं के फॉलोअप के लिए टीम बनाई जाए। मीट एक्सपोर्टर भी पशुओं के अंतिम खरीदार हैं इसलिए पशु से संबंधित मुकदमा लिखे जाने पर कानूनी लड़ाई में पशु व्यापारियों तथा किसानों को सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। राज्य स्तर पर कानूनी समिति बनाई जाए तथा प्रत्येक जिले में कानूनी समिति गठित की जाए जो कोर्ट के माध्यम से मीट कारोबार से संबंधित समस्याओं का कानूनी समाधान तलाश करें। राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार नकारा गववंश के बारे में समिति बनाएं तथा सुप्रीम कोर्ट के हनीफ कुरैशी के फैसले के अनुसार जहाँ पर सोलह वर्ष से अधिक आयु के नकारा पशुओं को वध की अनुमति दी गई है तथा कुछ राज्य सरकारों में भी अनुमति दी गई है। प्रत्येक जिले में शिक्षा, कानून तथा व्यवसाय से संबंधित समितियों का गठन किया जाए। हड़ताल के दौरान समाज के जिन वर्गों बुद्धिजीवियों, नेताओं तथा राजनीतिक पार्टियों ने समर्थन दिया उनके साथ संवाद स्थापित रखा जाए। परिवहन नियम 56 और 96 में सुधार किया जाए तथा केयर एंड मेंटेनेंस नियम को रद्द किया जाए। इस अवसर पर पूर्व बॉम्बे हाईकोर्ट न्यायधीश श्री अभय थिप्से, अधिवक्ता फरहाना शाह, कुरैश कांफ्रेंस के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अकरम कुरैशी, राष्ट्रीय सचिव हाजी मुख्तार कुरैशी, एमएमएनएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जाकिर सिकलीगर, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष मोइन खलील कुरैशी, अग्रणी समाजसेवक उमर अंसारी, आसिफ कुरैशी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एनसीपी अल्पसंख्यक विभाग, श्री नवेद नईम जादव, श्री निसार वारिस अंतरराष्ट्रीय सलाहकार राष्ट्रीय युवा वाहिनी, महाराष्ट्र कार्यकारी अध्यक्ष जाकिर हुसैन कुरैशी, महाराष्ट्र उपाध्यक्ष आसिफ कुरैशी, आरिफ कुरैशी, अधिवक्ता अजीम कुरैशी, महाराष्ट्र सचिव निसार कुरैशी, मुंबई अध्यक्ष नासिर मियां कुरैशी, मुंबई उपाध्यक्ष मेहताब कुरैशी, फिरोज नबी कुरैशी, मुंबई सलाहकार जहीर कुरैशी, अधिवक्ता इकबाल कुरैशी बॉम्बे हाईकोर्ट, गोवंडी सचिव अरशद कुरैशी, महाराष्ट्र महिला विंग अध्यक्ष रोशन आरा कुरैशी, प्रदेश महासचिव रेशमा शेख, मुंबई महिला विंग अध्यक्ष अधिवक्ता तबस्सुम कुरैशी, मुंबई उपाध्यक्ष शबनम शाहिद कुरैशी, मुंबई उपाध्यक्ष हिना कुरैशी, समाजसेवक गजाला आजाद मुंबई, परभणी जिला अध्यक्ष मुबीन कुरैशी, चंद्रपुर जिला अध्यक्ष कादर कुरैशी, हिंगोली जिला अध्यक्ष रज्जाक कुरैशी, जलगांव जिला अध्यक्ष सय्यद रज्जाक कुरैशी, बुलढाणा जिला अध्यक्ष यूथ विंग अब्दुल समद कुरैशी, शोएब कुरैशी, असगर कुरैशी सहित समाज के जिम्मेदार लोगों ने महाराष्ट्र में व्यापार से जुड़ी समस्याओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कुरैश कांफ्रेंस को महाराष्ट्र स्तर पर संगठित एवं मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## मध्य प्रदेश के अनुसूचित जाति मोर्चा के मंत्री बलजीत चौहान का जन्मदिन आष्टा नगर में मनाया

रिपोर्टर महेंद्र सोनी

आष्टा नगर में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री भैया बलजीत सिंह चौहान का जन्मदिन सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया गया। इस अवसर पर भैया जितेंद्र सिंह पटेल एवं उनकी पूरी टीम ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों के बीच फल एवं खाद्य सामग्री वितरित की। इस मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि जन्मदिन को जरूरतमंदों और पीड़ितों की सेवा में लगाना ही वास्तविक उत्सव है। उन्होंने चौहान जी के समाजसेवी कार्यों की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। भैया चौहान ने भी संदेश देते हुए कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और मेरा जीवन सदैव समाज व संगठन को समर्पित रहेगा।

## छापामार कार्रवाई से अस्पतालों में मचा हड़कंप, डिप्टी सीएमओ की टीम देख संचालक मौके से हुए गायब

रिपोर्टर सुशील कुमार दबंग केसरी इटावा ऊसराहार, इटावा।

ताखा विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत ऊसराहार व आसपास संचालित प्राइवेट अस्पतालों में आधा दर्जन मरीज भर्ती मिले लेकिन उन्हें देखने के लिए अस्पताल में कोई नहीं था। आयुर्वेदिक के नाम से रजिस्टर्ड अस्पताल में रखे कूड़ेदान में अंग्रेजी इंजेक्शन के रैपर पड़े मिले। ऊसराहार में रजिस्ट्रेशन की आड़ लेकर चल रहे अवैध अस्पतालों पर अब शिकंजा कसना शुरू हो गया है। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार



शुक्ला के निर्देश के बाद सीएमओ कार्यवाही के मूड में आ गए हैं। उनके निर्देश पर ऊसराहार में सोमवार को डिप्टी सीएमओ सतेंद्र यादव ने कई अस्पतालों में छापा मारा। पिछले दिनों चर्चा में आए जीवन ज्योति क्लीनिक पर छापा मारा गया। अस्पताल में मरीज बैठे थे। जांच में पता चला कि अस्पताल आयुर्वेद में रजिस्टर्ड है जिसका संचालन डॉ. ज्योति करती हैं, लेकिन निरीक्षण में डॉ. ज्योति मौके पर नहीं मिली। जांच के दौरान मरीजों को लगाए गए इंजेक्शन के रैपर डस्टविन में डाले गए थे जो एलोपैथिक थे। जिससे स्पष्ट है कि आयुर्वेद की आड़ में अंग्रेजी दवाइयों का प्रयोग किया जाता है और मरीजों से मनमाने पैसे वसूले जाते हैं। डिप्टी सीएमओ ने जानकी अस्पताल का निरीक्षण किया तो मौके पर अस्पताल संचालक गायब थे। अस्पताल में आधा दर्जन मरीज भर्ती थे जिनके हाथों में बोतल चढ़ाने के लिए सिरिंज लगाई गई थी। डिप्टी सीएमओ ने जब जानकारी ली तो मौके पर एक महिला मिली। अस्पताल किसका है यह पता नहीं चल सका, लेकिन महिला ने कुछ जानकारी दी। डिप्टी सीएमओ सतेंद्र यादव ने बताया कि जीवन ज्योति क्लीनिक पर निरीक्षण के दौरान डस्टविन में लगाए गए इंजेक्शन के खाली रैपर पाए गए हैं जो एलोपैथिक थे। अस्पताल आयुर्वेद में रजिस्टर्ड है लेकिन मौके पर डॉ. ज्योति नहीं मिली। जानकी क्लीनिक में कई मरीज भर्ती थे लेकिन अस्पताल चलाने वाला कोई नहीं मिला। मरीजों का इलाज कौन कर रहा है इसका पता किया जा रहा है। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन बताया गया है लेकिन मौके पर कोई कागज नहीं मिले। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में रजिस्टर्ड होने के बाद भी यदि मरीज को भर्ती किया जाता है और इंजेक्शन लगाए जाते हैं तो वह झोलाछाप की श्रेणी में आते हैं। दोनों अस्पतालों को नोटिस जारी किया जा रहा है। डिप्टी सीएमओ ने सरसईनावर में सतगुरू अस्पताल का निरीक्षण किया, जिसका रजिस्ट्रेशन पाया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान जो कमियां मिली हैं, सभी को नोटिस जारी किया जा रहा है। नियम विरुद्ध काम करने वाले सभी लोगों पर कार्यवाही की जाएगी।

# सेवा पखवाड़े के रूप में आमजन की सेवा कर भाजपा मनायेगी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मोत्सव

रिपोर्ट - समीरज जैन करेली

**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कार्यकर्ताओं से की भेट**





भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा ने रविवार को करेली स्थित सीताराम माल में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से भेंट कर आगामी सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की और कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर गांधी जयंती तक इस पखवाड़े को सेवा कार्यों के रूप में मनाना है श्री शर्मा ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का भाव लेकर पहुंचे सेवा पखवाड़े में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन,प्रबुद्ध वर्ग संवाद,दिव्यांग जन एवं विशिष्ट जन सम्मान,लोकल फॉर वोकल, प्रधानमंत्री पर चयनित पुस्तकों का वितरण,विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता,विकास मैराथन जैसे कार्यक्रम इस पखवाड़े के दौरान प्रमुखता से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें और जनता से संवाद स्थापित करें इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री रामस्नेही पाठक ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए प्रत्येक कार्य को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया जाएगा। पूर्व राज्य मंत्री एवं वरिष्ठ नेता श्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के बीच पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों को ले जाने का अवसर है गोटेगांव विधायक श्री महेंद्र नागेश ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया तेंदूखेड़ा विधायक मुलायम सिंह पटेल ने कहा कि जिले में स्वच्छता और जनहितकारी योजनाओं को सेवा पखवाड़े से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभा के अंत में संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सेवा पखवाड़ा को सफल बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि पार्टी का हर संदेश जनता तक पहुंचे।

## भारतीय किसान संघ ने 10 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया निकाल ट्रैक्टर रैली

रिपोर्टर अखिलेश सक्सेना

राजगढ़ ब्यावरा एमपी भारतीय किसान संघ ने सारंगपुर ब्लॉक में सोमवार को अपने 10 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री केंद्रीय कृषि मंत्री एवं कलेक्टर के नाम एसडीएम रोहित बम्हौरे को ज्ञापन दिया। ज्ञापन सौंपने से पूर्व किसानों ने कृषि उपज मंडी परिसर में सभा



का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा बिजली की अव्यवस्थित आपूर्ति राजस्व विभाग की लापरवाही सर्वे व्यवस्था और कृषि विभाग की अपेक्षा के चलते किसानों को लगातार संकट झेलना पड़ रहा है। जब किसान अपनी उपज बेचने मंडी पहुंचते हैं तो उन्हें कम दाम मिलता है। यह स्थिति चिंताजनक है और किसानों का उत्पीड़न दर्शाती है। सभा के बाद किसानों ने नगर के विभिन्न मार्गों से ट्रैक्टर रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर लेकर शामिल हुए। जगह-जगह आमजन और व्यापारी संगठनों द्वारा किसानों का स्वागत किया गया। किसानों का कहना है अगर मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रमुख मांगों में किसान संघ द्वारा फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य बिजली आपूर्ति नियमित कम से कम दस घंटे खरीफ रबी की खराब फसलों का सही सर्वे कर मुआवजा फसल बीमा कृषि उपज मंडियों में किसानों की उपज का तोल और पारदर्शी भुगतान सिंचाई की नहरों और तालाबों की समय पर मरम्मत डीजल व खाद बीज की दरों को नियंत्रित किया जाए। राजस्व विभाग द्वारा प्राकृतिक आपदा में प्रभावित किसानों को राहत ग्रामीण अंचलों में गौशालाओं का निर्माण और प्रबंधन बेहतर करने के साथ किसान विरोधी नीतियों को जल्द वापस लिया जाए।

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस सम्पन्न

रिपोर्टर विनय कुमार विश्वकर्मा कोरिया

कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई।



अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के सुअवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाना है उन्होंने स्वयंसेवी शिक्षकों एवं नव साक्षरों को धन्यवाद दिया और साक्षरता के साथ-साथ कौशल विकास के प्रति प्रेरित किया साथ ही उन्होंने कहा कि हम आदिवासी बाहुल जिले में हैं यहां पर किसी भी प्रकार से कोई शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे विकासखण्ड वैकुण्ठपुर एवं सोनहत से 03-03 स्वयंसेवी शिक्षक जिन्होंने कक्षा 10वीं 12वीं में 10 अंक बोनस प्राप्त किया एवं 03-03 असाक्षर जिन्होंने सफलता पूर्वक शिक्षार्थी आकलन में सफलता अर्जित की उन्हें प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र एवं श्रीफल प्रदान कर उनका सम्मान किया।

जिले में वर्तमान में साक्षरता की स्थिति की जानकारी प्रदान की गई जिसमें अभी कुल असाक्षर 5728 शेष हैं वे माह सितम्बर 2025 में तथा 1428 शिक्षार्थियों को माह मार्च 2026 के शिक्षार्थी आंकलन में शामिल किया जाएगा इस प्रकार माह मार्च 2026 के पश्चात कोरिया जिला संपूर्ण साक्षर होने की दिशा में अग्रसर होगा।

जिले की कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कौशल विकास पर जोर देते हुए कहा कि सभी साक्षरता केन्द्रों से विभिन्न गुणों या कौशल के प्रति रुचि रखने वाले शिक्षार्थियों का चिन्हांकन कर सूचीबद्ध करते हुए ऑनलाइन एंट्री कराने हेतु निर्देशित किया गया जिसमें इलेक्ट्रीशियन प्लम्बर हैंड पम्प रिपेयरिंग नाई कारपेंटर राज मिस्त्री जैसे कई कार्य जो ग्रामीण (स्थानीय) स्तर पर आवश्यक हैं किए जाएं ताकि इन्हें भविष्य में शिक्षा के साथ-साथ इनकी आजीविका हेतु भी तैयार किया जाए जिससे इनके जीवन स्तर में सुधार होगा इस प्रकार अपना जिला हर क्षेत्र में प्रगति कर सकेगा। कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी खण्ड स्त्रोत समन्वयक नोडल अधिकारी उल्लास सहायक ग्रेड-3 स्वयंसेवी शिक्षक नवसाक्षर एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी बैकुण्ठपुर एवं सोनहत के उपस्थित थे।

## बाँदे पुलिस को अवैध मादक पदार्थ वनस्पति पदार्थ गांजा बिक्री करने में मिली सफलता

रिपोर्टर उत्तम बनिक पखंजौर

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय कांकेर श्री आई. के. ऐलिसेला के निर्देशन पर श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय पखांजूर श्री राकेश कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन तथा श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर श्री रवि कुमार कुजूर के पर्यवेक्षण में थाना बाँदे के अवैध मादक पदार्थ वनस्पति पदार्थ गांजा के अवैध विक्रय एवं परिवहन के रोकथाम के निर्देश पर दिनांक 08.09.2025 को मुखबीर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम पीव्ही 108 शंकरनगर का विश्वजीत सरकार




अपने दो साथियों के साथ अपने घर से गांजा लेकर पखांजूर जाने के लिए थोड़ी देर में निकलेगा। सूचना पर थाना बाँदे से पुलिस टीम तैयार कर घटना स्थल अरुण देवनाथ के घर के सामने मेन रोड पीव्ही 83 गोविंदपुर पर साक्षियों के साथ नाकेबंदी प्वाइंट लगाया गया। मुखबीर द्वारा समय-समय पर बताए गए हुलिया अनुसार बिना नंबर की मोटरसाइकिल काला रंग स्पलेंडर प्लस में तीन व्यक्ति सवार होकर आए, जिसमें एक व्यक्ति भूरा रंग का टीशर्ट, एक व्यक्ति कथा रंग का टीशर्ट और तीसरा व्यक्ति सफेद भूरा रंग का टीशर्ट पहने हुए था और काला रंग का लोवर पहना हुआ था। बताये हुए हुलिया के अनुसार व्यक्ति आते दिखाई देने पर घेराबंदी कर संदेही चालक व दो व्यक्ति जिनके हाथ में एक-एक रंग-बिरंगे नायलॉन थैला था, भागने की कोशिश कर रहे थे, जिसे धर दबोचकर पकड़ा गया। पकड़े जाने पर पूछताछ करने पर संदेही वरून विश्वास के कब्जे से बिना नंबर की एक नग काला रंग की मोटरसाइकिल हिरो स्पलेंडर प्लस, तथा दो व्यक्ति विश्वजीत सरकार एवं मिथून जयधर को गांजा तस्करी करते हुए पकड़ा गया। उनके कब्जे से रंग-बिरंगे नायलॉन थैलों में सफेद रंग की पॉलिथीन में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। आरोपी मिथून जयधर साकिन पीव्ही 25 रामकृष्णपुर थाना पखांजूर के कब्जे से 2.200 किलोग्राम गांजा एवं नगदी रकम 1100 रूपये, विश्वजीत सरकार साकिन पीव्ही 108 शंकरनगर थाना बाँदे के कब्जे से 2.300 किलोग्राम गांजा एवं नगदी रकम 1700 रूपये बरामद हुई। आरोपी वरून विश्वास के कब्जे से बिना नंबर की एक नग काला रंग की स्पलेंडर प्लस हिरो मोटरसाइकिल और 2500 रूपये नकदी बरामद की गई। जप्त वनस्पति पदार्थ गांजा का मूल्य लगभग 70,000 रूपये, नगदी रकम कुल 5300 रूपये तथा जप्त वाहन मोटरसाइकिल का अनुमानित मूल्य 75,000 रूपये, कुल 1,50,300 रूपये बरामद कर जप्त किए गए। आरोपीगण को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार नेताम, सउनि गिरीशचंद्र कुर्रे, प्रआर सूर्यदेव कुंजाम, प्रआर फकीर सिन्हा, आरक्षक यशवंत मंडावी, गजानंद हिड़को, अमृत नेताम, रूपेश दरों और जागेश्वरी सलाम की सराहनीय भूमिका रही।

**खास**

**प्राप्त दान का कोई हिसाब किताब सार्वजनिक नहीं है**

# रोटी बैंक के नाम पर शिंदे का धंधा

रिपोर्टर मनोज भागवतकर बुरहानपुर।

बुरहानपुर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह ने जनसुनवाई में जिला कलेक्टर बुरहानपुर को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपा है जिसमें लालबाग बुरहानपुर स्थित रोटी बैंक नामक संस्था के संचालक संजय सिंह शिंदे पर धोखाधड़ी भ्रष्टाचार एवं शहरवासियों के साथ भावनात्मक ब्लैकमेल के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ठाकुर प्रियांक सिंह ने बताया कि यह संस्था गरीबों के नाम पर दान एकत्रित करती है लेकिन कोई ठोस कार्य नहीं दिखता। संजय सिंह शिंदे द्वारा संचालित रोटी बैंक का दावा है कि यह निराश्रित गरीबों बुजुर्गों विधवाओं एवं जरूरतमंदों को दो वक्त का निशुल्क भोजन उपलब्ध कराती है। संस्था शहरवासियों से पैसे अनाज रोटी टिफिन एवं अन्य सामग्री दान के रूप में वसूल करती है लेकिन आरोप है कि यह सब सामग्री एवं राशि का उपयोग शिंदे द्वारा व्यक्तिगत रूप से किया जा रहा है। लाखों करोड़ों रुपये की राशि अब तक शहर के सीधे साधे निवासियों से भावनात्मक ब्लैकमेल के जरिए लूटी गई है। शिंदे दानदाताओं को यह कहकर लुभाते हैं कि उनके दान से उन बुजुर्गों को भोजन मिलता है जिनका कोई सहारा नहीं है जिन्हें बच्चों ने घर से निकाल दिया हो या जो काम



करने में असमर्थ हों लेकिन वास्तविकता में ऐसे कोई प्रमाणित लाभार्थी सामने नहीं आए हैं और संस्था की गतिविधियां संदिग्ध हैं। मुख्य आरोपों एवं घटनाक्रम का विस्तृत विवरण निम्नलिखित है 1. भावनात्मक ब्लैकमेल एवं दान का दुरुपयोग- शिंदे ने वर्षों से शहरवासियों को इमोशनल रूप से ब्लैकमेल किया है। वे दावा करते हैं कि दान से निशुल्क भोजन सेवा चल रही है जिसमें प्रतिदिन पांच रोटी दान करने की अपील की जाती है लेकिन प्राप्त दान का कोई हिसाब किताब सार्वजनिक नहीं है। ठाकुर प्रियांक सिंह ने पूर्व में जनवरी 2024 में मीडिया को बताया था कि संस्था के नाम पर एकत्रित धन का उपयोग शिंदे अपने घरेलू खर्चों एवं व्यक्तिगत लाभ के लिए कर रहे हैं। 2. बुरहानपुर मजदूर यूनियन ने शिंदे से उन लाभार्थियों की सूची मांगी जिन्हें टिफिन के माध्यम से भोजन पहुंचाया जा रहा है तो उन्होंने तत्काल रोटी बैंक को बंद करने की घोषणा कर दी। ठाकुर प्रियांक सिंह ने उस समय मीडिया के साथियों से कहा था कि यह पारदर्शिता के अभाव का स्पष्ट प्रमाण है। सूची उपलब्ध न कराना धोखाधड़ी का संकेत है। 3. महिलाओं द्वारा संचालन की झूठी घोषणा एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस- संस्था बंद करने के कुछ दिनों बाद शिंदे ने घोषणा की कि अब रोटी बैंक महिलाओं द्वारा संचालित की जाएगी। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कुछ महिलाओं को सामने भी लाया लेकिन उसके बाद किसी भी महिला द्वारा कोई टिफिन सेवा या भोजन वितरण प्रारंभ नहीं किया गया। ठाकुर प्रियांक सिंह ने पूर्व में मीडिया को सूचित किया था कि यह मात्र एक दिखावा है ताकि जांच से बचा जा सके और अब यह सिद्ध हो रहा है कि कोई वास्तविक परिवर्तन नहीं हुआ। 4. दान राशि एवं सामग्री की अपारदर्शिता- आज तक शिंदे ने दान में प्राप्त पैसे अनाज एवं अन्य सामग्री की कोई विस्तृत सूची या ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की है। ठाकुर प्रियांक सिंह ने जनवरी 2024 में मीडिया को दिए बयान में कहा था कि संस्था के खातों की जांच होनी चाहिए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब भी दान की राशि का कोई हिसाब नहीं है जो भ्रष्टाचार को प्रमाणित करता है। 5. नई दान अपील एवं ठगी का प्रयास- पुनः दिनांक 09 सितंबर 2025 को शिंदे ने स्थानीय अखबारों में पम्पलेट के माध्यम से रोटी बैंक के लिए पैसे अनाज एवं रोटी दान करने की अपील प्रकाशित करवाई है। पम्पलेट में मोबाइल नंबर एवं क्यूआर कोड दिया गया है जो दान संग्रह के लिए उपयोग हो रहा है। ठाकुर प्रियांक सिंह का कहना है कि यह शहरवासियों को फिर से ठगने का प्रयास है और पूर्व शिकायतों के बावजूद ऐसा करना अपराध की पुनरावृत्ति है। तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है साथ ही यदि संस्था पंजीकृत है तो सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट या अन्य चैरिटी संबंधी कानूनों के उल्लंघन की जांच की अपील की गई है। ठाकुर प्रियांक सिंह ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा यह मामला न केवल धोखाधड़ी का है बल्कि शहर के गरीबों एवं बुजुर्गों के नाम पर खेल का भी है। मैंने जनवरी 2024 में ही इसकी शिकायत की थी और मीडिया के साथियों को विस्तार से बताया था कि कैसे शिंदे लोगों की भावनाओं से खेल रहे हैं लेकिन कोई कार्रवाई न होने से अब फिर से दान अपील शुरू हो गई है। जिला प्रशासन से अपेक्षा है कि तत्काल जांच शुरू कर एफआईआर दर्ज की जाए और शहरवासियों को सावधान किया जाए। बुरहानपुर मजदूर यूनियन इस मुद्दे पर लगातार नजर रखेगी और आवश्यकता पड़ने पर आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी। शहरवासियों से अपील है कि दान करने से पहले संस्था की पारदर्शिता जांचें।

# समाज के उज्जवल भविष्य की दिशा में विशाल महापंचायतः रंगरेज़ समाज, मुरैना

रिपोर्टर मुहम्मद इसरार मुरैना

मुरैना शहर में रंगरेज़ समाज की ऐतिहासिक महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत की अध्यक्षता जनाब अलाउद्दीन ख़ान (सागौरिया के पुरा वाले) ने की। कार्यक्रम का आग़ाज़ कुरआन की तिलावत और हदीस के बयानात से मुफ़्ती सिराज (ग्वालियर) ने किया।

इस महापंचायत में शरीक हुए- समाज के बुज़ुर्ग, जुम्मेदार, हाजी, नोजवान, वॉलंटियर टीम, मुरैना और आसपास के जौरा, सबलगढ़, कैलारस, बानमोर, अंबाह, पोरसा, टेंटरा, वीरपुर, मानपुर, विजयपुर, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, धौलपुर, बाड़ी, आगरा, जगनेर, सेंपाउ, करौली और इनके आसपास के गाँवों के रंगरेज़ समाज के लोग।

मुख्य बयानात उलमा-ए-किराम और समाजसेवियों के- क़ाज़ी अशरफ़ अली (शहर क़ाज़ी, मुरैना) ने कहा, ÷रंगरेज़ समाज में जो भी बैंड, बाजा और डीजे बजाएगा, उसका निकाह मैं नहीं पढ़ाऊँगा। मैं हमेशा समाज की कमेटी के साथ रहूँगा और हर कुरीति के ख़िलाफ़ मज़बूती से खड़ा रहूँगा।÷ जनाब अलाउद्दीन ख़ान (समाजसेवी) ने कहा, ÷समाज की असल तरक़्क़ी सिर्फ़ तालीम से मुमकिन है। बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम में आगे बढ़ाना होगा। तालीम ही समाज के सर्वांगीण विकास की कुंजी है।÷ जनाब शहज़ाद ख़ान सिकरोदा (नवनिर्वाचित अध्यक्ष- मुरैना शहर) ने कहा, ÷मैं समाज के साथ हर दुख-दर्द में खड़ा रहूँगा। तन, मन और धन से समाज की ख़िदमत करूँगा और 11 बिंदुओं पर अमल कराने का पूरा प्रयास करूँगा।÷ शाही इमाम मुफ़्ती निज़ाम साहब साक़ीबी (लटेरी, विदिशा) ने कहा, ÷जिस क़ौम की इब्तिदा इल्म से हुई, आज वही क़ौम इल्म से बहुत दूर है। बच्चों को तालीम में आगे लाना होगा, चाहे उन्हें कम खाना खिलाकर ही सही। असल दौलत इल्म है और इल्म के बिना तरक़्क़ी नामुमकिन है।÷ मुफ़्ती और मौलाना-ए-किराम का इत्तेफ़ाक़ी बयान था, ÷मुसलमान और समाज की तरक़्क़ी सिर्फ़ सुन्नत और शरीअत की बुनियाद पर मुमकिन है। जब सुन्नत और शरीअत हमारे अंदर ज़िंदा होंगी, तभी हम दुनिया को बेहतरीन ढंग से समझ पाएँगे और दुनियावी तरक़्क़ी भी हासिल करेंगे।÷




महापंचायत के मुख्य फ़ैसले और एहतिमाम- कार्यसमिति गठन और अध्यक्ष ङ्क मुरैना शहर की अस्थायी कार्यसमिति बनाई गई। निर्विरोध अध्यक्ष- जनाब शहज़ाद ख़ान सिकरोदा। अध्यक्ष का इस्तक़बाल साफ़ा बांधकर और माल्यार्पण के साथ किया गया। 18 मौज़ूआत पर अमल- मूल मौज़ूआत 14, अतिरिक्त मौज़ूआत 4, कुल 18 मौज़ूआत पर काम किया जाएगा। संदेश- ÷जौरा महापंचायत के 14 मौज़ूआत पर तो काम होगा ही, लेकिन मुरैना शहर में हम 4 अतिरिक्त मौज़ूआत पर भी अमल करेंगे और अंजाम देकर दिखाएँगे।

### अन्य चार अहम तजावीज़

दहेज पैक करके दिया जाएगा, खुला और दुकाननुमा अंदाज़ में नहीं; कम उम्र में बेवा हुई बेटियों का दोबारा निकाह कराया जाएगा; विवादित मामलों का हल कमेटी की मदद से किया जाएगा; मिलजुल कर खाना बनाने की रस्म को अपनाया जाएगा और इसे बुरा समझने से मना किया गया।

कार्यक्रम की रौनक और इंतज़ामात- संचालन - आबिद ख़ान सर और इंजी. अफ़ज़ल ख़ान सर (M.Tech); तमाम जिलों से आए हाजियों और नवनिर्वाचित अध्यक्षों का शानदार इस्तक़बाल; मेहमानों के लिए चाय और जलपान; समाज की ओर से दावत-ए-खाना; मेडिकल कैम्प ङ्क मेट्रो पैथोलॉजी लैब (एडी ख़ान, बंटी ख़ान ङ्क अध्यक्ष ग्वालियर) के सहयोग से।

निष्कर्ष- मुरैना की यह महापंचायत समाज सुधार, शिक्षा, सुन्नत/शरीअत और कुरीतियों के ख़िलाफ़ कदम उठाने वाली ऐतिहासिक पहल है। अवाम और वॉलंटियर टीम का हौसला, 18 मौजूआत पर अमल, शिक्षा, सुन्नत और शरीअत पर जोर, बेहतरीन इंतज़ाम और मेहमाननवाज़ी ङ्क यह सब मिलकर मुरैना को देश में एक मिसाल और काबिले-तारीफ़ समाज बनाते हैं।

### ख़ास बातें जिन्होंने सबका दिल जीत लिया

इंतज़ामात इतने आला थे कि हर शख़्स ने कहा – यह नज़ीर क़ायम करने वाला प्रोग्राम था; मेहमानों का इस्तक़बाल और इकराम ङ्क समाज की असल पहचान बन गया; उलमा, मुफ़्ती और मौलाना को बुलाकर मंच की रौनक़ बढ़ाई और समाज को इल्मी रोशनी से मालामाल किया गया; प्रोग्राम को लाइव चलाकर लगभग 8000 से ज़्यादा माँङ्कबहनों के घरों तक यह पैग़ाम पहुँचाया गया; वॉलंटियर्स की जाँफ़िशानी यानी जी–जान से काम करने का जज़्बा समाज की असली ताक़त बनकर नज़र आया; नमाज़ के लिए वक़्फ़ा देना ङ्क इसने साबित कर दिया कि मज़हब और समाज दोनों साथ–साथ चल सकते हैं; बाहर से आए मेहमानों के लिए ठहरने और खाने की व्यवस्था से लेकर मेहमाननवाज़ी तक सब कुछ आला दर्जे का रहा। समाज सुधार का पैग़ाम- महापंचायत ने साफ़ संदेश दिया कि समाज सुधार और बुरी रस्मों का अंत हमारी प्राथमिकता है; शादी, दहेज, विवाद निपटान, तालीम और सुन्नत/शरीअत को अपनाकर ही समाज की तरक़्क़ी मुमकिन है; बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम में आगे बढ़ाना, कुप्रथाओं को छोड़ना और समाज में सम्मान, भाईचारा और एकजुटता बढ़ाना अब हर सदस्य की ज़िम्मेदारी है; अवाम और वॉलंटियर टीम ने दिखा दिया कि हौसला, जज़्बा और इत्तेहाद से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है।

## संवाद 2025' में युवाओं ने रचा 2047 के भारत का विजन

रिपोर्टर: कमलेश पटेल, इटारसी

इटारसी में आयोजित ÷संवाद 2025÷ कार्यक्रम में युवाओं ने 2047 के भारत और उसमें अपनी भूमिका पर गहन चर्चा की। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पंकज चौरे ने युवाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और प्रतिशील भारत बनाने का संदेश दिया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी अपने-अपने विचार साझा किए और नए भारत के निर्माण में अपनी भूमिका पर चर्चा की। सभी ने मिलकर नए भारत का विजन सोचने और साझा करने का आह्वान किया ताकि 2047 तक एक विकसित और मजबूत भारत बन सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प लिया और युवाओं को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।

## प्रमुख संक्षिप्त

### सड़क न होने से गांव में नहीं पहुंची एंबुलेंस, मरीज को खाट पर लादकर ले गए परिजन

**रिपोर्ट प्रदीप यादव भीमपुर।** विकास की लहर अबतक नहीं पहुंची- सड़क के अभाव में मरीज को चारपाई से एक किलोमीटर दूर एंबुलेंस तक पहुंचाया गया। भीमपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पिपरिया के ग्राम सांगवानी का मामला है। ग्रामीण रामु यादव निवासी सांगवानी ने बताया कि आशाराम यादव उम्र 70 वर्ष खून उल्टी कर रहा था। 108 एंबुलेंस के लिए रास्ता न होने के कारण ग्रामीणों ने मरीज को कच्ची सड़क से खाट (चारपाई) में रखकर मेन रोड तक लाया, जहां पर एंबुलेंस पहुंची। ग्रामीणों ने जोखिम उठाकर मरीज को एंबुलेंस तक पहुंचाया। मजबूर परिजनों ने लगभग एक किलोमीटर की दूरी तय की। भीमपुर विकासखंड आदिवासी बाहुल्य के वनांचल और दूरस्थ इलाकों में विकास की लहर अबतक नहीं पहुंची है। ग्राम सांगवानी की सड़क खराब होने के कारण मरीज को एंबुलेंस तक ले जाने के लिए चारपाई का सहारा लेना पड़ा। बुजुर्ग मरीज आशाराम यादव उम्र 70 वर्ष खून उल्टी कर रहा था, परिजनों ने तत्काल 108 की मदद मांगी। सड़क खराब होने के कारण 108 एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी। ऐसे में पीड़ित के मजबूर परिजनों ने किसी तरह चारपाई में लेटाकर एक किलोमीटर की दूरी तय कर मरीज को 108 एंबुलेंस वाहन तक पहुंचाया। इसके बाद बुजुर्ग को एंबुलेंस की सहायता से भीमपुर अस्पताल लाया गया। सड़क इतनी खराब है कि वाहन चलाना तो दूर, लोग पैदल आना–जाना भी बड़ी मुश्किलों से कर पा रहे हैं। आने–जाने वाले ग्रामवासी इस सड़क पर पैदल भी नहीं चल सकते। गांव में अगर किसी की तबीयत खराब होती है तो इलाज के लिए दर–दर भटकना पड़ता है।

### डॉ. प्रकाश यादव होंगे 'निमाड़ गौरव सम्मान' से अलंकृत



**रिपोर्टर अविचल राजा शर्मा।** अखिल निमाड़ लोक परिषद द्वारा वर्ष 2025 के सम्मानों की घोषणा रविवार को की गई। लोक कला, संस्कृति, साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभूतियों को प्रतिवर्ष निमाड़ी दिवस (19 सितम्बर) पर सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष यह भव्य आयोजन खरगोन में आयोजित होगा, जिसमें देश की प्रमुख हस्तियों एवं पद्मश्री जगदीश जोशीला की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कुल 23 विभूतियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मान प्रदान किया जाएगा।

इसी कड़ी में निमाड़ गौरव सम्मान बड़वानी जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. प्रकाश यादव को प्रदान किया जाएगा। सरल, सहज और मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी डॉ. यादव न केवल उम्दा चिकित्सक के रूप में बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान रखते हैं।

## इंदौर शहर के महिंद्रा शो रूम सौम्या व्हीकल, सर्विस सेंटर की घोर लापरवाहियाँ

**उपभोक्ता को सर्विस के समय अलग खर्चा बताया जाता है और सर्विस के बाद वन जाता है डबल बिल ना ही उपभोक्ता को कॉल या मेसेज के माध्यम से किया जाता है सूचित, हो जाता है मनमर्जी का बिल**

रिपोर्ट राजेश विश्वकर्मा

इंदौर। इंदौर शहर के महिंद्रा शो रूम और सर्विस सेंटर का मामला बेहद चिंताजनक है। पिगडंबर निवासी अर्जुन सिंह ठाकुर ने बताया कि उनके साथ यहाँ न केवल अधिक बिल लगाया गया बल्कि सर्विस सेंटर के कर्मचारियों द्वारा अभद्रता भी की गई। अर्जुन सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी कार बोलेरो की केवल बम्पर और सामने का ग्लास बदलवाना था, जिसके लिए सर्विस सेंटर ने 15 हजार रुपए खर्च बताया था और अतिरिक्त कोई खर्चा नहीं होने की बात कही थी। इसके बावजूद










जब उन्होंने शाम को अपनी कार लेने सर्विस सेंटर पहुंचा, तो उन्हें 24 हजार रुपए से अधिक का बिल थमा दिया गया। उन्होंने अधिक बिल के विषय में पूछताछ की, लेकिन किसी स्पष्ट जवाब नहीं मिला और 21,500 रुपए देकर गाड़ी छोड़नी पड़ी। इसके बाद कर्मचारियों ने अभद्रता करते हुए कहा कि ÷तुम लोगों से जो बने कर लेना÷, जिसमें गलत शब्दों का प्रयोग भी किया गया। अर्जुन सिंह ने इस अमानवीय व्यवहार की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी और मीडिया के माध्यम से अपने अनुभव को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार के शोरूम संचालकों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए और उपभोक्ताओं के साथ हो रही ठगी की निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाए।

## रामनगर पुलिस की बड़ी सफलता, चोरी की गई 02 मोटर साइकिलें बरामद, 03 आरोपी गिरफ्तार




रिपोर्टर शांतनु मिश्रा/अनूपपुर/रामनगर

पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस ने कार्यवाही को अंजाम दिया है। अपराध क्रमांक 242/25 धारा 303(2) बीएनएस में चोरी हुई हीरो ग्लैमर मोटर साइकिल (वाहन क्रमांक सीजी 10 ईबी 0701) तथा अन्य मामले में बरतराई से चोरी की गई मोटर साइकिल (वाहन क्रमांक स्श्क्ष8 त्न 0133) को पुलिस ने बरामद कर लिया है।आरोपीगण – 1. अंशु उर्फ प्रिंस महरा 2. अन्नू उर्फ अनुज महरा 3. चंद्र प्रकाश उर्फ पप्पू चौधरी 4. राहुल केवट फरार सभी निवासी ग्राम ऊरा। पुलिस ने आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने जुर्म कबूल किया। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई मोटर साइकिलें ग्राम ऊरा स्थित खंडहरनुमा झाला से जप्त की गईं। कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, प्र.आर. सनत द्विवेदी, प्र.आर. अमित पटेल, प्र.आर. राहुल प्रजापति, आर. अनुराग सिंह, आर. अनुराग भार्गव तथा आर. चक्रधर तिवारी की सराहनीय भूमिका रही है।

## दो दिन बाद भक्ति और उत्साह के साथ विसर्जन हेतु निकली श्री गणेश जी की दो प्रतिमाएं



रिपोर्ट नितिन पटेरिया

खुरई। नगर के विभिन्न स्थानों पर विराजित श्री गणेश जी की सभी प्रतिमाओं का अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन हो गया था, वहीं दो प्रतिमाएं ऐसे भी रहीं जो सोमावर को दो दिन बाद भव्य यात्रा के साथ निकलीं। दरअसल, नगर पालिका परिषद खुरई के कर्मचारियों, आउटसोर्स कर्मियों, सहकर्मियों एवं आईईसी टीम सदस्यों द्वारा एक प्रतिमा स्वच्छता कंट्रोल रूम में स्थापित की गई थी, वहीं दूसरी प्रतिमा ऑडिटोरियम में विराजित की गई थी। चूंकि अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश विसर्जन के कारण सभी कर्मचारियों की ड्यूटी नगर व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, नरेन नदी घाट व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं में लगाई गई थी, जिससे निर्णय लिया गया कि प्रतिमा रविवार, यानी अनंत चतुर्दशी के अगले दिन विसर्जित की जाएगी। परंतु रविवार को लगने वाले चंद्रग्रहण एवं सूतक होने के कारण वरिष्ठ धर्मगुरुओं से मार्गदर्शन लिया गया। अंततः ग्रहण समाप्ति के उपरांत, यानी सोमवार को विसर्जन करने पर सहमति बनी। इसके बाद सोमवार को बड़ी धूमधाम और उत्साहपूर्वक दोनों प्रतिमाओं को विसर्जन हेतु नगर के मुख्य मार्गों और बाजारों से चलसमारोह, झांकी, गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। मुख्य मार्गों से होते हुए नरेन नदी घाट पर दोनों प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धाभाव से एवं श्री गणेश को भावुक विदाई देते हुए किया गया।

स्वच्छता का संदेश देने सजाई गई झांकी। नगर पालिका के आउटसोर्स कर्मियों एवं आईईसी टीम सदस्यों द्वारा इस विसर्जन रैली में स्वच्छता का संदेश देती एक झांकी भी निकाली गई, जिसमें खुरई श्री स्टार को दर्शाया गया। वहीं इसी झांकी में महात्मा गांधी जी की वेशभूषा में स्वच्छता प्रेरक बने सहकर्मी को भी लोगों ने बहुत सराहा। स्वच्छता रैली का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, स्वच्छ नगर बनाने में सभी का सहयोग प्राप्त करना और खुरई को स्वच्छता में हमेशा अग्रणी बनाए रखने का संदेश देना था।

## मुरैना में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वॉलीबॉल शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा जिले की चौरई तहसील के ग्राम कुंडा की बालिका का हुआ चयन...

### अपनी कड़ी मेहनत और लगन के कारण ही संभाग का प्रतिनिधित्व करने का मिला अवसर बोले- कोच दीनदयाल यादव

रिपोर्ट - सुरजीत सिंह ठाकुर



छिंदवाड़ा (ब्यूरो चीफ) वॉलीबॉल कोच दीनदयाल यादव ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया जिनमें कोच दीनदयाल यादव, सोनम सनोडिया एवं वरिष्ठ खिलाड़ी सदाकत अली मीर शामिल है ने बताया की यह बच्ची सुबह शाम साला परिसर के मैदान में बहुत ही कड़ी मेहनत करती हैं और अपनी कड़ी मेहनत और लगन के कारण आज उसे राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में अपने संभाग का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ। अनुष्का सतनामी पिता तुलसीदास सतनामी माता गंगा सतनामी 8 सितंबर से 11 सितंबर तक मुरैना जिला के अम्बा में वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसके लिए गांव के वरिष्ठ नागरिक सुरेंद्र चौरसिया, सुशील सक्सेना, लड्डू पटेल, अभिजीत सोनटक्के, राकेश पंचेवर संतोष पांडे, जॉर्ज जीवन राव, इरफान अली मीर,निकेश जैन, प्रशांत राव, पुरुषोत्तम चौधरी अभिषेक यादव, अर्जुन यादव, आयुष सोनी,शासकीय माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक रामकुमार वर्मा, जितेन्द ठाकुर शिक्षिका सुशीला शर्मा, माधुरी पांडे ज्योति चौरसिया, शालनी चौरसिया जय हिन्द वॉलीबाल क्लब के अध्यक्ष अभितेष चौरसिया, उपाध्यक्ष पीर मोहम्मद, आयुष सोनी, पुरूषोतम चौधरी, अभिषेक यादव,कुमारी निधि सनोडिया, रौनक सनोडिया अंजली उइके सभी लोगों ने बच्ची की इस उपलब्धि पर उसे शुभकामनाएं प्रेषित कि।

## भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों में हो रही वर्षा के कारण बड़ी झील का जलस्तर पहुंचा एफटीएल पर

भोपाल।

भोपाल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण बड़ी झील का जलस्तर फुल टैंक लेबिल (1666.80 फीट) पर पहुंचा और दोपहर 12-50 बजे भदभदा बांध का गेट नंबर 04 खोला गया जो समाचार लिखे जाने तक खुला हुआ है। भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों में हो रही वर्षा के कारण राजधानी के ऐतिहासिक बड़ी झील का जलस्तर फुल टैंक लेबिल पर पहुंचते ही निगम प्रशासन ने मंगलवार दोपहर 12-50 बजे भदभदा बांध का गेट नंबर 04 खोला।

## इंदौर नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा आज से इंदौर कलेक्टर होंगे

रिपोर्टर चंद्रशेखर धाकड़ इंदौर।

इंदौर नगर निगम के वर्तमान आयुक्त श्री शिवम वर्मा आज से इंदौर कलेक्टर के पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे पहले वे नगर निगम में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं और योजनाओं का संचालन करते आए हैं और उनके कार्यकाल में इंदौर शहर ने अनेक विकासात्मक पहलों को देखा है। इंदौर कलेक्टर के रूप में उनकी नियुक्ति से प्रशासनिक कार्यों में नए दृष्टिकोण और तेजी की उम्मीद जताई जा रही है। इसी बीच, उज्जैन संभाग के आयुक्त आशीष सिंह ने इंदौर कलेक्टर का पद ग्रहण किया है। पद ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने किसी औपचारिक स्वागत या सत्कार को स्थगित कर सीधे जनसुनवाई में भाग लिया और नागरिकों की समस्याओं को समझने एवं



समाधान की दिशा में कार्यवाही करने की प्राथमिकता दिखाई। अधिकारियों और आम जनता के बीच इस कदम को सराहनीय माना जा रहा है, क्योंकि इससे यह संदेश जाता है कि नई प्रशासनिक जिम्मेदारियाँ ग्रहण करने के बाद अधिकारियों का प्राथमिक उद्देश्य जनसेवा होना चाहिए। आगामी दिनों में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की योजनाएँ और पहलें इंदौर शहर के विकास और नागरिकों की सुविधा को और बेहतर बनाने में सहायक साबित होने की उम्मीद है।

## सतत जन जागरूकता से सेमरिया बनेगा स्वच्छ




रिपोर्टर सेमरिया पवन त्रिपाठी सेमरिया।

सेमरिया में इन दिनों नए नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गीता अविनाश सोनी एवं नगर परिषद सी.एम.ओ. निधि सिंह राजपूत और उपाध्यक्ष मुरलीधर शर्मा नगर को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाने हेतु निरंतर नगर के दुकानदारों से संवाद कर रहे हैं। पहले सेमरिया में दुकानदार सड़क पर कचरा फेंक देते थे और पूरा नगर गंदगी से भरा रहता था। लोगों की जुबान पर स्वच्छता की बातें होती थीं, किंतु एक वास्तविक शुरुआत की आवश्यकता थी। बताते हैं कि विगत पंचवर्षीय अल्प कार्यकाल में रामाधार गुप्ता जी के नेतृत्व में नगर में स्वच्छता के लिए भरपूर कार्य हुआ था और लोग स्वच्छता हेतु जन आंदोलन बनाकर नगर को साफ-सुथरा रखते थे। उस समय नगर का कोई भी व्यक्ति सड़क पर कचरा नहीं फेंकता था और नगर स्वच्छ रहता था। वर्तमान में भी नगर के नागरिक स्वच्छता के लिए प्रयासरत हैं। सेमरिया नगर में स्वच्छता बनाए रखने हेतु नगर परिषद अध्यक्ष एवं सी.एम.ओ., पार्षद और नगर परिषद कर्मचारियों के साथ मिलकर जन आंदोलन चलाया जा रहा है। इस बीच नगर परिषद अध्यक्ष एवं सी.एम.ओ. द्वारा नगर के दुकानदारों को डस्टबिन वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त नगर परिषद अध्यक्ष एवं सी.एम.ओ. द्वारा नव निर्मित सब्जी मंडी सहित वार्ड 10 के मुक्ति धाम का निरीक्षण किया गया और संबंधित ठेकेदारों को कार्य को निश्चित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अविनाश सोनी अध्यक्ष प्रतिनिधि, मुरलीधर शर्मा उपाध्यक्ष, विजय गुप्ता पार्षद वार्ड क्रमांक 8, कृष्णपाल सिंह पार्षद प्रतिनिधि वार्ड क्रमांक 10, ललित गौतम, अशोक द्विवेदी, राजू गौतम सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**खास**

### जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा को जीएसटी से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है

## जीएसटी 2.0 आम आदमी को राहत, विलासिता पर सख्तीः राजा पाण्डेय

रिपोर्ट श्याम सुन्दर पोद्दार मनेन्द्रगढ़।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कुंज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में आज आयोजित पत्रकार वार्ता में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय ने जीएसटी 2.0 के प्रावधानों और उससे होने वाले लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्रीमती चम्पा देवी पावले, महामंत्रीद्वय द्वारिका जायसवाल एवं आशीष मजूमदार, जिला प्रवक्ता जमुना पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कर प्रणाली होगी सरल- पत्रकार वार्ता में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय ने बताया कि जीएसटी 2.0 के तहत अब पुरानी चार कर स्लैब (5त्न, 12त्न, 18त्न, 28त्न) को समाप्त कर तीन स्लैब बनाए गए हैं। इनमें 5त्न दर आवश्यक वस्तुओं पर, 18त्न दर मानक वस्तुओं व सेवाओं पर तथा 40त्न दर विलासिता एवं हानिकारक वस्तुओं पर लागू होगी।




रोजमर्रा की वस्तुएँ होंगी सस्ती- नई व्यवस्था के अंतर्गत पैकेज्ड खाद्य सामग्री, साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट जैसी रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुएँ सस्ती होंगी। जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा को जीएसटी से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। छोटे वाहन, मोटरसाइकिल, तीन-पहिया, टीवी, फ्रिज व वाशिंग मशीन पर कर घटाकर 18त्न कर दिया गया है।

कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल- श्री पांडेय ने बताया कि किसानों व ग्रामीण क्षेत्रों को राहत देने के लिए ट्रैक्टर, कृषि उपकरण, उर्वरक और हस्तशिल्प जैसी वस्तुओं पर जीएसटी घटाकर 5त्न कर दिया गया है। इससे खेती-किसानी व ग्रामीण रोजगार को नई ऊर्जा मिलेगी।

विलासिता महंगी, जनहित सस्ता- शराब, सिगरेट और पान मसाला जैसी हानिकारक एवं विलासिता संबंधी वस्तुओं पर 40त्न जीएसटी लगाया गया है। वहीं, आवश्यक वस्तुएँ व सेवाएँ सस्ती होने से आम उपभोक्ता को सीधा लाभ मिलेगा।

व्यापारियों के लिए राहत- सरकार ने व्यापारियों की सुविधा हेतु कई प्रक्रियाएँ आसान की हैं। अब क्रेडिट नोट जारी करने के नियम सरल होंगे, नवंबर से स्वचालित जीएसटी पंजीकरण की व्यवस्था लागू होगी तथा विवाद निपटारे के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण दिसंबर तक गठित किया जाएगा।

अर्थव्यवस्था में सकारात्मक असर- वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, जीएसटी 2.0 से महँगाई में लगभग 1.1त्न की गिरावट और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और राजस्व संग्रहण भी मजबूत होगा।

जनता के लिए पारदर्शिता का कदम- श्री पांडेय ने कहा कि यह सुधार भारतीय कर प्रणाली को पारदर्शी, सरल और नागरिक-केंद्रित बनाएगा। भाजपा का संकल्प है कि हर नीति का लाभ सीधे जनता तक पहुँचे और जीएसटी 2.0 उसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

# ग्राम पंचायत सेमरिया ने संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का किया आयोजन

जनजागरण संदेश खेमचंद जैन

संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान एवम उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान सेमरिया में सम्पन्न हुआ।ग्राम पंचायत सेमरिया के सरपंच,उप सरपंच और पंचों ने शिक्षक दिवस का आयोजन किया,35 शिक्षको और 46 छात्रों का सम्मान किया गया।।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननिया श्री मती ऊषा सोनवानी,जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता माननिया श्री मती पुष्पलता मोहित बंजारे,सरपंच सेमरिया, विशिष्ट अतिथि माननीय श्री राजेश साहू ,जनपद पंचायत सदस्य,श्री सतबोधी, सत्व दानी बंजारे, उप सरपंच सेमरिया,श्री मुरली रजक एसएमडीसी अध्यक्ष,श्री तारण दास टंडन सामाजिक कार्यकर्ता,श्री गणेश राम साहू पूर्व उपसरपंच ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे,डॉक्टर राधाकृष्णन,सावित्री बाई फुले के छायाचित्र पर मल्यार्पित कर पूजा अर्चना से किए। अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला और पुष्पगुच्छ से किया गया,कार्यक्रम का संचालन संगीता पाटिल व्याख्याता,सावित्री महिलांग शिक्षक, सूर्यकांत हरदेल संकुल समन्वयक, खिलेंद्र कुमार बघेल प्रधान पाठक के द्वारा किया गया।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अयोजन हुआ।शिक्षको का सम्मान ग्राम पंचायत सेमरिया के द्वारा प्रतीक चिन्ह,प्रमाण पत्र,डायरी पेन देकर किया गया।संकुल सेमरिया में युक्तियुक्त करण से आए शिक्षक संतोष कुमार पात्रे, भरत लाल साहू,





कमलेश ताम्रकार, सूर्यकांत हरदेल,हेमशंकर देवांगन प्रमोटेड शिक्षक का स्वागत सम्मान,अंबिका मंडई पीटीआई शिक्षक को बिदाई प्रतीक चिन्ह,प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान, मैडल,प्रमाण पत्र,कॉपी पेन देकर किया गया।जिनमे, दसवीं बोर्ड परीक्षा में उमाशंकर साहू में 95.83 त्न, प्रथम स्थान, हिमानी देवांगन 93.3त्न द्वितीय, देविका खुटेल 88.3त्न तृतीय और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में जयप्रकाश यादव 92.4त्न प्रथम, सत्यविजय टंडन 84.6 द्वितीय खिलेश्वरी 81त्न तृतीय स्थान प्राप्त किए,प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 5000,द्वितीय को 3000 और तृतीय को 2000 रुपए देकर सरपंच ने सम्मानित किया।क्विज प्रतियोगिता जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दीपांशु महिलांग,ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों, संकुल स्तर में कक्षा पांचवी में ?प्रियतम देशलहरे 94 त्न (प्रथम)वनीत देशलहरे 93 त्न (द्वितीय ) देवश्री गायकवाड 92 त्न (तृतीय),कक्षा आठवीं में रजत देशलहरे 92.33त्न (प्रथम ) नूतन साहू 91.50 त्न( द्वितीय ),रुचि 87.83 त्न (तृतीय) को सम्मानित किया। उप सरपंच सतबोधी सत्व दानी बंजारे के द्वारा शाला स्तर में पांचवीं और आठवी में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः 2000,1000 राशि से सम्मानित किया गया।इस्पायर अवार्ड में चयनित छात्र छात्राओं,राज्य स्तर स्काउट गाइड छात्रों एवम विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट छात्रों, मितानिनों,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियो के करकमलों से सम्मानित किया गया।ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस आयोजन किए जाने की घोषणा किया गया।इस कार्यक्रम के अतिथियों को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।संकुल प्राचार्य के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए संकुल परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननिया श्री मती ऊषा सोनवानी,जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता माननिया श्री मती पुष्पलता मोहित बंजारे,सरपंच सेमरिया, विशिष्ट अतिथि माननीय श्री राजेश साहू ,जनपद पंचायत सदस्य,श्री सतबोधी, सत्व दानी बंजारे, उप सरपंच सेमरिया,श्री मुरली रजक एसएमडीसी अध्यक्ष,श्री तारण दास टंडन सामाजिक कार्यकर्ता,श्री गणेश राम साहू पूर्व उपसरपंच , ,उपसरपंच श्री विजय कुमार बघेल,संकुल प्रभारी श्री महेंद्र सिंह ठाकुर, संकुल समन्वयक श्री सूर्यकान्त हरदेल,श्री मोहित बंजारे, खिलावन साहू ,समस्त प्रधान पाठक,शिक्षको,छात्रों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं,मितानिनों एवम बहुतायत संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति और सहभागिता रही।

## कैबिनेट मंत्री अपने विधानसभा के सारंगी मंडल में शोकाकुल परिवार में शोक संवेदना प्रकट करने पहुंची





रिपोर्ट-राहुल अग्रवाल

पेटलावद विधानसभा के सारंगी मंडल में स्व दिलीप सिंह जी भुरिया के सखा पूर्व जनपद अध्यक्ष स्वयं. खीमा जी डामर, पोलारुंडा की पत्नी श्रीमती गेंदी बाई डामर और युवा मोर्चा मंडल महामंत्री लालसिंह डामर की दादी जी के स्वर्गवास होने पर संवेदना व्यक्त करने कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया और रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरा लाल डामर ने शोकाकुल परिवार पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार से हाल जाना।

### करवड़ में घटित घटना

अनंत चतुर्दशी पर गणपति विसर्जन करने गए करवड़ निवासी विशाल (संदीप) पिता अशोक शर्मा की डुबने से मौत हो गई थी। उनके घर भी शोकाकुल शर्मा परिवार के बीच माननीय कैबिनेट मंत्री महिला बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया ने जाकर शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत के पिता से चर्चा कर हिम्मत बंधाई तथा अपनी और सरकार की तरफ से जो भी मदद होगी दिलाने का हर संभव प्रयास करने और परिवार को सांत्वना प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सारंगी मंडल अध्यक्ष पप्पू लाल गामड़, विधानसभा संयोजक हेमंत भट्ट, जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश गणावा, पिछड़ा मोर्चा जिला मंत्री पवन गुर्जर, वरिष्ठ नेता परमानंद पाटीदार, मीडिया प्रभारी सुरेश चंद्र परिहार, अग्नि नारायण सिंह राठौर, हेमेन्द्र सिंह राठौर, दीपक पाटीदार, भेरु भाई सरपंच बरवेट, ईश्वर गामड़ सरपंचक्ष मांडन, जितेंद्र गेहलोत सारंगी, गलिया डामर, निलेश पाटीदार, आशाराम पाटीदार, पप्पू डामर, गोपाल गरवाल, कालु मैडा, कालु डांगी, गोवर्धन लाल बावलचा और भाजपा के जेष्ठ, श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## प्रमुख संक्षिप्त

### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद जुटाने की पहल



रिपोर्ट भगवान सिंह चौहान

**सनावद।** पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सामाजिक संस्था अंजुमन इस्लाम चिल्ड्रन वेलफेयर समिति ने हाथ आगे बढ़ाया है। इस तारतम्य में समिति के अध्यक्ष मुश्ताक मलिक के नेतृत्व में बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान करने के लिए क्षेत्र में सहायता जुटाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। मलिक ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए क्षेत्रवासियों से आर्थिक सहायता के अलावा खाद्य सामग्री, कंबल, गद्दे, मच्छरदानियां आदि एकत्रित की जा रही हैं। सनावद नगर से जल्दी ही राहत सामग्री का ट्रक पंजाब रवाना किया जाएगा। बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए नगरवासियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामों के किसान परिवार भी यथोचित दान दे रहे हैं। मलिक ने क्षेत्रवासियों से बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सामर्थ्य अनुसार मदद प्रदान करने का आव्हान किया है। बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए समिति के प्रयासों की नागरिकों ने सराहना की। राहत सामग्री जुटाने में समिति के अबरार अशरफी, नौशाद मलिक, ताहिर बेग, सैयद उम्मेद अली, आमिर बेग, अंजुमन इस्लाम कमेटी के सदर शेख साकेरीन अशरफी, सेक्रेटरी जर्रार अहमद, वसीम खान, रियाज बेग, मिर्जा आमीन बेग, शेख सिराज, आफताब मलिक द्वारा सराहनीय सहयोग दिया जा रहा है।

### शराब से भरी पिकअप वाहन पुलिस ने पकड़ा 53 पेटी शराब से भरी पिकअप जप्त

**विशाल बाबा नामदेवबाग।** मुखबिर की सूचना पर बाग पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब से भरी पिकअप वाहन को पकड़ लिया। मुखबिर ने सूचना देते हुए बताया कि पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 11जी 4573 में अवैध शराब भरकर टांडा रोड की ओर जा रही है। सूचना मिलने पर बाग पुलिस ने वाहन का पीछा किया और पुराने जीएमसी के सामने बाग से लगभग दो किलोमीटर तक पीछा करने के बाद वाहन को पकड़ लिया।पिकअप में 40 पेटी माउंट बीयर, 5 पेटी गोआ व्हिस्की, 6 पेटी लंदन प्राइड और 2 पेटी देशी शराब मिली। इस प्रकार कुल 53 पेटी में 595 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद हुई। जप्त शराब की कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी जा रही है। इसके साथ ही महिंद्रा पिकअप वाहन की कीमत 5 लाख रुपये है।बाग पुलिस ने वाहन चालक बदरु उर्फ बदरसिंह निवासी बाकी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 के तहत मामला दर्ज किया गया है और आरोपी से पूछताछ जारी है।

## जल जीवन मिशन के स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें - कलेक्टर



रिपोर्टर खुमेश यादव नारायणपुर

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की प्रगति समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के आश्रम छात्रावास और आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की सुविधा प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराई जाए। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत जो ठेकेदार कार्य नहीं कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ममगाईं ने जल जीवन मिशन में कार्यरत दो ठेकेदारों के 10 नग अनुबंध समाप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्ष प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त दो ठेकेदार मेसर्स वर्चिटेक प्राइवेट लिमिटेड एवं मेसर्स सौर्य कंस्ट्रक्शन एड अर्थ वर्क को जिला नारायणपुर अंतर्गत आगामी छह माह के लिए निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया है। उक्त दोनों ठेकेदार आगामी छह माह में जिला स्तरीय किसी भी निविदा में भाग लेने के लिए प्रतिबंधित रहेंगे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकांक्षा शिक्षा खलखो, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके वर्मा, क्रेडा विभाग के कार्यपालन अभियंता विजय ध्रुव, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन अभियंता रमेश कुमार नेताम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सौंसर क्षेत्र में अधूरी और खराब सड़कों को लेकर शिकायत, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की मांग

रिपोर्टर,, धीरज सिंह चंदेल सौंसर (पांढुर्ना)।





प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत सौंसर विधानसभा क्षेत्र में बन रही सड़कों की गुणवत्ता पर सवाल उठते नजर आ रहे हैं। भ्रष्टाचार मुक्त मध्यप्रदेश अभियान संगठन द्वारा महाप्रबंधक प्रधानमंत्री सड़क योजना कार्यालय, जिला कलेक्टर महोदय पांढुर्ना को एक शिकायत पत्र सौंपा गया, जिसमें क्षेत्र में अधूरे पड़े कार्य, टूटे हुए पुल और खराब सड़कों की सूची सहित शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि यदि ठेकेदार दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, साथ ही संबंधित शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई हो। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन के भीतर कोई कदम नहीं उठाया गया तो संबंधित कार्यों की जनमानस द्वारा शिकायत की जाएगी और विरोध प्रदर्शन भी किया जा सकता है। मुख्य शिकायतें इस प्रकार हैं- 1. ग्राम आमला व जोबनी खापा मार्ग पर पुलिया निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे बरसात में ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। 2. ग्राम सतनूर से सावंगा मार्ग की सड़क पूरी तरह से खराब हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में कठिनाई हो रही है। 3. ग्राम देवी, बडोसा, राघादेवी मार्ग पर 24 साल पुराना जर्जर पुलिया है, जो अब बहुत छोटा पड़ चुका है। यहां 20 गांवों का संपर्क टूट रहा है। 4. ग्राम ढोकडोह से छिन्देवानी वाया धोड़ा बोरगांव तक 6 किलोमीटर सड़क की सख्त जरूरत बताई गई है। संगठन ने सरकार से मांग की है कि शीघ्र इन मुद्दों पर कार्यवाही कर जनता को राहत दी जाए, अन्यथा क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन होंगे।

## माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित



आज हम सभी के मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं खंडवा लोकसभा क्षेत्र के यशस्वी सांसद रहे, जन-जन के नेता, जनसेवा के प्रतीक आदरणीय स्व. श्री नंदकुमार सिंह चौहान 'काकाजी' जी की जयंती के पावन अवसर पर जयतु सूर्य पुंज जन कल्याण बहु आयामी संस्था, शाहपुर द्वारा संचालित सूर्य पुंज एज्युकेशनल एकेडमी, शाहपुर में भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष महोदय समाजसेवी व शिक्षाविद् श्रीमान महेश सिंह सूर्यकांत सिंह चौहान जी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य श्री अभिजीत गोरे सर, संस्था प्रबंधक श्री गौरव सिंह गौर सर तथा संपूर्ण शिक्षण स्टाफ ने काकाजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उनके महान राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन, जनकल्याणकारी कार्यों एवं अनुकरणीय व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया, जिससे विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को काकाजी के जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर मिला। कार्यक्रम के उपरांत संस्था अध्यक्ष महोदय जी की उपस्थिति में सभी ने एक साथ काकाजी की प्रतिमा स्थल पर पहुँचकर माल्यार्पण किया और उनकी पुण्य स्मृति को नमन करते हुए उनके दिखाए गए मार्ग, समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों का स्मरण किया। संस्था अध्यक्ष महोदय श्री महेश सिंह सूर्यकांत सिंह चौहान जी ने कहा कि -÷आदरणीय काकाजी केवल एक जननायक नहीं थे, बल्कि वे हम सभी के लिए प्रेरणापुंज थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज व राष्ट्रहित को समर्पित कर दिया। उनकी सादगी, संघर्षशीलता, जनसेवा और संगठन के प्रति निष्ठा आज भी हम सबके लिए मार्गदर्शक है। आज आपकी जयंती के अवसर पर हम संकल्प लेते हैं कि आपके आदर्शों को अपनाकर संस्कार, समाज में सेवा और राष्ट्र में समर्पण की भावना का निरंतर विस्तार करते रहेंगे। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। काकाजी अमर रहें। उनके विचार व आदर्श हम सभी का सदैव पथ प्रदर्शित करते रहेंगे।

## जावरा के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय मुख्यमंत्री से मिले

संवाददाताः मोहम्मद शरीफ कुरैशी

संकट की घड़ी में किसानों के साथ खड़ी है मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार। बहुत ही



चिंता जनक विषय है कि हमारा किसान परिवार अतिवृष्टि एवं पीला मोजक के कारण सोयाबीन की फसल पर आए संकट के कारण बहुत परेशान है। हमारे क्षेत्र में भी किसान साथियों और भाजपा पदाधिकारियों ने लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय को लगातार हो रही नुकसानी से अवगत कराया था। इस स्थिति से विधायक डॉ. पांडेय भी चिंतित हुए और उन्होंने जिला प्रशासन के साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को कनेरी आगमन तथा भोपाल पहुंच कर किसानों पर आई तकलीफ से अवगत कराते हुए शीघ्र राहत दिए जाने की मांग की। विश्वास रखिए कि भारतीय जनता पार्टी की डॉ. मोहन यादव सरकार मुसीबत की इस घड़ी में किसानों के साथ है।

## सड़क दुर्घटना एवं उनमें होने वाली मृत्युदर में कमी लाये जाने गुना पुलिस का विशेष अभियान

### जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने की एक साथ वाहन चैकिंग

रिपोर्टर.... रोहित सक्सेना

प्रदेश में सड़क दुर्घटना एवं उनमें होने वाली मृत?युदर में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पुलिस द्वारा दिनांक 08 सितंबर से 22 सितंबर 2025 तक राज्यव्यापी 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गुना पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी द्वारा अभियान के तहत जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कार्यवाही करने के साथ ही विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों पर यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। अभियान के तहत गत दिनांक 08 अगस्त 2025 की शाम 07ः00 बजे से 09ः30 बजे तक जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों ने अधिकतम फोर्स के साथ अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रूप से वाहन चेकिंग की। इस दौरान 1. तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों, 2. बिना हेलमेट/बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले चालकों, 3. नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, 4. वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले चालकों, 5. शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों, 6. रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले चालकों, 7. ओवरलोडिंग वाहनों, 8. बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस, बिना परमिट वाले वाहनों सहित अन्य संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों को बारीकी से चेक किया गया। जिले में की गई इस मैराथन वाहन चेकिंग में यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए कुल 108 वाहनों पर पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 40,000/-रूपये समन शुल्क वसूला गया। गुना में यातायात पुलिस की वाहन चेकिंग के दौरान हनुमान चौराहा पर एक वाहन चालक के शराब की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर उसका वाहन जब्त किया गया और उसके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा 185 के अंतर्गत प्रकरण तैयार किया गया, जिसे आज माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा जयस्तंभ चौराहे पर एक बस बिना वैद्य परमिट के संचालित पाए जाने पर उसके विरुद्ध 5,000/-रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया। सभी वाहन चालकों से पुलिस की अपील है कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का हमेशा पालन करें, सावधान रहें, सुरक्षित रहें। गुना पुलिस का यह अभियान आगे भी इसी तरह निरंतर जारी रहेगा।



जिला पुलिस गुना - आमजन की सुरक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध÷

## जल जीवन मिशन के अधूरे कामों पर कलेक्टर सख्त, दो ठेकेदारों पर 6 माह की पाबंदी

रिपोर्टर- कैलाश सोनी, दबंग केसरी

नारायणपुर। जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में सुस्ती पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने सख्ती दिखाई है। मंगलवार को जिला कार्यालय सभा कक्ष में हुई जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता से और समय सीमा में पूरा किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि आश्रम छात्रावास और आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के दौरान उन्होंने उन ठेकेदारों पर नाराजगी जताई, जो काम में लापरवाही बरत रहे हैं। कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ममगाईं ने जल जीवन मिशन के 10 अनुबंध समाप्त करने और दो ठेकेदारों को आगामी छह माह तक किसी भी जिला स्तरीय निविदा में भाग लेने से रोकने के निर्देश दिए। जिन कंपनियों पर यह कार्रवाई हुई है, उनके नाम मेसर्स वर्चिटेक प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स सौर्य कंस्ट्रक्शन एड अर्थ वर्क हैं। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत की सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके वर्मा, क्रेडा विभाग के अभियंता विजय ध्रुव, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अभियंता रमेश कुमार नेताम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



**खास** ऐसे वीर शहीद को जन्म देने वाली माता सुशीला देवी को हम सभी नमन करते हैं

# राष्ट्रपति द्वारा कीर्तिचक्र से सम्मानित शहीद भृगु नंदन चौधरी का उनके गृहग्राम सडौली में मनाया गया शहादत दिवस

रिपोर्टर लक्ष्मण कश्यप गरियाबंद।

8 सितंबर को वीर शहीद भृगु नंदन चौधरी का उनके गृहग्राम सडौली में शहादत दिवस मनाया गया। सडौली ग्राम जिला मुख्यालय गरियाबंद से लगा हुआ है। वीरता की कहानी वहाँ की मिट्टी में है जिसने कई वीर क्रांतिकारियों को जन्म दिया, जिन्होंने न केवल अपने जिला बल्कि पूरे देश का नाम रौशन किया। जिसे लोग वर्षों याद रखेंगे। उन माताओं को नमन है जिन्होंने अपने कलेजे के टुकड़े को देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। गरियाबंद जिला के मान में उन देशभक्त वीरों की कुर्बानी छुपी हुई है, जिन्हें मरणोपरांत भारत के राष्ट्रपति द्वारा कीर्तिचक्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मो. जावेद हुसैन, डिप्टी कमांडेंट सीआरपीएफ जीसी रायपुर सहित सब इंस्पेक्टर सीआरपीएफ श्री दिलधर उरांव, ग्राम पंचायत सडौली की सरपंच लक्ष्मी ठाकुर, उपसरपंच लीलांबर शांडिल्य, शहीद भृगु नंदन की माता श्रीमती सुशीला देवी चौधरी, बड़े पिता फरस राम चौधरी, असम राइफल्स के सेवानिवृत्त हेड कॉन्स्टेबल




श्री सडानंद नाग, शासकीय हाइस्कूल की प्राचार्या अंजली सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता रेखा शुक्ला, मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक टेकाम सर, प्राइमरी स्कूल की कश्यप मैडम के विशेष आतिथ्य में एवं ग्राम के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों द्वारा शहीद भृगु नंदन चौधरी के छायाचित्र और प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

उक्त अवसर पर डिप्टी कमांडेंट मो. जावेद हुसैन ने शहीद भृगु नंदन की संक्षिप्त जीवन परिचय और वीरता पदक कीर्तिचक्र के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि भृगु नंदन चौधरी के जीवन चरित्र को आने वाली पीढ़ी वर्षों याद रखेगी। यह सम्मान पूरे सीआरपीएफ सहित छत्तीसगढ़, गरियाबंद जिला और ग्राम सडौली के लिए गौरव की बात है। सीआरपीएफ में कीर्तिचक्र प्राप्त करने वाला पहला जवान भृगु नंदन चौधरी हैं। यह सम्मान हर किसी को नहीं मिलता। ऐसे वीर शहीद को जन्म देने वाली माता सुशीला देवी को हम सभी नमन करते हैं।

विशिष्ट अतिथि सडानंद नाग ने कहा कि यह आयोजन बच्चों के लिए प्रेरक है। युवाओं में बढ़ती नशे की आदतों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशापान बहुत से अपराधों का जन्मदाता है। इससे पूरी तरह दूर रहना ही सबकी भलाई है। उनकी वीरतापूर्ण जीवन गाथा एक पुस्तक के रूप में सीआरपीएफ के सौजन्य से प्रकाशित की गई है, जो हर बच्चे और नवजवानों के लिए पठनीय है। उपसरपंच लीलांबर शांडिल्य ने अपने संबोधन में अदम्य साहस और वीरता के प्रतीक वीर भृगु नंदन की शहादत को नमन करते हुए कहा कि हर सैनिक जो इस ग्राम का निवासी है और देश की सीमाओं में भारत माता की रक्षा के लिए तैनात है, वे सभी समाज, देश और ग्राम के गौरव हैं। पुण्य तिथि पर यह आयोजन सभी बच्चों को प्रेरणा देता रहेगा। शहीद भृगु नंदन की माता को सीआरपीएफ डिप्टी कमांडेंट द्वारा श्रीफल और शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।

देवेंद्र कश्यप और सभी ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम के सभी नागरिकों के साथ ग्राम के सभी स्कूली बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं और शहीद के परिवार के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन बोधन कांशी, सेवानिवृत्त प्राचार्य द्वारा किया गया, जिसमें के. के. कृषाणु का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन कामता प्रसाद नाग द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

## प्रमुख संक्षिप्त

### बीदासर की होनहार बेटी डॉ. रेणु पारीक को मिली पीएचडी की उपाधि, परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर



रिपोर्ट- अनिल शर्मा

बीदासर। कस्बे की प्रतिभाशाली छात्रा डॉ. रेणु पारीक ने शोध विषय ‌फ़राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में रोबोटिक प्रक्रिया स्वचालन को अपनाने में अवसर एवं चुनौतियांफ़ पर पीएचडी की उपाधि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन डॉ. अजय पाल सिंह ने उन्हें यह उपाधि प्रदान की। वर्तमान में डॉ. पारीक आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी जयपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर से चार वर्षों के अथक परिश्रम के बाद यह उपलब्धि हासिल की। उनका शोधकार्य सीनियर एसोसिएट प्रोफेसर राजेश कुमार टेलर के निर्देशन में पूर्ण हुआ। डॉ. पारीक ने अपनी सफलता का श्रेय लगन और कड़ी मेहनत को देते हुए कहा कि संकल्प और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।गौरतलब है कि डॉ. रेणु पारीक बीदासर पार्षद प्रतिनिधि पवन पारीक की पुत्री हैं। उनकी इस सफलता पर दड़ीबा क्षेत्र में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई।

### नशे में धुत सिपाही ने ई-रिक्शा रोककर की बदसलूकी



रिपोर्टर मंजय कुमार यादव

चंदौली। मृत गाय ले जा रहे चालक से मारपीट, वीडियो वायरल; धानापुर थाने का सिपाही निकला आरोपी पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मुगलसराय अलीनगर अलीपुर थाना चंद कदमों दूरी पर एक सिपाही द्वारा की गई बदसलूकी का मामला सामने आया है। अलीनगर थाना क्षेत्र में एक ई-रिक्शा चालक मृत गाय को फेंकने जा रहा था। इसी दौरान धानापुर थाने में तैनात सिपाही संदीप कुमार चौबे ने उसे रोक लिया। सिपाही ने न केवल चालक से मारपीट की, बल्कि पैसों की भी मांग की। पीड़ित के अनुसार, घटना के समय सिपाही नशे की हालत में था। यह घटना थाने से कुछ ही दूरी पर हुई। मामले की जानकारी मिलते ही सरेसर ग्राम प्रधान रामविलास मौके पर पहुंचे। घटना का वीडियो भी बनाया गया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में सिपाही की बदसलूकी साफ देखी जा सकती है। यह घटना पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने वाली है। स्थानीय लोगों ने सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले की जांच की जा रही है।

### डॉ. रागिनी स्वर्णकार को मिली पी एच डी की उपाधि



रिपोर्टर रामनारायण पाटीदार धार । डॉक्टर रागिनी स्वर्णकार व्याख्याता पीएमश्री विद्यालय घाटाबिल्लौद जिला धार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा कल एक भव्य कार्यक्रम में दीक्षांत समारोह मिंटोहॉल में राज्यपाल मांगू भाई पटेल जी मुख्यमंत्री मोहन यादव जी और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. सुरेश कुमार जैन द्वारा पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि उनके शोधग्रंथ आदिवासी कवियों के काव्य का समग्र अनुशीलन (इक्कीसवीं सदी के संदर्भ में) विषय पर लिखे शोधग्रंथ पर दी गई है। शोधकार्य प्रोफेसर डॉक्टर पुष्पा दुबे (हिंदी विभागाध्यक्ष) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय होशंगाबाद मध्यप्रदेश के निर्देशन में पूर्ण किया गया है सहनिर्देशक प्रोफेसर राजकुमारी शर्मा शासकीय चन्द्रदेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर थीं।

# नगर पंचायत में नहीं बिकेगी शराब देशी अंग्रेजी शराब दुकान के खिलाफ जन आक्रोश

**चूल्हा चौंका लेकर बैठी महिलाएं, शराब लेने आए ग्राहकों को शरबत पिलाया लिखित आश्वासन के बाद प्रदर्शन स्थगित**

रिपोर्टर -- जयविलास शर्मा

गरियाबंद --- सोनामुंदी में संचालित देशी-विदेशी शराब दुकान को हटाने आज वार्ड की महिला पुरुष भारी संख्या में दुकान के आगे एकत्रित होकर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए हैं। वार्ड पार्षद विनोद पांडे, पटेल भवरसिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में लोग जुटे थे और आबकारी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। नगर पंचायत के वार्ड 15 को धरने को शराब दुकान हटाने सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षण संस्था के संचालक मंडल सहित पालक और गायत्री परिवार के लोगों का समर्थन मिला। जहां आबकारी विभाग के खिलाफ महिलाओं का भारी आक्रोश देखा गया वहीं सुबह से ही देवभोग पुलिस धरना स्थल की चौकसी में जुटी थी। आबकारी विभाग के कर्मी और अधिकारी भी पहुंच कर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन वार्ड वासी दुकान हटाने के लिखित आदेश मिलने पर ही प्रदर्शन स्थगित करने पर अड़े हुए थे।



### आबकारी विभाग के बेतुके जवाब से भड़के ग्रामीण

विगत दो वर्षों से शराब दुकान हटाने की मांग चली आ रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कई बार कलेक्टर, प्रभारी मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक यह मांग की। सभी ने दुकान हटाने के लिए समय-समय पर कार्यवाही का निर्देश आबकारी विभाग को दिया था, लेकिन विभाग ने मांग, निर्देश और लोगों की भावना को दरकिनार कर अपनी दुकानदारी को प्राथमिकता में रखा। हटाने के बजाय भवन और अहाता का टेंडर पुराने स्थल पर दिया गया। जनप्रतिनिधियों की मांग के जवाब में आबकारी विभाग ने मिलने वाले राजस्व का हवाला देकर, दुकान हटाने की प्रक्रिया को शासन स्तर पर करने का जिक्र करते हुए जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। आबकारी विभाग की मनमानी के प्रति फैले आक्रोश के कारण आज वार्ड वासी धरने पर बैठ गए। पार्षद विनोद पांडे ने कहा कि दुकान हटाने के पहले नए स्थल का चयन और दुकान के लिए पृथक से टेंडर निकालने की प्रक्रिया भी शुरू की गई थी, पर पूर्व जिला आबकारी अधिकारी की हठधर्मिता के कारण दुकान हटाया नहीं जा सका।

### आखिर नगर वासी क्यों हटाना चाहते हैं दुकान?

10 साल पहले जब दुकान संचालित हुई थी तब आबादी कम थी। तब देवभोग नगर पंचायत भी नहीं बना था, सोनामुंदी दूसरे पंचायत का आश्रित श ग्राम था। अब आबादी बढ़ गई है और सोनामुंदी देवभोग नगर पंचायत का वार्ड बन गया है। महज 100 मीटर दूरी पर विद्यालय है, इस वार्ड के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय जाने का रास्ता शराब दुकान से होकर गुजरता है। शराबी विद्यालय प्रांगण और मुख्य दरवाजे तक पहुंच जाते हैं। अहाता में नियम विरुद्ध प्लास्टिक की बिक्री और उसके बिखराव से आसपास के इलाके एवं विद्यालय परिसर भी मदपान अवशेष युक्त हो रहा है। गंदगी से निजात पाने के लिए वार्ड वासी दुकान को किसी अन्यत्र स्थल पर संचालन की मांग कर रहे हैं।

### 40 दिनों के भीतर व्यवस्थापन के लिखित आश्वासन के बाद हटे ग्रामीण

शराब दुकान को अन्यत्र व्यवस्थापन करने का आक्रोश इतना था कि ग्रामीण समझाइश के बाद भी नहीं हट रहे थे। आबकारी विभाग के सब इंस्पेक्टर रजत सिंह ठाकुर ने उच्च अफसरों के निर्देश पर लिखित आश्वासन देकर कहा कि 40 दिन के भीतर दुकान हस्तांतरण कर दिया जाएगा। लिखित आश्वासन के बाद धरने पर बैठे वार्ड वासियों ने धरना स्थगित कर दिया। देशी-विदेशी शराब दुकान गायत्री शक्तिपीठ के समीप है, ऐसे में शाम को गायत्री मंदिर के पास भी मदिरापान का असर पड़ता था, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था बाधित हो रही थी। सोनामुंदी के नगर वासियों के शराब दुकान के खिलाफ धरने को गायत्री परिवार का भी भरपूर समर्थन मिला। गायत्री परिवार ने शराब दुकान के आगे सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन कर विरोध प्रदर्शन किया।

## आजीविका मिशन में गणवेश खरीदी का बड़ा घोटाला देवसर और बैढ़न ब्लॉक में करोड़ों का खेल, जिला पंचायत CEO पर आरोप

रिपोर्ट आर एन पाण्डेय

सिंगरौली। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (हृररूरू) के तहत सिंगरौली जिले के देवसर और बैढ़न ब्लॉक में गणवेश खरीदी के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक गणवेश आपूर्ति कार्य के लिए निकले कोटेशन में सबसे अधिक रेट देने वाले ठेकेदार को वर्क ऑर्डर थमा दिया गया, जबकि कम रेट पर सप्लाई करने वाले पात्र आपूर्तिकर्ताओं को जानबूझकर रिजेक्ट कर दिया गया। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इस पूरे खेल में हृररूरूऔर जिला पंचायत ष्टश्चह्र की मिलीभगत रही है। आरोप है कि ष्टश्चह्र से करीबी संबंध रखने वाले ठेकेदारों को अनुचित लाभ





पहुँचाने के लिए योजना बनाकर नियमों की अनदेखी की गई। इससे करोड़ों का वारा-न्यारा हुआ और गरीब महिलाओं के लिए बनी योजना को बुरी तरह से चोट पहुँची। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि वर्क ऑर्डर तय करने से लेकर वितरण तक का सारा काम एक पूर्व-नियोजित साज़िश के तहत किया गया, ताकि अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच कमीशनखोरी हो सके। इस घोटाले के सामने आने के बाद हृररूरू की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। जिलेभर में ग्रामीण और समाजसेवी संगठन उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो हृररूरू जैसी गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी। अब देखना यह है कि शासन-प्रशासन इस घोटाले पर क्या रुख अपनाता है और क्या जिला पंचायत ष्टश्चह्र सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज गिरती है या फिर मामला हमेशा की तरह दबा दिया जाएगा।

## गौतमपुरा अपेक्स स्कूल की नाले पर अवैध दीवार बनी किसानों के लिए मुसीबत, लाखों की फसल डूबी

रिपोर्ट राकेश पाटीदार गौतमपुरा।

गौतमपुरा और मेंढकवास के बीच बने अपेक्स स्कूल की दीवार इन दिनों किसानों की परेशानी का कारण बन गई है। ग्राम पंचायत पितावली के पलसोड़ा रकबे में स्थित इस स्कूल प्रबंधन द्वारा खेतों के बीच नाले पर दीवार खड़ी कर दी गई है। किसानों का कहना है कि जब जमीन



मालिक को पहले ही समझाया गया था कि नाले पर दीवार नहीं बनाई जाए, तब भी उसने यह कहते हुए दीवार बना दी कि कुछ नहीं होगा। लेकिन अब हालात उलटे पड़ गए हैं। हाल ही में हुई भारी बारिश के दौरान पानी का बहाव रुक गया, जिससे आसपास की खेतों में पानी भर गया। नतीजतन नरेंद्र करवरिया समेत कई किसानों की सोयाबीन की फसल पूरी तरह से डूब गई। किसानों का अनुमान है कि लाखों रुपये का नुकसान हो चुका है। किसान नरेंद्र करवरिया ने कहा कि हमने बार-बार चेताया था कि दीवार से पानी रुक जाएगा, लेकिन किसी ने हमारी बात नहीं सुनी। अब हमारी मेहनत पर पानी फिर गया है। एक अन्य किसान ने दुख जताते हुए कहा कि सोयाबीन में पूरा साल लग जाता है। उधार लेकर बीज और खाद डाली थी, अब सब डूब गया। इतना बड़ा नुकसान कैसे भरेंगे। स्थानीय किसानों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन ने मनमानी करते हुए नाले पर छोटे-छोटे पाइप लगाए, जिनसे बारिश का पानी निकलना ही संभव नहीं है। यही वजह रही कि पानी खेतों से निकलने की बजाय उल्टा खेतों में ही भर गया। अब किसान प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस मामले का तुरंत संज्ञान लिया जाए और दीवार हटवाकर पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में फसलें बर्बाद होने से बच सकें।

## गेटवे ऑफ़ इंण्डिया मुंबई शहर के दक्षिण में समुद्र तट पर स्थित एक स्मारक



रिपोर्टर संजय मस्कर

गेटवे ऑफ इंडिया मुंबई में अरब सागर के तट पर स्थित एक प्रसिद्ध मेहराबदार स्मारक है, जिसे 1911 में किंग जॉर्ज पंचम और रानी मैरी के स्वागत के लिए बनाया गया था, और यह 1924 में पूरा हुआ था। यह भारत के इतिहास में भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 1947 में देश की आजादी के बाद आखिरी ब्रिटिश पार्लमेंट इसी द्वार से बाहर गई थी। आज यह मुंबई का एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण है। इसका निर्माण किंग जॉर्ज पंचम और महारानी मैरी की 1911 की भारत यात्रा की याद में शुरू हुआ था। इसकी आधारशिला 31 मार्च 1913 को रखी गई थी। इसका निर्माण कार्य 1920 में शुरू हुआ और 1924 में पूरा हुआ। इसका उद्घाटन 4 दिसंबर 1924 को तत्कालीन वायसराय अर्ल ऑफ रीडिंग ने किया था। यह ठोस पीले बेसाल्ट पत्थर और प्रबलित कंक्रीट से बना एक भव्य मेहराबदार स्मारक है। इसकी ऊंचाई लगभग 26 मीटर है और इसमें सुंदर नक्काशीदार जालियाँ हैं। इसे ब्रिटिश राज के दौरान भारत में आने वाले महत्वपूर्ण लोगों के लिए एक शानदार प्रवेश द्वार के रूप में डिजाइन किया गया था। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद, अंतिम ब्रिटिश सेना इसी द्वार से भारत से रवाना हुई थी, जिससे यह आजादी का भी प्रतीक बन गया। यह मुंबई के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। यह मुंबई के दक्षिण में अरब सागर के किनारे अपोलो बंदर क्षेत्र के तट पर और प्रसिद्ध ताज होटल के पास स्थित है। गेटवे की आधारशिला 31 मार्च 1913 को बॉम्बे के तत्कालीन गवर्नर सर जॉर्ज सिडेनहैम क्लार्क द्वारा रखी गई थी। गेटवे के लिए जॉर्ज विटेट के अंतिम डिजाइन को अगस्त 1914 में मंजूरी दी गई थी। गेटवे के निर्माण से पहले अपोलो बंदर एक स्थानीय मछली पकड़ने का मैदान हुआ करता था। गेटवे ऑफ़ इंडिया (भारत का प्रवेशद्वार) भारत के मुंबई शहर के दक्षिण में समुद्र तट पर स्थित एक स्मारक है। स्मारक को दिसंबर 1911 में अपोलो बंदर, मुंबई (तब बॉम्बे) में ब्रिटिश सम्राट राजा-सम्राट जॉर्ज पंचम और महारानी मैरी के प्रथम आगमन की याद में बनाया गया था। छत्रपति शिवाजी टर्मिनस या चर्चगेट रेलवे स्टेशन गेटवे ऑफ़ इंडिया का सबसे नजदीकी स्टेशन है।

## एनएचएम कर्मचारियों का हड़ताल तईसवें दिन भी पूरे उत्साह और दृढ़ता के साथ जारी

रिपोर्ट - राजीव गुप्ता

जशपुर - एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों पर अपनी जायज मांगों के प्रदर्शन के दौरान नियम विरुद्ध हुए बर्खास्तगी की कार्यवाही को निरंकुश और असंवेदनशील बताया और कहा कि वर्तमान शासन विष्णु का सुशासन नहीं अपितु कुशासन प्रतीत हो रहा है। क्योंकि जहां एक ओर स्वास्थ्य मंत्री कर्मचारियों के प्रदर्शन को उनका संवैधानिक अधिकार बता रहे है वही दूसरी ओर अपने जीवन मूल्य और अधिकारों कि रक्षा के लिए हड़ताल कर रहे कर्मचारियों पर दोहरा चरित्र अपनाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से कार्यवाही कराकर कर्मचारियों के मनोबल को तोड़ने का प्रयास कर रहे है। जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि विष्णु का सुशासन अब कुशासन में बदलता जा रहा है।





### जल सत्याग्रह द्वारा अपने प्रति शासन की गलत नीतियों का विरोध प्रदर्शन

स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 5 मांग पूरी करने के बयान का खंडन पूर्व में संघ के पदाधिकारियों द्वारा करने के बावजूद अब भी कमेटी बनाकर आश्वाशन देने पर हड़ताली एनएचएम कर्मियों में काफी रोष है। एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा अपने प्रति शासन की इन्हीं गलत नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए आज एनएचएम कर्मचारी संघ जशपुर द्वारा रैली निकालकर जल सत्याग्रह कर अपनी मांगों को लेकर उग्र नारेबाजी की गई।

### कार्यवाही के बाद भी कर्मचारियों के हौसले बुलंद

वर्तमान शासन में संघ के पदाधिकारियों पर हुये कार्यवाहियों के बाद कर्मचारियों के हौसले और भी बुलंद होते दिखाई दे रहा है । प्रशासन कि इस अविवेकपूर्ण कार्यवाहियों ने पूरे प्रदेश के एनएचएम कर्मचारियों को आक्रोशित और उग्र कर दिया है।पूरे प्रदेश स्तर पर कर्मचारी सामूहिक इस्तीफा देकर तरह तरह के प्रदर्शन द्वारा शासन तक अपनी तकलीफों को बता कर अपने प्रति संवेदनशील होकर दस सूत्रीय मांगो पर लिखित आदेश मांग रहे हैं।

### दम तोड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था और शासन का अड़ियल रवैया

जहाँ पूरे प्रदेश कि स्वास्थ्य सुविधाएं कर्मचारियों के घोषित अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण बिगड़ती जा रही है। इसी माह आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को भी स्थगित करने का आदेश जारी हुआ है। जशपुर जिले की कई सरकारी स्वास्थ्य संस्थान बंद है कुछ संस्थानों का आलम ऐसा है कि वे सीमित और प्रतीक्षित मानव संसाधन के आभाव में आखिरी साँस ले रही है। ऐसे में सरकार का कर्मचारी विरोधी अड़ियल रवैया कब तक बरकरार रहेगा। और प्रदेश कि स्वास्थ्य व्यवस्था कब दम तोड़ेगी ये देखना महत्वपूर्ण होगा।

## श्री सोलहकारण व पर्युषण पर्व महोत्सव का भव्य समापन, निकली भव्य शोभायात्रा



रिपोर्ट बी.एस. वर्मा

जैन मंदिर से निकली शोभायात्रा, सकल हिंदू समाज अध्यक्षगणों ने जुलूस का किया स्वागत। परंपरा और आस्था का अनुपम संगम सोमवार को नगर में देखने को मिला। श्री सोलहकारण पर्व एवं पर्युषण पर्व महोत्सव के समापन अवसर पर दिगंबर जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत दिगंबर जैन मंदिर से हुई, जो बड़ा बाजार, बुधवारा, मानस भवन, नजरगंज सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जैन मंदिर किला पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र भगवान की भक्ति में लीन होकर मंगल गीत गाए और धर्म व अहिंसा का संदेश दिया। नगरवासियों और समाज के लोगों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा, शीतल पेय और सेवा कार्यों के माध्यम से किया। पूरा नगर जयजिनेंद्र भगवान के जयकारों और धार्मिक उल्लास से गूंज उठा। बैंड-ढोल की गूंज के साथ समाज के नवयुवकों ने घोष का प्रदर्शन किया। वहीं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा की शोभा बढ़ाती नजर आईं। इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारियों ने समाजबंधुओं से धर्ममार्ग पर चलने, संयम और क्षमावाणी को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। प्रशासन द्वारा भी शोभायात्रा को सफल और सुरक्षित बनाने हेतु विशेष व्यवस्थाएं की गईं। श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति आष्टा, अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल, महामंत्री कैलाश जैन चित्रलोक, सुरेन्द्र पोरवाल, नरेंद्र पोरवाल, यतेंद्र भूरू जैन, पल्लव प्रगति, अजीत जैन, सुनील प्रगति, सुमत जैन एवं सभी समाजजनों ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, हिन्दूत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट, पत्रकार बी.एस. वर्मा, राजीव गुप्ता, मुकेश नामदेव, महेश जाट, सुधीर मेहलवार, मनीष डोंगरे, जगदीश खत्री, प्रेम जायसवाल, मनीष धारवा, पवन सेन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

**खास**

**खाते में कुल 3,51,500 रूपये का डालवा कर धोखाधड़ी की**

# साइबर ठगी के आरोपियों को पकड़ने में बालोद पुलिस को लगातार मिल रही सफलता

रिपोर्टर युमल विश्वकर्मा

2 अलग-अलग ठगी के मामले में मिली थाना गुरूर पुलिस को बड़ी सफलता। दोनों प्रकरण के आरोपी को दिल्ली और हरियाणा से गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई की गई। साइबर ठगी के आरोपियों को पकड़ने में बालोद पुलिस को लगातार मिल रही सफलता। प्रार्थी आशीष कुमार कुंभज निवासी ग्राम सोरर थाना गुरूर ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक 01.08.2024 से 30.08.2024 के मध्य मोबाइल नंबर 7700924716, 9054828269 एवं 9558427124 के धारक द्वारा ट्रेडिंग एप में 4,44,000 रूपये निवेश कराकर धोखाधड़ी की गई। इस रिपोर्ट पर थाना गुरूर में अपराध क्रमांक 13/2025, धारा 318(4) बीएनएस, 66डी आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



इसी प्रकार प्रार्थी सोमन लाल साहू निवासी ग्राम चंदनबिरही थाना पुरूर जिला बालोद ने एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोबाइल नंबर 8794391040, 8472884655 एवं 9817626754 के धारक ने वीडियो कॉल कर एक लड़की अश्लील बातें और निर्वस्त्र होकर अश्लील हरकत करने का दिखाया। बाद में दिनांक 15.10.2024 को मोबाइल नंबर 9817626754 से फोन कर कहा कि मैं दिल्ली पुलिस से बोल रहा हूं, आपके खिलाफ एक लड़की एफआईआर कराने आई है। वीडियो कॉलिंग का रिकॉर्डिंग होने का दावा कर दबाव डालते हुए अपने दिए गए खाते में कुल 3,51,500 रूपये का डालवा कर धोखाधड़ी की। इस रिपोर्ट पर थाना पुरूर में अपराध क्रमांक 124/2024, धारा 308(2), 318(4), 3(5) बीएनएस, 66(घ) आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दोनों प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के दिशा निर्देश में मोनिका ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) देवांश सिंह राठौर, एसडीओपी गुरूर बोनीफास एक्का के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गुरूर निरीक्षक सुनील तिर्की, आरक्षक पिताम्बर निषाद थाना गुरूर एवं साइबर सेल बालोद से प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, आरक्षक आकाश सोनी की संयुक्त पुलिस टीम दिल्ली एवं हरियाणा रवाना की गई। पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनों मामलों के आरोपी अंकित पिता बिसम्बर, उम्र 24 वर्ष, जाति जाट, साकिन पावर हाउस के पास मिन्डकोला थाना हथीन जिला पलवल हरियाणा एवं शाहिल खान पिता मुबीन खान, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम रहपुआ थाना पिनगवां जिला नूह हरियाणा को उनके ठिकानों से पकड़कर थाना लाया गया। अभियुक्तों से ठगी की रकम एवं घटना में प्रयुक्त एटीएम कार्ड बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई की गई। उक्त प्रकरण को सुलझाने, आरोपी की गिरफ्तारी और विवेचना में निरीक्षक सुनील कुमार तिर्की थाना प्रभारी गुरूर, आरक्षक पिताम्बर निषाद एवं साइबर सेल एएसआई धरम भुआर्य, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, आरक्षक आकाश सोनी, आरक्षक पूरन बालोद की टीम की विशेष भूमिका रही है।

# भाजपा में बड़ी मंथन देश बनने जा रहा तीसरी अर्थव्यवस्था

रिपोर्ट - आशीष पाण्डेय मुंगेली

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार करके, रेट को कम करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। ये बातें पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश भाजपा के महामंत्री एवं पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय ने विश्राम गृह में कही। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी उपस्थित रहे। श्री मार्कण्डेय ने आगे कहा कि यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में ऐतिहासिक बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे। मां शक्ति की आराधना के पावन पर्व %नवरात्रि% से लागू होने वाले यह नए प्रावधान देश को आर्थिक रूप से और शक्तिशाली बनाएंगे। जैसा कि आप सभी




जानते हैं कि एक राष्ट्र-एक टैक्स की भावना के साथ पहले सभी तरह के अप्रत्यक्ष करों को एक कर प्रणाली के तहत मोदीजी ने लाकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार किया और अब इसे और सरल बना कर क्रांतिकारी सुधारों का सूत्रपात किया गया है। आजादी के बाद से लेकर 101 वें संविधान संशोधन द्वारा 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा भी राज्य सरकारें मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थीं। प्रत्यक्ष कर की बातें करें तो आयकर की दर तो एक समय अधिकतम 97.5 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था जनता के लिए रामराज्य लाने वाला साबित होगा। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 15 अगस्त 2025 को लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार करने का आश्वासन दिया था, और मात्र बीस दिन के भीतर ही जीएसटी काउंसिल ने इस सुधार को मंजूरी दे दी। नये सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की अनेक वस्तुएं जैसे तेल, शैम्पू, टूथपेस्ट, मक्खन, पनीर, सिलाई मशीन से लेकर ट्रैक्टर व उसके कल-पुर्जे व अन्य कृषि उपकरण तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, शैक्षणिक वस्तुओं के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक व ऑटोमोबाइल उत्पादों को किफायती बनाया गया है। एक विकसित अर्थव्यवस्था में करदाता अधिक और टैक्स की दर कम होना चाहिए। इसी लक्ष्य को हासिल किया है जीएसटी ने। जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया है। जीएसटी कम होने का लाभ वस्त्र उद्योग को विशेष रूप से निर्यात के लिए होगा। हस्तशिल्प की कम दरें कारीगरों की आजीविका को समर्थन देंगी, विरासत को संरक्षित करेंगी और ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी। ऑटोमोटिव में स्पष्ट वर्गीकरण से विवाद कम होंगे तथा विनिर्माण और निर्यात में वृद्धि को समर्थन मिलेगा। नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा। यह सुधार किसानों के जीवन में आर्थिकी को मजबूती प्रदान करेगा। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, रोटावेटर में अलग-अलग तरह के जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत की गई है। यह किसान के लिए लागत सक्षम कृषि में सहायक होगी। जैव-कीटनाशक और सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी दर घटाई गई है। स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा उत्पादों पर कर समाप्त करने का लाभ सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। यह कर छूट सभी के लिए बीमा का लक्ष्य पाने में मददगार होगी। सस्ते इलाज के संदर्भ में यह कदम ऐतिहासिक है। इसके अलावा अपवाद के रूप में जहां स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले उत्पादों पर 40 प्रतिशत कर आरोपित किया गया है, वहीं बीड़ी को 18 प्रतिशत के स्लैब में रखा गया है। इससे भविष्य में तेंदू पत्ता संग्राहकों को काफी लाभ होगा। जनजातीय क्षेत्र में तेंदू पत्ता जैसे लघु एवं वन्य उत्पादों की मांग अधिक बढ़ेगी, जिससे प्रदेश को भी काफी लाभ होगा। छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधार और शानदार प्रबंधन के लिए केवल प्रोत्साहन राशि के मद में 6200 करोड़ रुपए मिले हैं। यह प्रोत्साहन मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायजी के नेतृत्व में किए श्रेष्ठ आर्थिक प्रबंधन का उदाहरण है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश मंत्री श्रीमती विद्या सिदार, जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, जिला मीडिया प्रभारी सुनील पाठक एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## यातायात टीम दंतेवाड़ा द्वारा एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज जावांगा पहुंच कर सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

रिपोर्ट/रवि सरकार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री गौरव राय (भा.पु.से.) के निर्देशन में यातायात व महिला सेल टीम एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज जावांगा पहुंच कर कल दिनांक 8 सितंबर 2025 को सड़क सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें दंतेवाड़ा जिला के यातायात प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र त्रिपाठी एवं महिला सेल प्रभारी आशा सिंह प्रवक्ता के रूप में उपस्थित हुए। संस्थान के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए यातायात प्रभारी श्री प्रहलाद कुमार साहू जी द्वारा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित विषयों के संबंध में छात्र-छात्राओं और शिक्षकगणों को जानकारी दी गई, तत्पश्चात यातायात नियमों एवं उनके पालन से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को शपथ भी दिलाई गई, साथ ही यातायात टीम द्वारा राहगीर योजना के संबंध में जानकारी साझा कि गई जिसमें यह




बताया गया कि यदि सड़क पर कोई दुर्घटना हो जाती है तो पुलिस की पेपर वर्क से बिना डरे उनकी सहायता की जानी चाहिए क्योंकि इसके तहत सहयोग करने वाले का नाम गोपनीय रखी जायेगी और राहगीर योजना के तहत पुरुस्कृत भी किया जाएगा, इसके पश्चात आशा सिंह द्वारा साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन होने वाले धोखाधड़ी एवं नुकसान के विषयों पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को इस संबंध में जागरूक किया गया, साथ ही अभिव्यक्ति एप की जानकारी दी जाकर एप इंस्टाल कराया गया जो की किसी अप्रिय परिस्थिति में सहायता हेतु उपयुक्त है, उक्त कार्यशाला में संस्थान के छात्र-छात्राएं, शिक्षक गण व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे। अंत में संस्था के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर द्वारा उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यशाला के सफल संचालन के लिए धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया गया

## धमतरी जिले में पंचायत सचिवों की बैठक, कलेक्टर ने दी सख्त हिदायतें

रिपोर्टर शिव कुमार कंडरा धमतरी,

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को धमतरी, कुरुद, मगरलोड और नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन, कर वसूली एवं निर्माण



कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पंचायतों की आय बढ़ाने, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लंबित कार्यों में गति लाने तथा स्वच्छता गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ पूरा करना होगा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव उपस्थित थीं। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने बैठक में निर्देश दिए कि आगामी 2 से 10 अक्टूबर तक ग्राम सभाओं का आयोजन कर वृक्षारोपण और स्वच्छता कार्यक्रम संचालित किए जाएं। सचिव ÷समर्थ पंचायत पोर्टल÷ के माध्यम से कर वसूली का ऑनलाइन एंट्री करें तथा करारोपण अधिकारी अधिकतम वसूली सुनिश्चित करें। कम कर वसूली पर जिम्मेदार पंचायत सचिवों के विरुद्ध वेतन रोकने व कारण बताओ नोटिस की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में ऐसे पीएम आवास (ग्रामीण) जो प्लिंथ स्तर पर लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूरा करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने नगरी और मगरलोड विकासखंड की कई पंचायतों में कमजोर प्रदर्शन पर विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने अटल सुविधा केंद्र भोथापारा, ठेनही, बोरई एवं फरसिया के कार्य एक माह में पूर्ण कराने और सभी निर्माण कार्यों का मूल्यांकन एसडीओ से कराने के आदेश दिए। वहीं, मनरेगा योजना के तहत बने डबरी और तालाबों में मत्स्य पालन की संभावना को देखते हुए पंचायत सचिवों को किसानों को प्रोत्साहित करने व एविश सर्वे कराने को कहा गया। बैठक में जनपद पंचायत सीईओ श्री दीपक ठाकुर, कुरुद सीईओ श्री अमित सेन, मगरलोड सीईओ सुश्री दिव्या ठाकुर, नगरी सीईओ श्री रोहित बोर्झा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता श्री रामनारायण राठौड़, विभागीय अधिकारी, करारोपण अधिकारी एवं ग्राम सचिव उपस्थित थे।

## मशहूर फिल्म अभिनेता, निर्माता व निर्देशक अरबाज खान ने इंदौर के लेखक व कवि संजू चौहान को अवार्ड देकर किया पुरस्कृत

रिपोर्टर संजु चौहान

हाल ही में फातिमा फिटनेस व कुशल इंटरटेनमेंट द्वारा ग्लैमर एंड लाइफ स्टाइल अवार्ड का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कौशल इंटरप्राइजेज की अंजलि पटेल एवं फातिमा फिटनेस की फातिमा शेख द्वारा ग्लैमर एंड लाइफ स्टाइल अवार्ड का कार्यक्रम किया गया। जिसमें फैशन, नृत्य, अभिनेता, लेखक एवं रचनाकारों के साथ अन्य कलाकारों का सम्मान के उपलक्ष्य में देश के कई प्रदेशों के कलाकारों को मेयर हॉल मुंबई में आमंत्रित किया गया। जिसमें मशहूर फिल्म अभिनेता, निर्माता और निर्देशक अरबाज खान ने शील्ड देकर सभी कलाकारों का सम्मान किया। इंदौर से अंजलि जीजी व लेखक संजू चौहान को गद्य व पद्य रचनाकार का अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड अंजली नामक पुस्तक के लिए दिया गया जो कि किशोरी बालिकाओं के मानसिक सामाजिक



विकास में शिक्षा की भूमिका पर आधारित है। दूसरे प्रदेशों से आए कलाकारों को भी उनकी निखरती प्रतिभाओं के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही मेयर हॉल मुंबई में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मंच साझा कर एक-दूसरे को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम के अंत में इवेंट ऑर्गेनाइजेशन प्रमोद सिंह जी व उनकी टीम के साथ दूसरे प्रदेशों के सभी कलाकारों को कार्यक्रम सफल बनाने एवं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## नई पहल सुनवाई भी, सेवा भी योजना से आमजन को 14 सेवाओं का मिलेगा लाभ, रक्तदाता भी कर सकेंगे रक्तदान, 9 से 21 सितम्बर तक अवकाश पर रहेंगे, श्री कोचर




रिपोर्ट राजेन्द्र तिवारी दमोह

दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर 09 सितंबर से 21 सितम्बर 2025 तक अवकाश पर रहेंगे। इस अवधि के दौरान 9 सितंबर को अपर कलेक्टर मीना मसराम कलेक्टर के कार्यों का संचालन करेंगी, जबकि 10 से 21 सितम्बर तक 2016 बैच की आईएएस अधिकारी मिशा सिंह कलेक्टर दमोह के रूप में कार्यभार संभालेगी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अवकाश पर जाने के पूर्व एक नई व्यवस्था लागू की है जिसका नाम है %सुनवाई भी, सेवा भी%। इस व्यवस्था के तहत हर मंगलवार जनसुनवाई स्थल पर 14 अलग-अलग काउंटर लगाए जाएंगे, जिसमें लोगों को अलग-अलग तरह की सुविधा मिलेगी। विशेष पहल के रूप में 15वीं सुविधा रक्तदान शिविर होगी, जहाँ पर एयर कंडीशन वाहन में इच्छुक लोग रक्तदान कर सकेंगे।

वहाँ पर 14 अलग-अलग तरीके के काउंटर हैं, जिसमें आवेदन लिखने की निशुल्क सुविधा, आयुष्मान कार्ड, 70 साल से अधिक के लोगों का आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड, किसानों की फार्मर आईडी, समग्र में सुधार, आधार में अपडेट और पशुओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। वहां पर किसान बड़ी संख्या में आते हैं, इसलिए कृषि और पशुपालन से संबंधित सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। इस प्रकार अलग-अलग तरीके की सेवाएं जो आम जनता के लिए उपयोगी हैं, मंगलवार को सुबह 11 बजे से लेकर जनसुनवाई समाप्त होने तक उपलब्ध रहेंगी।

## किसान विपणन सहकारी समिति मर्यादित गुण्डरदेही में 43 वे आम सभा का हुआ आयोजन




संवाददाता - अजय देशमुख

दिनांक 08/09/2025 को किसान सहकारी विपणन समिति मर्यादित गुण्डरदेही के 43 वे वार्षिक साधारण आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं अध्यक्षता प्राधिकृत अधिकारी विजय कुमार सिंह और प्रबंधक सोमेंद्र साहू ने की। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुल्हारे पूर्व उपाध्यक्ष ने किया। इस आम सभा में वर्ष 2024-25 के वित्तीय पत्र का अनुमोदन, वर्ष 2024-25 के संस्था द्वारा किए गए व्यवसाय एवं लाभ-हानि पत्रक समस्त सदस्यों को पढ़कर सुनाया गया। वर्ष 2024-25 में किए गए व्यवसाय में शुद्ध लाभ 1033596 रुपए हुआ। वर्ष 25 की स्थिति में संस्था का संचित लाभ 37 लाख 14374 रुपए हैं। इस वर्ष में किए गए समस्त लाभ-हानि के मद व्यय का अनुमोदन किया गया। वर्ष 2024-25 का स्वीकृत बजट के कमी-अधिक्य का अनुमोदन किया गया। वर्ष 2025-26 में अनुमानित प्रस्तावित बजट का अनुमोदन किया गया। वर्ष 2025-26 के लेखा पुस्तकों का अंकेक्षण सहकारिता विभाग से करने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। प्रबंधक सोमेंद्र साहू ने बताया कि किसान सहकारी विपणन समिति मर्यादित में 363 सदस्य हैं जिसमें व्यक्तिगत 341 सदस्य, सेवा सहकारी समितियां 21 सदस्य और राज्य शासन से एक सदस्य हैं। संस्था के पास 31 मार्च 2025 की स्थिति में 250 उचित मूल्य की दुकानें हैं जिनमें दो शहरी क्षेत्र में संचालित हैं एवं संस्था का स्वयं का एक व्यावसायिक परिसर है जिसमें 6 दुकानें हैं जिन्हें किराए पर आवंटित किया गया है। यही संस्था का मुख्य आय का स्रोत है। संस्था की वित्तीय स्थिति निरंतर विगत 10 वर्षों से लाभ की ओर अग्रसर है। संस्था के पास अपनी स्वयं की पूंजी के रूप में एक करोड़ 16 लाख रुपए फिक्स्ड डिपॉजिट है जिसे संस्था को प्रतिवर्ष 7 लाख रुपए का ब्याज प्राप्त हो रहा है। किसान विपणन सहकारी समिति के सदस्यों को बोनस के तौर पर उपहार दिया गया। मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि मार्केटिंग सोसायटी के बाउंड्री वॉल के लिए शासन से राशि स्वीकृत कराएंगे। मार्केटिंग सोसायटी की साइड में 10 दुकानों का निर्माण कराएंगे। ऑफिस एवं मीटिंग हॉल बनाने के लिए व्यवसायिक प्रयोजन हेतु शासन को पत्र भेजकर राशि स्वीकृत कराएंगे। साथ ही जैन जी ने बताया कि मार्केटिंग सोसायटी में 2025-26 में 15 लाख रुपए शुद्ध लाभ का अनुमानित बजट पारित किया गया। तुकाराम चंद्राकर, सरफुद्दीन खान, पलट राम निषाद ने अपने सुझाव रखे। इस आम सभा की बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केके राजू चंद्राकर, दिलीप कुल्हारे पूर्व उपाध्यक्ष, मोहन जैन, वीरेंद्र साहू, रोशन अमृत, मदन साहू, रवि त्रिपाठी, राजेंद्र जैन, देव कुमार साहू, हरदेव सार्वा, बिसाहू चंद्राकर, किशन पांडे, प्रताप जैन, बीसे लाल साहू, सियाराम सोनकर, चैतराम सोनकर, पलटू निषाद, नेतराम सिन्हा एवं किसान सहकारी विपणन समिति मर्यादित गुण्डरदेही के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मिनीकिट हेतु कृषक 25 सितम्बर तक करें आवेदन

रिपोर्टर अनुपम शर्मा फतेहपुर।

रबी सीजन में कृषकों के लिए राज्य सरकार की ओर से एक सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया गया है। राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित निःशुल्क तिलहन एवं दलहन बीज मिनीकिट वितरण योजना के अंतर्गत किसानों को आवश्यक तिलहन फसल जैसे राई, सरसों के बीज एवं दलहनी फसलें जैसे चना, मटर और मसूर के बीज निन्शुल्क प्रदान किए जाएंगे। यह योजना विशेष रूप से उन किसानों के लिए है जो रबी सीजन में अपनी भूमि पर बीज रोपाई कर फसल उत्पादन बढ़ाना चाहते हैं और आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। इच्छुक किसान कृषि दर्शन पोर्टल पर जाकर 25 सितम्बर 2025 तक अपना आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन माध्यम से होगी और किसानों का चयन ई-लाटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा, जिससे सभी किसानों को समान अवसर और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। कृषि उपनिदेशक सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक किसान केवल एक ही बार निःशुल्क मिनीकिट के लिए आवेदन कर सकता है, ताकि अधिकतम किसानों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कृषकों से आग्रह किया है कि वे समय पर आवेदन करें और अपनी भूमि एवं फसल के अनुसार आवश्यक बीजों का चयन करें, ताकि रबी सीजन में उनकी फसल उत्पादन क्षमता बढ़ सके और कृषि आय में सुधार हो। इस योजना से न केवल किसानों को आर्थिक सहायता मिलेगी, बल्कि उन्हें उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग करने का अवसर भी मिलेगा, जो उत्पादन में सुधार लाने और फसल की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद करेगा।

## दमोह की जनपद पंचायतें बनीं ठेकेदारों का अड्डा – पत्रकारों पर झूठी एफआईआर और जान से मारने की धमकियाँ, प्रशासन मौन

रिपोर्ट अर्जुन ठाकुर

दमोह जिले की जनपद पंचायतें जबेरा और तेंदूखेड़ा इन दिनों विकास कार्यों से ज्यादा ठेकेदारी, भ्रष्टाचार और दबंगई के लिए सुर्खियों में हैं। पंचायतों में सरपंच और ठेकेदारों के बीच मिलीभगत का आलम यह है कि फर्जी बिल बनाकर करोड़ों रुपए का गबन किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर सवाल उठाने वाले पत्रकार अब खुद खतरनाक परिस्थितियों में हैं। कई पत्रकारों पर झूठी एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। खुलेआम जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं। पुलिस प्रशासन नेताओं और दबंगों के दबाव में कार्रवाई करने से हिचकिचा रहा है। स्थानीय पत्रकार बताते हैं कि जब वे फर्जी बिल और भ्रष्टाचार उजागर करने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें सीधे-सीधे धमकाया जाता है। कई बार यह संदेश दिया जाता है कि सवाल उठाना महंगा




पड़ेगा। इस पूरे घटनाक्रम पर सवाल खड़ा होता है – जब पत्रकार ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता कैसे आवाज उठा पाएगी? क्या यह राज्य सरकार की विफलता है, या फिर उन नेताओं की जो भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का संरक्षण करते हैं? अगर पुलिस भी नेताओं के दबाव में कार्रवाई करने से रोकती है, तो आम नागरिक को न्याय दिलाने वाला कौन रहेगा? दमोह की जनपद पंचायतों में खुलेआम चल रहे भ्रष्टाचार और दबंगई से यह स्पष्ट होता है कि प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। ऐसे में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। लेकिन क्या वे बिना सुरक्षा के इस भूमिका को निभा पाएंगे? समाज, प्रशासन और सरकार से यह उम्मीद की जाती है कि वे तुरंत संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें ताकि लोकतंत्र की नींव मजबूत बनी रहे।

**खास** | 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जिले में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

## पीएम मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी भाजपा - प्रीति शुक्ला

नर्मदापुरम।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय नर्मदापुरम में जिला कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का जीवन राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पित है, उनके जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे जिसमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, स्वास्थ्य शिविर, एक पेड़ माँ के नाम 25 सितंबर, रक्तदान शिविर 18 से 20 सितंबर, प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, दिव्यांगों को उपकरण वितरण, विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, वोकल फॉर लोकल का प्रचार, प्रधानमंत्री पर चयनित पुस्तक वितरण, सांसद खेल




प्रतियोगिता, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन, प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, पंडित दीनदयाल जयंती 25 सितंबर, गांधी जयंती 2 अक्टूबर / लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्यक्रम जिला एवं मंडल स्तर पर आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस इस वर्ष मध्यप्रदेश के धार में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान प्रत्येक बूथ एवं मंडल स्तर पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक एवं जिला कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी ने अभियान के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इसी कड़ी में भाजपा ने 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान का उद्देश्य है ङ्क जन-जन को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ना, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना तथा समाज के कमजोर वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हाल ही में की गई जीएसटी दरों में कटौती को भी जनता ने राहत के रूप में देखा है। जीएसटी में कमी से न केवल व्यापार और उद्योग जगत को मजबूती मिलेगी बल्कि आमजन को भी दैनिक उपयोग की वस्तुओं में सीधी राहत मिलेगी।

कार्यशाला में जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, संतोष पारिख, सुश्री राजो मालवीय, राजेंद्र हरदेनिया, हरिशंकर जायसवाल, सम्पत मूंदड़ा, सविता दीवान, अर्जुन पलिया, अखिलेश खंडेलवाल, प्रसन्न हर्णे, लोकेश तिवारी मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन सेवा पखवाड़े के जिला संयोजक मुकेश चंद्र मैना एवं आभार निखिलेश चतुर्वेदी ने किया। कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा जिला टोली सदस्य प्रशांत दीक्षित, ज्योति चौरे, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मंडल प्रभारी, मोर्चा जिला अध्यक्ष महामंत्री, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक सहित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला एवं मंडल टोली के सदस्य मौजूद थे। जिला मीडिया प्रभारी अमित महाला ने बताया कि कार्यशाला का प्रारंभ वंदना दुबे ने वंदे मातरम गीत से किया। साथ ही कार्यशाला में सोशल मीडिया विभाग के गजेन्द्र चौहान, राहुल ठाकुर एवं आईटी विभाग के राहुल पटवा द्वारा टीवी स्क्रीन पर प्रेजेंटेशन दिखाया गया।

## व्यापारी के मुनीम के साथ लूट की वारदात



**रिपोर्टर, ज्योति शर्मा गंज बासौदा।** जानकारी के अनुसार, ग्राम हतौड़ा के पहले पुलिया के पास मुनीम के साथ लूट की घटना हुई। मुनीम व्यापारी के लगभग 15 लाख रुपए बैग में रखकर मंडी ले जा रहा था। रास्ते में दो अज्ञात बाइक सवारों ने उन्हें रोका और मोटरसाइकिल चालक पर रॉड से हमला कर दिया। मुनीम के चिल्लाने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। भीड़ को देखकर आरोपी भाग निकले, इसलिए लूट की घटना सफल नहीं हो पाई। हालांकि मुनीम को गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। इसी पुलिया के पास कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। वहीं, पुलिस अब जांच में जुट गई है कि किसने यह वारदात को अंजाम देने की कोशिश की।

स्वामी श्री रावेन्द्र त्रिपाठी, मुद्रक, प्रकाशक श्री उपेंद्र सिंह परमार द्वारा श्री 137 बालाजी प्रिंटर्स भोपाल से मुद्रित एवं 227 आनंद नगर भोपाल मध्यप्रदेश से प्रकशित! संपादक श्री उपेंद्र सिंह परमार (किसी विवाद की स्थिति मे जिला न्यायालय भोपाल मान्य होगा ) हेल्पलाइन- 9479840005

# सरकार में विकास के सारे दावे हुए खोखले तिरपाल लगाकर किया गया अंतिम संस्कार

**जनपद सीईओ की मेहरबानी बारिश में तिरपाल डालकर किया जाता है अंतिम संस्कार**

**सरपंच सचिव की मनमानी सांसद कलेक्टर के पत्र को भी उड़ा दिया गया हवा में**

**ग्राम पंचायत जमकुंडा में मानवता को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने**

**निर्माण कार्य पर पानी की तरह बहाते हैं रूपया आमजनता मूलभूत सुविधा से कोसो दूर अपने स्वार्थ के लिए मिल जाती है वन विभाग की अनुमति मौक्षधाम के आसपास तालाब, पानी की टंकी सहित अनेको निर्माण कार्य**

## क्या प्रशासन और अधिकारियों का मर ही गया जमीर, खुले आसमान में होता है दह संस्कार
## सांसद ने अगस्त में लिखा था कलेक्टर को पत्र उसके बाद भी नतीजा शुन्य

रिपोर्टर -गोपाल यादव छिंदवाड़ा परासिया

खबर पंचायत क्षेत्र जमकुंडा से जहां पंचायत की मनमानी एवं निर्माण कार्य में पानी की तरह पैसा बहाते देखा जा सकता हैं लेकिन मूल भूत समस्याओं का समाधान नही किया जाता पंचायत के जिम्मेदार अपने स्वार्थ और आर्थिक लाभ कमाने के जुगाड में लगे रहते हैं। मनमानी अपने हितो के प्रस्ताव एवं लाभ के बिल पारित कर विकास के नाम पर पलीता लगा रहे हैं जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण जमकुंडा पंचायत में आजादी के बाद भी अगर मोक्षधाम श्मशान घाट के लिए भूमि एवं शेड का न होना इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा जिसका नजारा वन विभाग की जमीन पर पंचायत भवन के पीछे मुख्य सड़क मार्ग के मुश्किल से 100 मीटर की दूरी पर शेड न होने के कारण ग्रामीणो के द्वारा चिताओं पर तिरपाल लगाकर अंतिम संस्कार किया जाता रहा है।

जमकुंडा में शर्मसार एवं आत्मा को झकझोर देने वाली तस्वीर फिर से सामने आई क्या इस तस्वीर को



देखकर जिम्मेदारो का मरा हुआ जमीर अब भी जागेगा

आजादी के 78 साल बीत चुके हैं, लेकिन अभी भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। बिजली, पानी और सड़क तो दूर अब भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में मुर्दो को जलाने के लिए श्मशान की जमीन तक आवंटित नहीं हुई है। जन आंदोलन के बाद मामला अधिकारियों और नेताओं के संज्ञान में आता है, लेकिन इसे फिर भूला दिया जाता है। ऐसा ही मामला जुन्नारदेव विकासखंड के अंतर्गत जमकुंडा ग्राम पंचायत का है जहां पर अब तक मोक्षधाम के लिए न जमीन अधिग्राहित नहीं की गई है, जबकि वन विभाग की जिस जमीन पर मोक्षधाम बनाया गया है। वहां पर टीन शेड नहीं हैं। ठंडी, गर्मी और बरसात सभी मौसम में शव का खुले में दाह संस्कार किया जाता है। पंचायत की लापरवाही का खामियाजा यह के लोगों को भुगतना पड रहा हैं रविवार को जमकुंडा निवासी कुमारी शियावती ब्रह्मवंशी, उम्र 35 वर्ष, लम्बी बीमारी के कारण से, वार्ड नं 04, ग्राम पंचायत भवन के समीप का निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार पंचायत भवन के पीछे खराब मौसम के कारण आनन- फानन में खुलें में तिरपाल लगाकर बिना रौशनी के अंधेरे किया गया।

### पहले भी हो चुका शव रखकर प्रदर्शन उसके बाद भी नहीं जागा प्रशासन

जुन्नारदेव की जमकुंडा ग्राम पंचायत में मोक्षधाम में टीन शेड बनाने की मांग सालों से चली आ रही है। इसके पहले अगस्त 2024 में भी बारिश के कारण तिरपाल लगाकर अंतिम संस्कार किया गया था इस पंचायत में ग्रामीणों ने शव रखकर जनवरी 2025 में भी टीन शेड को लेकर ग्रामीणों ने आंदोलन किया था। मामला सुर्खियों में आने के बाद सांसद ने कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को पत्र लिखकर यहां पर टीन शेड बनाने की मांग की थी, लेकिन यह मांग अब तक पूरी नहीं हुई। पंचायत से लेकर जिला स्तर तक अधिकारी और नेता चिट्ठी-चिट्ठी खेल रहे हैं।

### शव रखकर ग्रामीण ने किया था उग्र अदोलन-

मोक्षधाम बनाने को लेकर जमकुंडा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा पंचायत भवन के सामने शव रखकर दाह करने पर अड़ गए है। यह मामला उस समय उठा था जब बारिश में एक शव का अंतिम संस्कार करने के लिए ग्रामीणों को तिरपाल पकड़ कर खड़े होना पड़ा था। भारी बारिश के बीच शव का दाह संस्कार कराया गया। उसके बाद उठा यह मामला पूरे जिले में गरमा गया और सांसद ने कलेक्टर को पत्र लिखा था। उसके बाद भी आज तक जमकुंडा ग्राम पंचायत में मोक्ष धाम नहीं बनाया गया। जिसके चलते ग्रामीण एक युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने मृतक का शव ग्राम पंचायत भवन में रख दिया और इस बात को लेकर उग्र प्रदर्शन किया गया कि मोक्षधाम नहीं बनवाया गया है तो अब हम पंचायत भवन के सामने ही मृतक का दाह संस्कार करेंगे। मामला है जुनारदेव विकासखंड के जमकुंडा ग्राम पंचायत का है। एक युवक की मौत हुई इसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन करते हुए उसकी अंतिम यात्रा निकालकर शव को ग्राम पंचायत भवन में रख दिया। और प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार आंदोलन और निवेदन करने के बाद भी आज तक जमकुंडा में मोक्ष धाम का निर्माण नहीं कराया है। जिसके चलते ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### आखिर इन तस्वीरों के बाद भी क्या जिम्मेदारो को नहीं आती शर्म

पंचायत एवं प्रशासनिक अधिकारी की लापरवाही के कारण ही पूर्व मे ग्रामीणों के द्वारा पंचायत भवन के सामने शव रखकर आंदोलन किया गया तीन चार घंटे तक लोग परेशान होते रहे अधिकारी के समजाईश के बाद परिजन एवं ग्रामीण के द्वारा खुले आसमान के नीचे 17 वर्ष की बेटी के द्वारा मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया गया जिले में मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित जमकुंडा से ये तस्वीर देखने के बाद भी आज तक अधिकारी एवं पंचायत के नुमाईदों ने दस माह गुजरने के बाद आज तक दह संस्कार करने के लिए एक शेड का निर्माण तो दूर जमीन भी नहीं खोज पाए क्या जिम्मेदारो की उदासीनता एवं लापरवाही के वजह से मानवता को शर्मसार नहीं करती हैं।

### सांसद कलेक्टर के आदेश पर भी नहीं हुआ काम शुरू

जमकुंडा ग्राम पंचायत में मोक्षधाम के लिए जमीन अधिग्राहित कर यहां पर टीन शेड बनाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा जनपद पंचायत सीईओ और एसडीएम को दिए गए थे। एक वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा इस समस्या का कोई भी हल नहीं निकाला गया है। अगस्त 2024 में भारी बारिश के बीच एक शख्स का अंतिम संस्कार करने को लेकर गरमाए मामले के बाद जिले के सांसद ने कलेक्टर को पत्र लिखकर गांव में तत्काल मोक्ष धाम निर्माण करने के लिए निर्देशित किया। लेकिन सांसद के पत्र लिखने के बाद भी गांव में मोक्ष धाम नहीं बनाया गया। मामला पंचायत भूमि और वन भूमि के बीच अटका हुआ है। जबकि मोक्ष धाम बनाने के लिए भूमि का आवंटन प्रत्येक गांव में किया जाता है। ग्रामीणों के इतने विरोध और आंदोलन और निवेदन के बाद भी जिला प्रशासन मोक्ष धाम की कोई व्यवस्था इस पंचायत में नहीं बना पाए। बड़ी बात यह है कि मध्य प्रदेश सरकार आखिरी छोर तक सुविधाएं पहुंचाने की बात करती नजर आती है। और दूसरी ओर ग्रामीणों को उपयोग हेतु एक मोक्षधाम बनवाने के लिए आंदोलन कर रहा है। उस पर भी सांसद के पत्र पर भी कोई खास कार्यवाही आज तक होती नजर नहीं आई है।

## आदिवासी ज़मीन पर सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा! गोंड जाति को बना दिया 'साधारण', भू-माफिया अफसर गठजोड़ का खुलासा




रिपोर्ट भगत राम शर्मा सक्ती।

सक्ती ज़िले में आदिवासियों की ज़मीन पर सुनियोजित तरीके से कब्ज़ा करने का चौंकाने वाला घोटाला सामने आया है। आरोप है कि अंशुल अग्रवाल ने भू-माफियाओं और अफसरों की मिलीभगत से गोंड जनजाति की ज़मीन को फर्जी दस्तावेज़ों में सामान्य वर्ग दिखा दिया। इसी धोखाधड़ी के आधार पर रजिस्ट्री की गई और फिर चार साल बाद बाकायदा नामांतरण तक करा लिया गया। 2018 में खेल इस खेल की शुरुआत हुई थी और 2021 में फर्जी ढंग से रजिस्ट्री करवाई गई थी। इसके बाद 2025 में अधिकारियों से सांठगांठ कर नामांतरण भी करवा लिया गया। जमीन मूल रूप से गोंड जनजाति के नाम पर दर्ज थी। लेकिन दस्तावेज़ों से छेड़छाड़ कर 2021 में इसे साधारण वर्ग दर्शाकर रजिस्ट्री कर दी गई। उसके बाद मामला चार साल तक दबाए रखा गया और 2025 में एसडीओ राजस्व, सक्ती की मिलीभगत से नामांतरण तक करा लिया गया।

### फर्जीवाड़े की रजिस्ट्री सक्ती और खरसिया में

सिर्फ यही नहीं, फर्जी तरीके से हासिल ज़मीन को अंशुल अग्रवाल ने आगे चलकर सक्ती के कमलेश कुमार अग्रवाल, प्रशांत जिंदल और खरसिया के विकास अग्रवाल के नाम पर रजिस्ट्री भी कर दी। यह पूरा मामला संगठित षड्यंत्र और आपराधिक साजिश की ओर इशारा करता है। 2024 में यह शिकायत अनुसूचित जनजाति आयोग तक पहुंची। आयोग ने कलेक्टर सक्ती को स्पष्ट निर्देश दिए कि विस्तृत जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। लेकिन हैरानी की बात है कि न कलेक्टर और न ही एसडीओ ने अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की?

### शिकायतकर्ता बोले हर दस्तावेज़ बताता है सच

शिकायतकर्ता मनोज अग्रवाल ने आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और खसरा रिकॉर्ड जैसे दस्तावेज़ दिखाए, जिनमें साफ लिखा था कि ज़मीन गोंड जनजाति की थी। लेकिन साजिश के तहत इन्हें बदलकर साधारण वर्ग बना दिया गया।

### प्रशासन की चुप्पी = साजिश की गवाही

इतने ठोस सबूत और आयोग के निर्देशों के बावजूद प्रशासन की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। क्या अधिकारी खुद इस खेल में हिस्सेदार हैं? आखिर किसके दबाव में जांच ठंडी कर दी गई?

### सिर्फ ज़मीन नहीं, आदिवासी अधिकारों पर हमला

यह मामला ज़मीन हड़पने का ही नहीं, बल्कि आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला है। सत्ता, पैसे और भू-माफियाओं का गठजोड़ यह साबित करता है कि नियम-कानून को दरकिनार कर आदिवासियों की ज़मीन को कैसे लूटा जा रहा है।

## धनघटा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गैर इरादतन के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

संवाददाता / कृष्ण चन्द्र भारती संत कबीर नगर उत्तर प्रदेश



पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 439/2025 धारा 105 बीएनएस में वांछित अभियुक्त भोलेनाथ पुत्र चन्द्रबली निवासी उमरिया थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर आज दिनाँक 08.09.2025 को खलीलाबाद बिड़हरघाट मार्ग बिड़हरघाट से नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि दिनाँक 05.09.2025 को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा अपनी प्रेमिका को किसी अन्य से बात करने से मना करने व आपसी विवाद करते हुए अपनी प्रेमिका के सर पर डण्डे से मारा जिससे वह बेहोश हो गई। इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टर द्वारा उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया था। थाना स्थानीय पर प्राप्त मेमों के आधार पर मु0अ0स0 439/2025 धारा 105 बीएनएस पंजीकृत कर थाना धनघटा पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को आज दिनाँक 08.09.2025 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता- भोलेनाथ पुत्र चन्द्रबली निवासी उमरिया थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर। गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे, अ0नि0 रामेश्वर यादव, का0 रजनीश यादव, का0 मुन्नेलाल गुप्ता शामिल रहे।

## आर्ट एवं कॉमर्स कॉलेज की छात्राएं डिग्री कोर्स के साथ अब ब्यूटीशियन के क्षेत्र में भी बनेगी आत्मनिर्भर

रिपोर्ट जितेंद्र तिवारी सागर।

शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर की छात्राएं अपने नियमित डिग्री कोर्स के साथ अब ब्यूटीशियन के क्षेत्र में भी पारंगत होकर आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेंगी। यह मौका महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रतिभा जैन के निर्देशन में अल्प अवधि रोजगार उन्मुखी कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को दिया जा रहा है। 20 अगस्त से शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 20 सितंबर को होगा जिसमें करीब 80 छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत छात्र छात्राओं को डिग्री कोर्स के साथ स्वरोजगार से जोड़ने के लिए




आयोजित किए जा रहे प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एंड ब्राइडल मेकअप प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को ब्यूटीशियन और ब्राइडल मेकअप के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने हेतु व्यावसायिक कौशल प्रदान करना है। प्रशिक्षण सागर की अनुभवी ब्यूटीशियन सलमा खान के द्वारा दिया जा रहा है। 20 अगस्त प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 20 सितंबर को किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में आइब्रो, हेयर कटिंग, वैक्सिंग, हेयर स्टाइलिंग, मेकअप तथा बालों एवं त्वचा की देखरेख से संबंधित विभिन्न आधुनिक तकनीक की जानकारी दी जा रही है। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत जारी कार्यक्रम की प्रभारी डॉ प्रतिभा जैन ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं और विभिन्न ब्यूटी-टेक्निक्स को सीखने में रुचि दिखा रही हैं। इस प्रशिक्षण में लगभग 80 छात्राओं द्वारा सहभागिता कर लाभ प्राप्त किया जा रहा है।

## पखांजूर : परलकोट परिवहन संघ ने बांस ढुलाई में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी जायज मांग को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

रिपोर्टर परलकोट

परिवहन संघ पखांजूर ने बांस ढुलाई के काम में 60त्न हिस्सेदारी की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को एक ज्ञापन सौंपा है। संघ का आरोप है कि राजनांदगांव के व्यापारी राजेश खंडेलवाल, जो बांदे रेंज के बांस डिपो से बांस खरीद रहे हैं, पहले हुए समझौते का उल्लंघन कर रहे हैं और परिवहन का काम खुद ही कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ साल पहले एक बैठक में यह तय हुआ था कि बांस परिवहन के काम में मालिक को 40त्न और परलकोट परिवहन संघ पखांजूर को 60त्न हिस्सेदारी मिलेगी। लेकिन पिछले 2-3 सालों से बांस की कटाई कम होने के कारण ठेकेदार ही सारा ढुलाई का काम कर रहे थे।




अब जब कटाई का काम फिर से शुरू हुआ है, तो ठेकेदार राजेश खंडेलवाल संघ को उनका हक नहीं दे रहे हैं। संघ का दावा है कि इस वजह से स्थानीय वाहन मालिकों को भारी नुकसान हो रहा है। जब इस बारे में ठेकेदार से बात की गई तो उन्होंने कथित तौर पर राजनीतिक दबाव का हवाला देते हुए हिस्सेदारी देने से साफ इनकार कर दिया और धमकी भी दी। परलकोट परिवहन संघ ने प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप करने और उन्हें उनका 60त्न हिस्सा दिलाने का अनुरोध किया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है, तो वे परलकोट क्षेत्र से बांस की ढुलाई नहीं होने देंगे। इस संबंध में ज्ञापन की प्रतियां थाना प्रभारी पखांजूर और अध्यक्ष नगर पंचायत पखांजूर को भी भेजी गई हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष परलकोट परिवहन संघ पखांजूर दीपांकर सरदार, सचिव दीपक साहा, स्वतंत्र नामदेव, गोपाल कुंडू, दीपक बोस, परितोष सूत्रधर, विकास मंडल, राममोहन सिकदार, मुकुल पाल, प्रश्नजीत भद्रो, शंकर घोष एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पंचपिंड स्थल के संरक्षण हेतु परशुराम सेना ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

रिपोर्टर अमित जैन रायसेन/बरेली।



परशुराम सेना बरेली द्वारा एसडीएम संतोष मुद्गल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में तहसील खातेगांव, जिला देवास के ग्राम तुरनाल स्थित पंचपिंड स्थल के संरक्षण एवं विकास की मांग की गई। सेना ने बताया कि मां नर्मदा के पावन तट पर भगवान परशुराम जी ने अपने माता-पिता का पिंडदान किया था। यह पंचपिंड स्थल प्राचीन काल से सनातन धर्मावलंबियों की आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र रहा है। किंतु वर्तमान में नर्मदा नदी पर बांध निर्माण कार्य के चलते यह स्थल डूब क्षेत्र में आ रहा है। परशुराम सेना ने कहा कि लगभग छह माह पूर्व भी इस विषय में प्रशासन को अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पंचपिंड स्थल को धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहर के रूप में सुरक्षित किया जाए तथा इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, जिससे आस्था भी सुरक्षित रहे और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान परशुराम सेना जिला अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष विपिन व्यास, ब्लॉक महामंत्री अंशुल भार्गव, ब्लॉक मीडिया प्रभारी नीरज बिदुआ, नगर अध्यक्ष शिवांश दुबे, रेवा शंकर शर्मा, शरद उपाध्याय, विनोद शर्मा, निलेश भार्गव, प्रशांत राजोरिया, सुनील शर्मा, अवतांस पालीवाल, सचिन शांडिल्य, सुमित शर्मा, राहुल राजोरिया, छोटू शर्मा सहित परशुराम सेना के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## इंतजामिया कमिटी जामा मस्जिद, वारासिवनी की जानिब से जश्ने मोहसिने इंसानियत कॉन्फ्रेंस 1500 साला जश्ने विलादत के पुरनूर मौके पर एक रौजा अजीमुशान जलसा संपन्न हुआ



रिपोर्ट इमरान कुरैशी

इंतजामिया कमिटी जामा मस्जिद, वारासिवनी की जानिब से 1500 साला जश्ने विलादत के पुरनूर मौके पर एक रौजा अजीमुशान जलसे का एहतमाम किया गया। जामा मस्जिद के सदर जनाब इकबाल खान ने बताया कि इस अजीमुशान जलसे में मुकर्रिर ए खुसूसी मुफ़्ती शमशुद्दीन कादरी मकराना साहब किबला राजस्थान से और साथ ही बुलबुले बागे मदीना अब्दुल वाहिद अंसारी साहब मालेगांव, महाराष्ट्र से शिरकत फरमाए हैं। प्रोग्राम की जेरे सरपरस्ती मौलाना अब्दुल हबीब नूरी साहब किबला (काजी ए शहर बालाघाट) द्वारा की गई। जलसे का आगाज़ कुरान की आयतों से हुआ। जिसके बाद मोहम्मद नजीर कादरी साहब किबला (ख़तिबो इमाम जामा मस्जिद, वारासिवनी) के द्वारा नातो मनकबत पढ़ी गई। इसके बाद बुलबुले बागे मदीना अब्दुल वाहिद अंसारी साहब मालेगांव ने अपनी नातो मनकबत से रूहानी शमा बांध दी, जिसे तमाम आवाम ने अपनी दुआओं से नवाजा। हज़रत मुफ़्ती शमशुद्दीन कादरी मकराना साहब किबला ने अपनी जबरदस्त तक़रीर से लोगों के जहन को मुनव्वर किया। उन्होंने बताया कि इस्लाम एक ऐसा दीन है जो हमेशा अमन और सुकून की तालीम देता है। 1400 साल पहले भी इस्लाम अमन और सुकून की तालीम देता था और आज भी देता है और तक़यामत तक देता रहेगा। इस जलसे को सफल बनाने में हाफिजों कारी नजीर कादरी साहब, सदर जामा मस्जिद इकबाल खान साहब, हाजी रहमान साहब, हाजी एजाज साहब, हाजी फरहान, नसीम खान, मो ताहिर हुसैन, बाबू मिस्त्री, शाहबाज मंसूरी, आशिक भाई, तौसीफ कुरैशी, आबिद अली, इरफ़ान कुरैशी, फहीम भाई, इरशाद खान, नौशाद खान, मुदस्सर कुरैशी और समाज के सभी बुजुर्ग, नवजवानों का विशेष योगदान रहा।

खास

### उपयंत्री यसडीओ और कार्यपालन यंत्री पर आरोप

## ब्यौहारी में जल जीवन मिशन की योजना भी ठप्प

रिपोर्टर-लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी

35 हजार करोड़ की योजना का घोटाला ब्यौहारी में भी गूंज रहा है। यहां विभाग में बैठे अधिकारियों ने भी जमकर गोता लगाया है। जैसे-जैसे बात आगे बढ़ रही है, भ्रष्टाचार की परतें भी खुलती जा रही हैं। अब जिले सहित ब्यौहारी से भी नल जल योजना के घोटाले निकलते जा रहे हैं। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहडोल में बैठे कार्यपालन यंत्री यस0यल0धुर्वे, ब्यौहारी यस0डी0ओ0 विजय कुमार केशरवानी तथा सब इंजीनियर विद्यानिधान पटेल ने साठगांठ कर बड़ा खेला किया है। परिणामस्वरूप जिले के 115 गांवों में बनी पानी की टंकियां एवं पाइपलाइन शोपीस बनकर खड़ी हैं और अब गिरने के कगार पर हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा नल जल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु मध्यप्रदेश शासन को 35 हजार करोड़ रुपए दिए गए थे, जिसके तहत शहडोल जिले के 115 गांवों में पानी की टंकियां और घटिया किस्म की पाइपलाइन लगाई गई है, जो अब शोपीस बनकर खड़ी है और आगे का काम बाधित है। उक्ताशय के आरोप लगाते हुए आदिवासी नेता कुअरवा कोल ने पूरे मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि टेंडर प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए, लेकिन खेद है कि प्रधानमंत्री की जनप्रिय योजना में भी पलीता लगाने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई, अन्यथा हर घर जल योजना भी खटाई में पड़ सकती है।




### टेन्डर प्रक्रिया में धांधली से खुला पोल

टेन्डर डालने वाले एक व्यक्ति ने भी नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विद्यानिधान पटेल सब इंजीनियर तथा यसडीओ केशरवानी ने शहडोल में बैठे कार्यपालन यंत्री से साठगांठ कर टेंडर प्रक्रिया में धांधली की और अपने पसंदीदा ठेकेदारों को टेंडर देकर योजना को चौपट कर जमकर घोटाला किया है।

### योजना ध्वस्त, साहब मस्त

115 गांवों में बनाई गई टंकियां और बिछाई गई पाइपलाइन अपने आप जर्जर नहीं हुई हैं, बल्कि घटिया सामग्री से कराए गए निर्माण की वजह से टंकियां अब जगह-जगह से दरकने और चिटकने लगी हैं। इसी तरह बिछाई गई पाइपलाइन भी ऊंचाई और गहराई में असमान हो गई है। इससे पानी सप्लाई के दौरान भारी दिक्कत होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। कहा जा रहा है कि अभी कई सालों तक प्रधानमंत्री का हर घर जल देने का संकल्प अधूरा रहेगा और इन भ्रष्टाचारियों के कारण लोगों को पानी नहीं मिलने वाला है।

### नहीं धुले रीवा के दाग, शहडोल में भी आरोप

रीवा से स्थानीय पत्रकारों के अनुसार कार्यपालन यंत्री यस0यल0धुर्वे पर व्यापक मात्रा में आरोप लगे थे। खबरें हैं कि इसी कारण उन्हें रीवा से हटाकर शहडोल भेजा गया था, लेकिन श्री धुर्वे यहां भी वही धुन और वही राग अलाप रहे हैं। पुराने ढर्रे में चलकर धुर्वे पर फिर से शहडोल में पदस्थ रह कर जल जीवन मिशन में बड़े घोटाले के आरोप लोग लगा रहे हैं।

### कलेक्टर से उच्चस्तरीय जांच की दरकार

ब्यौहारी क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिले के संवेदनशील कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह से अपील की है कि योजना के संबंध में बड़े स्तर पर आ रही शिकायतों के मद्देनजर योजना की उच्चस्तरीय समिति गठित कर अपनी निगरानी में जांच कराए और कड़ी कार्रवाई करे, ताकि समयावधि में लोगों को पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के साथ-साथ मुख्य रूप से यह योजना हम आदिवासियों के लिए थी, लेकिन दुखद है कि विभागीय अधिकारी इस योजना को भी डकार गए हैं। (कुअरवा कोल, आदिवासी नेता, ब्यौहारी) मामले में पक्ष जानने के लिए यसडीओ को भी फोन लगाया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

रिपोर्ट-नरेश चौकसे



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक सोमवार को नेपा क्लब में संपन्न हुई। इसमें नगर स्थित शासकीय कार्यालयों, उपक्रमों और राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तेलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके उपरांत समिति से संबद्ध कार्यालयों और उपक्रमों में पिछली छमाही में किए गए हिंदी कार्यों की समीक्षा जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने प्रस्तुत की। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजभाषा हिंदी भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द्र की सबसे सशक्त कड़ी है। उन्होंने कहा कि मेरी शिक्षा और परवरिश उड़िया भाषा में हुई, किंतु हिंदी में भी मैं उतना ही सहज महसूस करता हूं। अब यह धारणा बदल रही है कि अंग्रेजी बोलने वाले ही अधिक प्रतिभाशाली होते हैं। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष राम अलागेसन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि मेरी शिक्षा-दीक्षा तमिल भाषा में हुई है, इसके बावजूद हिंदी को मैंने हमेशा सहज और सरल पाया है। हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है और यही भारतीयता और देशभक्ति की भावना जगाती है। प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू ने कहा कि मेरा जन्म नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जन्मभूमि कटक में हुआ है। बचपन से ही नेताजी का नारा ÷तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा÷ मुझे प्रेरित करता रहा। नेपानगर की माटी ने मुझे हिंदी में संप्रेषण की सहजता दी है, जिसके लिए मैं आजीवन ऋणी रहूंगा। स ुरक्षा विभागाध्यक्ष संजय पवार ने कहा कि हिंदी के गौरव को बढ़ाने वाले इस आयोजन के लिए समिति बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि हमें कार्यस्थल के साथ घर-परिवार और सामाजिक जीवन में भी हिंदी का अधिक प्रयोग करना चाहिए। नेपा मिल्स श्रमिक संघ अध्यक्ष प्रवीण सोनी ने कहा कि हिंदी मजदूर और अफसर, दोनों को जोड़ने वाली भाषा है। यही वह सेतु है जो सबको समानता और सहयोग के सूत्र में पिरोता है। हिंदी का सम्मान करना, मेहनतकश समाज का सम्मान करना है। केंद्रीय विद्यालय के हिंदी शिक्षक भगवतीलाल भील ने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु आयोजन हो रहे हैं, पर विडंबना यह है कि हिंदी भाषी राष्ट्र में भी इसकी आवश्यकता पड़ रही है। ऐसे आयोजन केवल औपचारिकता न रहकर व्यवहारिक जीवन का हिस्सा बनें। बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार नागलिया ने कहा कि ग्राहकों से संवाद और कार्यप्रणाली दोनों में हिंदी सबसे सहज भाषा है। बैंक सदैव अपने ग्राहकों को हिंदी में सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएमडी के तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में हिंदी उपयोगी सिद्ध हुई है। यदि भाषा की क्लिष्टता कम कर दी जाए और इसे आधुनिकता के साथ जोड़ा जाए तो यह और अधिक प्रभावी सिद्ध होगी। कार्यक्रम का संचालन जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया और आभार औद्योगिक संरक्षा विभाग के परामर्शदाता किशन पटेल ने माना। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक यांत्रिकी महेंद्र केसरी, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक आईटी संजीव कानडे, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल, उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सी. एन. वर्मा, कंपनी सचिव निधि मिश्रा, देवेंद्र महोबे, रामबिलास रघुवंशी, आशुतोष मिश्रा, शिरीष येलवनकर, राजेंद्र चौधरी, मणिलाल पाटिल, सुषमा गौर, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, अनीस मंसूरी सहित बड़ी संख्या में नेपा लिमिटेड सहित नेपानगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय विद्यालय, मुख्य डाकघर, दूरभाष केंद्र, जिला सहकारी बैंक मर्यादित और नेपानगर रेलवे स्टेशन के अधिकारी समिति के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

## भालू बना शहर का निरीक्षक कभी स्कूल, कभी घर तो कभी सड़क पर मचा रहा दहशत!

रिपोर्टर- तौसिफ रज़ा

एमसीबी/जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मुख्यालय मनेंद्रगढ़ शहर में इन दिनों जामवंत महाराज (भालू) का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। दिनदहाड़े कभी अकेले तो कभी अपने परिवार के साथ शहर में विचरण करते ये भालू मानो शहर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हों। ऐसा प्रतीत होता है जैसे जंगल का यह हिंसक जानवर अब जंगल से ज्यादा शहर की रौनक और यहां के रहन-सहन को पसंद करने लगा है। पिछले एक माह से लगातार यह दृश्य मनेंद्रगढ़ में देखने को मिल रहा है। सोमवार को भी एक भालू बदनसिंह मोहल्ले में घूमते हुए दिखाई दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, भालू कभी स्कूल परिसर में, तो कभी घरों के आंगन में घुसने की कोशिश करता रहा। इससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक, भालू ने एसडीएम कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी पर हमला कर घायल भी कर दिया। घायल युवक का उपचार फिलहाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में जारी है। विशेषज्ञ बताते हैं कि लगातार जंगलों के



कटाव और प्राकृतिक आवास नष्ट होने से जंगली जानवर अब गांव-शहर की ओर रुख कर रहे हैं। भालू हो या हाथी ङ्क भोजन और सुरक्षित ठिकाने की तलाश में ये जानवर मानव बस्तियों तक पहुंच जाते हैं। ऐसे में यह न केवल लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि वन्य जीवों के अस्तित्व के लिए भी चिंता का विषय है। वन विभाग और प्रशासन को चाहिए कि समय रहते इनकी मॉनिटरिंग कर सुरक्षित रूप से इन्हें जंगल की ओर भेजने की व्यवस्था करें। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक रहना होगा और वन्य जीवों को उकसाने या नुकसान पहुंचाने से बचना होगा। वन्यजीवों का संरक्षण सिर्फ जंगल के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जरूरी है।

## प्रमुख संक्षिप्त

### विधायक ग्रेवाल के नैतृत्व मे फसल बीमा को लेकर कांग्रेस का ज्ञापन 10 सितंबर को



**रिपोटर राजेश यादव।** सरदारपुर विधानसभा मे किसानो को वर्ष 2023 मे सोयाबीन की फसल एवं वर्ष 2024 मे सोयाबीन एवं गैहु की नष्ट फसलो का पर्याप्त फसल बीमा नही मिलने पर, वर्तमान मे सोयाबीन की फसल मे पीला मौजेक वायरस एवं जला भराव से नष्ट फसलो का शीघ्र सर्वे करने एवं किसानो को पर्याप्त मात्रा मे खाद प्रदान करने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरदारपुर, दसई, अमझेरा द्वारा संयुक्त रूप से विधायक प्रताप ग्रेवाल के नैतृत्व मे दिनांक 10 सितंबर को सुबह 11 बजे कम्युनिटी हॉल से रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुचकर केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके पूर्व धार जिले के नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी का प्रथम सरदारपुर नगर मे आगमन पर कम्युनिटी हॉल मे स्वागत समारोह रखा गया है जिसमे वरिष्ठ कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस सहित समस्त मौर्चा संगठन के पदाधिकारियो एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ को आमंत्रित किया गया है यह जानकारी सरदारपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतनलाल पडियार द्वारा दी गई।

### सरकारी अस्पताल में मरीजों की जान से खिलवाड़, दी जा रहीं एक्सपायरी दवाइयां




**रिपोर्टर- अभिषेक दुबे, रायसेन।** शासकीय अस्पताल में एक्सपायरी दवाइयां मरीजों को दी जा रही हैं। मरीज कृष्ण नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि बुखार का इलाज कराने के लिए शासकीय अस्पताल गया था। जहां डॉक्टर ने पर्चा बनाया और उस पर दवा लिख दी। अस्पताल के विंडो से दवा ली और घर आ गया। जब दवा खाने के लिए स्ट्रिप उठाई तो उस पर एक्सपायरी सितंबर 2025 लिखी थी, गोली निकाली तो खराब हो चुकी थी। गोली की जगह बुरादा निकला। यदि बिना देखे गोली खाते तो नुकसान हो सकता था। सरकारी अस्पताल में एक्सपायरी के नजदीक वाली खराब हो चुकी दवाएं दी जा रही हैं। भले ही दवा की एक्सपायरी सितंबर माह है, लेकिन गोली खराब हो चुकी है। ऐसी दवा को अस्पताल से हटा देना चाहिए। इस संबंध में बीएमओ महेंद्र धाकड़ ने कहा कि यदि खराब दवा मरीज को दी गई है तो मामले को जांचेंगे और दोषी पर कार्रवाई करेंगे।

## शादी के अल्प समय बाद दुल्हन नकदी एवं जेवर लेकर फरार मांगी और अधिक राशि नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की दी धमकी

संवाददाता-मोहन लाल निम्बाहेडा।




नगर के इंदिरा कॉलोनी निवासी रामनिवास पिता ताराचंद बजाज जाति माहेश्वरी आयु 72 वर्ष ने दुल्हन और उसके परिजनों के खिलाफ 2,35,000 रूपये एवं जेवर लेकर फरार होने के मामले में लतीका पुत्री दशरथ पाटील जाति पाटील महाराष्ट्रीयन आयु 27 वर्ष निवासी तांगा चौक, मुर्तीजापुर, अकोला, लताबाई पत्नी गुलाबराव जाधव जाति मराठा आयु 75 वर्ष निवासी नवीन नगर, अमरावती रोड, वाडी, नागपुर, गोपाल पिता गुणवंत लाडोले जाति मराठा आयु 45 वर्ष निवासी लखनवाडी, अचलपुरा जिला अमरावती, महाराष्ट्र के खिलाफ कोतवाली थाना में न्यायालय आदेश के माध्यम से इस्तगासा प्रकरण दर्ज कराया है। कोतवाली थाना में दर्ज प्रकरण अनुसार फरियादी के समाज में लड़कियों की कमी थी। इस कारण प्रार्थी के पुत्र छोटेलाल की शादी नहीं हो पा रही थी। समाज के लोगों, मित्रों और परिचितों को छोटेलाल के विवाह हेतु उपयुक्त रिश्ता देखने के लिए कहा गया। अभियुक्त गोपाल ने फरियादी से संपर्क कर कहा कि उनकी नजर में एक सुंदर, सुशील, घरेलू कन्या लतीका पाटील है जो महाराष्ट्र की गरीब परिवार की है। यदि आप चाहो तो छोटेलाल की शादी लतीका से करवा सकते हैं, पर उसकी शादी के एवज में 2,35,000 रूपये तथा जेवर देना होगा। प्रार्थी ने सहमति दी। इसके बाद गोपाल ने लतीका एवं उसके परिजनों को निम्बाहेडा बुलाया और दोनों परिवारों का परिचय कराया। दिनांक 23.05.2025 को गोपाल अभियुक्तगण लतीका एवं उसकी मामी लताबाई को निम्बाहेडा प्रार्थी के घर लेकर आया। मुलाकात के बाद दोनों परिवारों ने लतीका और छोटेलाल का विवाह करने का निर्णय लिया और 24.05.2025 को वैदिक पद्धति से आर्य समाज मंदिर, निम्बाहेडा में विवाह सम्पन्न हुआ। अभियुक्तगण गोपाल और लताबाई ने लतीका को घर छोड़कर वापस लौट गए। विवाह पश्चात् लतीका ने सोने-चांदी के जेवर की मांग की, जो देने से इंकार किया गया। विवाह के लगभग 10 दिन बाद लतीका ने कहा कि उसके मामा की तबियत खराब है, उसे महाराष्ट्र जाना है। छोटेलाल उसे महाराष्ट्र हॉस्पिटल छोड़ने गया, जहां मामा भर्ती थे। मामा के इलाज हेतु 15,000 रुपये मांगे गए, जो छोटेलाल ने नहीं दिए। इसके बाद करीब 20 दिन तक लतीका का फोन स्विच ऑफ रहा। बाद में लतीका ने अन्य नंबरों से छोटेलाल को 30,000 रुपये मांगे, जो देने से इंकार किया गया। एक माह बाद लतीका ने गोपाल के नंबर से 50,000 रुपये की मांग की, जिसे भी छोटेलाल ने नहीं दिया। इसके बाद लतीका ने झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। फरियादी ने अभियुक्त गोपाल से बात की, लेकिन गोपाल टालमटोल करने लगा। दिनांक 12.08.2025 को गोपाल ने लतीका और उसकी मामी से बात कराई और 50,000 रुपये देने की मांग की, कहा कि तभी लतीका वापस आएगी, अन्यथा झूठे मुकदमे में फंसा दिया जाएगा। इस प्रकार अभियुक्तगण ने आपराधिक साजिश रचकर फरियादी से 2,35,000 रुपये एवं 100 ग्राम चांदी के पायजेब हड़प लिए। फरियादी की रिपोर्ट पर न्यायालय के आदेश से कोतवाली थाना में तीनों अभियुक्तों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## कूटरचना से आधार कार्ड का प्रयोग कर फर्जी सिम अलॉट कर बेचने वाला आया पुलिस गिरफ्त में



ब्लॉक रिपोर्टर ओम सोनी

जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि साइबर अपराध में लिप्त सिम विक्रेता (पीओएस) के विरुद्ध विशेष अभियान में अधिकाधिक प्रभावी कार्यवाही करने के उद्देश्य से जिले के सभी थानाधिकारियों को टीम गठित कर साइबर अपराधों में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत थाना भवानीमंडी द्वारा ग्राहकों की जानकारी के बिना उनकी आईडी से (डीओटी) के केवाईसी नियमों का उल्लंघन कर एक से अधिक बार केवाईसी कर फर्जी सिमें जारी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अभियुक्त महेश मीणा, उम्र 30 वर्ष, निवासी टगर मोहल्ला भवानीमंडी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा के निर्देशन तथा प्रेम कुमार आरपीएस वृत्त अधिकारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भवानीमंडी रमेश चंद्र मीणा द्वारा गठित दल ने मुखबीर से मिली जानकारी के आधार पर कार्यवाही करते हुए पाया कि कोई व्यक्ति आईडी से (डीओटी) के केवाईसी नियमों का उल्लंघन कर एक से अधिक बार केवाईसी कर फर्जी सिमें जारी कर रहा है। दल ने तस्दीक हेतु मुखबीर को पीओएस की सिम लेने के लिए भारत माता पार्क भवानीमंडी भेजा, जहां सिम विक्रेता द्वारा पीओएस को एयरटेल की 9 सिम एक हजार रुपये प्रति सिम की दर से प्रदान की गई। इस आधार पर कार्यवाही कर अभियुक्त के कब्जे से एयरटेल के 10 सिम 5त्र जब्त किए गए तथा आरोपी पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा अपील की गई है कि अपने नाम से जारी सिम कार्ड की जांच करें। संचार साथी एप के माध्यम से अपने नाम से जारी सिम की जानकारी प्राप्त करें तथा अनावश्यक अवैध जाली सिम कार्ड की रिपोर्ट कर उन्हें बंद करवाएं। टीम में थाना प्रभारी रमेश चंद्र मीणा, प्र.आ विनोद सिंह, आरक्षक तेज सिंह, रवि सेन, विकास कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।

## नरेंद्र मोदी विचार मंच के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रतलाम के रूप में गणेश जी मुनिया की नियुक्ति की गयी



नरेंद्र मोदी विचार मंच के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रतलाम के रूप में गणेश जी मुनिया की नियुक्ति की गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जी चाणक्य एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनील जी सांखला एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा राकेश कुमार चौहान की अनुशंसा पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ बालचंद्र विश्वकर्मा ने इस नियुक्ति की घोषणा की

गणेश जी मुनिया को युवा मोर्चा जिला रतलाम का जिला अध्यक्ष बनाए जाने से संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष की नियुक्ति से संगठन के उद्देश्यों और विचारधारा को जिले में जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गणेश जी मुनिया ने कहा कि वे संगठन के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहकर कार्य करेंगे और संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

नियुक्ति की मुख्य बातें-

- नियुक्ति- गणेश जी मुनिया को युवा मोर्चा जिला रतलाम का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- अनुशंसा- राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जी चाणक्य एवं सुनील जी प्रदेश अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार चौहान की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई है।
- प्रांतीय अध्यक्ष- डॉ बालचंद्र विश्वकर्मा ने इस नियुक्ति की घोषणा की।
- संगठन- नरेंद्र मोदी विचार मंच के युवा मोर्चा की इस नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के पांचवें माह में पकड़े गए 26 हजार 460 अनियमित रेलयात्री

रिपोर्टर जय प्रकाश सिंगरौली।



जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाड़ियों में चलाए जा रहे सघन टिकट जांच अभियान में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, जिसके तहत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के पांचवें माह (1 अगस्त से 31 अगस्त 2025) में मंडल के टिकट जांच अभियान ने रिकार्ड 2 करोड़ 11 लाख 41 हजार रूपये का राजस्व एकत्रित किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के मार्गदर्शन एवं श्री शशांक गुप्ता के नेतृत्व में जबलपुर रेल मंडल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में बनी टीम के द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में चलाए गए विभिन्न जांच अभियानों के अंतर्गत तथा नियमित टिकट जांच के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा बिना टिकट/अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान चालू वित्तीय वर्ष के पांचवें माह में बिना टिकट यात्रा के 26 हजार 460 मामले पकड़े गए, जिनसे रेलवे को 2 करोड़ 11 लाख 41 हजार रुपये का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इसी तरह निम्न दर्जे की टिकट पर उच्च दर्जे में यात्रा करते हुए 33 हजार 290 यात्री पकड़े गए, जिनसे रेलवे को 1 करोड़ 97 लाख 42 हजार रुपये का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार यात्रा में निर्धारित मानक से अधिक भार के लगेज को लेकर यात्रा करने के 630 मामले पकड़े गए, जिनसे 1 लाख 28 हजार रुपये का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इस प्रकार 01 अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 तक की गई टिकट जांच के दौरान बिना टिकट/अनियमित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने के पकड़े गए कुल 60 हजार 390 मामले से रेलवे को 4 करोड़ 10 लाख रुपये से अधिक का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे उचित टिकट लेकर ही रेलों में यात्रा करें, ई-टिकट प्रतीक्षा सूची अथवा प्लेटफॉर्म टिकट लेकर यात्रा न करें। इसी तरह स्टेशन में प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है। यात्रा से पूर्व अपने सामान को बुक कराएं, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। जनसंपर्क अधिकारी, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल

## भास्कर राव पांढरे को पीएचडी की उपाधि, सामवेद के इकलौते विद्वान को तिरुपति में भी मिला सम्मान

### डॉ भास्कर राव पांढरे सामवेद के इकलौते विद्वान, गरियाबंद का गौरव

गरियाबंद।



जिले के युवा पत्रकार और शोधकर्ता भास्कर राव पांढरे ने अपने परिश्रम और लगन से ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने उन्हें संस्कृत विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान में कोमाखान निवासी डॉ पांढरे ने प्रोफेसर डॉ रामकिशोर मिश्र के निर्देशन में ÷सामवेदीय देवोपासनायाः वर्तमान सन्दर्भ अनुशीलनम्÷ विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। उनकी मौखिक परीक्षा रायपुर विश्वविद्यालय के पाणिनी सभागार में श्री लालबहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के वेद विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ देवेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ रामकिशोर मिश्र, हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बारा मैम, डॉ गिरजा शंकर गौतम, डॉ हेमंत शर्मा, डॉ कान्हे, डॉ बी पी शर्मा, डॉ ज्ञानेश उपाध्याय, डॉ नीलेश तिवारी, जितेंद्र खरे और सुमित सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### तिरुपति से तिरुपति विश्वविद्यालय में भी हुए हैं सम्मानित

यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि डॉ पांढरे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सामवेद के इकलौते विद्वान हैं। उन्हें पूर्व में तिरुपति वैदिक विश्वविद्यालय द्वारा सामवेद पर किए गए शोध कार्य हेतु विशेष सम्मान भी प्राप्त हुआ था। साथ ही वे ज्योतिष और पत्रकारिता के क्षेत्र में भी अनेक बार सम्मानित हो चुके हैं। डॉक्टरेट की उपाधि मिलने के बाद परिवार, मित्रों और बौद्धिक वर्ग में हर्ष की लहर है। बधाई देने वालों में पत्रकार संघ से संतोष जैन, यशवंत यादव, नरेन्द्र तिवारी, उज्जवल जैन, पुरुषोत्तम पात्र, अशोक दीक्षित, मेषनंदन पांडेय, परमेश्वर राजपुत, यामिनी चंद्राकर, प्रकाश यादव, कुलेश्वर सिन्हा, किशन सिन्हा, भुपेन्द्र सिन्हा, तेज राम ध्रुव, गोल्डन यादव शामिल रहे। वहीं गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, उपाध्यक्ष समीमखान, पार्षद हरीश यादव, सलिम मेमन, रिंकु सचदेव, थानसिंह निषाद, नथमल शर्मा, अशोक मक्खु दीक्षित ने भी शुभकामनाएं दीं। कहा जा सकता है कि डॉ भास्कर राव पांढरे की यह उपलब्धि केवल महासमुंद ही नहीं बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बौद्धिक और सांस्कृतिक गौरव को नई ऊंचाई प्रदान करती है। सामवेद जैसे दुर्लभ और गंभीर विषय पर शोध कर उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान का नया द्वार खोला है।

## तेलीगांव की गौशाला में गंभीर अव्यवस्थाएँ पाई गईं पाया गया कि गायों को समुचित चारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है

रिपोर्टर गोलू बैरागी गुना/चांचौड़ा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गिरिराज दुबे एवं खंड पंचायत अधिकारी श्री कदम सिंह मीणा द्वारा ग्राम पंचायत तेलीगांव एवं जटेरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत तेलीगांव की गौशाला में गंभीर अव्यवस्थाएँ पाई गईं। पाया गया कि गायों को समुचित चारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तथा पेयजल के हौद खाली पड़े हैं, जिससे गोवंश गढ्ढों का पानी पीने को मजबूर है। जबकि गौशाला परिसर में ट्यूबवेल उपलब्ध है, जिसमें पर्याप्त जल व्यवस्था मौजूद है। इन लापरवाहियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संचालनकर्ता स्व-सहायता समूह एवं ग्राम पंचायत को नोटिस जारी करने के निर्देश खंड पंचायत अधिकारी को दिए गए। साथ ही गौशाला संचालन की जिम्मेदारी नए समूह को सौंपने के निर्देश भी प्रदान किए गए। वहीं ग्राम पंचायत जटेरी की गौशाला का निरीक्षण किया गया, जहाँ व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं। यहाँ प्रांगण में सीसी रोड निर्माण कराने हेतु सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया गया। साथ ही माध्यमिक विद्यालय जटेरी का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय बंद पाया गया तथा बच्चे बाहर बस्ता लेकर खड़े मिले। इस गंभीर लापरवाही की सूचना तत्काल संबंधित विकासखंड अधिकारी एवं जिला प्रशासन को भेजी गई।

## विस्थापित ग्रामीणों ने रोजगार के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

### पर्यटन सीजन में गाड़ियों और गाइड नियुक्ति में प्राथमिकता दे पार्क प्रबन्धन

रिपोर्टर दीपक कुमार वर्मा



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से विस्थापित ग्रामीणों ने पर्यटन सीजन में गाड़ियों और गाइड नियुक्ति में प्राथमिकता देने की गुहार लगाई है। इस बाबत मंगलवार को दर्जन भर से अधिक विस्थापित ग्रामीणों ने कलेक्टर को लिखित निवेदन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से उजड़ने के बाद उनके पास आजीविका का कोई ठोस साधन नहीं बचा है। खेत-खलिहान पीछे छूट गए, अब शहर और कस्बों में दिहाड़ी कर किसी तरह पेट भरना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि स्थानीय विस्थापितों को पर्यटन से जुड़ी सेवाओं में अवसर दिया जाए तो न केवल बेरोजगारी घटेगी, बल्कि आदिवासी और पिछड़ा वर्ग के गरीब परिवारों को दो वक्त की रोटी के लिए स्थायी सहारा भी मिलेगा। ज्ञापन में उल्लेखित है कि वर्ष 2021-22 में विस्थापन के समय तत्कालीन कलेक्टर, एसडीएम, विभागीय एसडीओ और आरओ खितौली की मौजूदगी में उन्हें आश्वासन दिया गया था कि विस्थापित परिवारों को रोजगार में प्राथमिकता दी जाएगी। लेकिन आज तक उस वादे पर अमल नहीं हुआ। विस्थापित ग्रामीणों ने कलेक्टर उमरिया से अपील की है कि उनके साथ किया गया वादा निभाया जाए। उनका कहना है कि हमारा घर, खेत सभी गड़पुरी गांव में था, विस्थापित होने के बाद रोजगार के कोई संसाधन नहीं हैं, हमारे बच्चे भूखे सो रहे हैं, घर की चूल्हा-चक्की ठंडी पड़ी है। अगर हमें पर्यटन में रोजगार का मौका दिया जाए तो न केवल हमारी गरीबी दूर होगी बल्कि हम सम्मान के साथ जीवन यापन कर सकेंगे।

### सीएम द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण योजनांतर्गत सिंगल क्लिक के माध्यम से...

# मध्यप्रदेश के 7 हजार 953 श्रमिक परिवारों को 1 करोड़ 75 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता राषि का किया अंतरण

रिपोर्ट डॉ.आनंद दीक्षित

## बुरहानपुर विधानसभा के 52 श्रमिक परिवारों को 1 करोड़ 14 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता राषि का वितरण, अर्चना चिटनिस ने माना आभार

बुरहानपुर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजनांतर्गत सिंगल क्लिक के माध्यम से मध्यप्रदेष के 7 हजार 953 श्रमिक परिवारों को 175 करोड़ रूपए की अनुग्रह सहायता राषि का अंतरण किया। इसी तारतम्य में बुरहानपुर कलेक्टर कार्यालय में एनआईसी कक्ष से वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने सहभागिता की। इस अवसर पर बुरहानपुर जिले के 67 श्रमिक परिवारों को 1 करोड़ 50 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता राषि प्रदान की गई। इसमें बुरहानपुर विधानसभा के 52 श्रमिक परिवारों को 1 करोड़ 14 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता



वितरित की गई है। श्रीमती चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं पंचायत, ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि संबल योजना आपात स्थिति में श्रमिकों के लिए अपने नाम के अनुरूप संबल प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मुश्किल और दुख की घड़ी में सरकार श्रमिकों के साथ है। उन्होंने कहा कि पीड़ित हितग्राही के परिजनों के लिए यह राशि राज्य शासन की ओर से संवेदनाओं के रूप में है। कठिनाई के समय में यह राशि श्रमिकों को अवश्य ही सहारा देगी। उन्होंने कहा कि यह एक अनूठी योजना है, जिसमें करोड़ों जरूरतमंद परिवार को बच्चे के जन्म से लेकर पूरे जीवनकाल तक मदद की जाती है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना प्रदेश के असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। योजना के अंतर्गतरू दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपए, स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपए, आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रुपए एवं अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपए और श्रमिकों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत शिक्षण शुल्क की पूरी राशि राज्य सरकार वहन करती है। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजनांतर्गत बुरहानपुर विधानसभा के 52 श्रमिक परिवार लाभांवित हुए है। इनमें नगर निगम अंतर्गत 19, बुरहानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत 30 और शाहपुर नगर परिषद अंतर्गत 3 श्रमिक परिवार शामिल है।

इस अवसर पर कलेक्टर हर्षसिंह, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, नगर निगमाध्यक्ष श्रीमती अनिता अमर यादव, संभाजीराव सगरे, भरत इंगले एवं राजेष महाजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि व श्रमिक परिवार के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## दुर्गा महोत्सव को लेकर झंडा चौक पर बैठक आयोजित



**रिपोर्टर- वीरेंद्र विश्वकर्मा पठारी।** नवदुर्गा महोत्सव की तैयारियों को लेकर झंडा चौक मेन बाजार में सत्यम शिवम सुंदरम श्री नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में व्यापक विचार-विमर्श के बाद कार्यकारिणी गठित की गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवदुर्गा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान सर्वसम्मति से टीम का गठन हुआ, जिसमें समिति के संरक्षक के रूप में बलराम साहू, राजू बागड़ी, भूपेंद्र चौरसिया, दौलत रैकवार और सुनील सेन होंगे, जबकि कार्यकारिणी में चंदन कुशवाह अध्यक्ष, रामस्वरूप सेन कोषाध्यक्ष, तरुण राज सिंह बागड़ी कोषाध्यक्ष, सूरज सिंह बागड़ी उपाध्यक्ष, सूरज बागड़ी उपाध्यक्ष, सौरभ बागड़ी उपाध्यक्ष मनोनीत हुए।

## रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सड़क पर जा रही महिलाओं को रोककर सड़क पर सुनी समस्याएं

रिपोर्टर अभिषेक दुबे रायसेन

जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित होने वाली जनसुनवाई में जाते समय कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को कई महिलाएं रोड पर पैदल चलते हुए दिखाई दीं, तो उन्होंने चालक से तुरंत



गाड़ी रोकने को कहा और महिलाओं की समस्याएं सुनने लगे। महिलाएं कलेक्टर को अपने बीच पाकर खुश हुई और बेझिझक होकर अपनी समस्याएं बताई, जिन्हें सुनकर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने तत्काल हल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस प्रतिनिधि ने जब महिलाओं से बात की तो उन्होंने बताया कि भैया कलेक्टर हो तो ऐसे। श्री विश्वकर्मा जी मंगलवार को कार्यालयीन समय में कार्यालय जा रहे थे और रास्ते में उन्होंने महिलाओं की भीड़ देखी, तभी गाड़ी को रोककर महिलाओं से रूबरू होकर उनकी सुनवाई की। भरोसा तीन शब्दों का था–मैं, हूँ, ना। यही शब्द सुनकर पीड़ित महिलाओं को कुछ राहत मिली। श्री विश्वकर्मा ने बड़े अपनत्व भाव से कहा, ÷मां परेशान न हों, आपकी समस्या का हर संभव निराकरण कराया जाएगा।÷ इस प्रकार सड़क किनारे हुई जनसुनवाई महिलाओं के लिए उम्मीद का आश्रय लेकर आई और प्रशासन के मुखिया की संवेदनशीलता और मानवता का प्रतीक बनी। जब लोगों ने यह बात सुनी तो उन्होंने भी श्री विश्वकर्मा की जमकर सराहना की।

# अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन की मासिक बैठक संपन्न, कोर कमेटी ने रखे अहम मुद्दे

रिपोर्टर: देवेंद्र बलियेबालाघाट।

दिनांक 7 सितंबर 2025 को अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन की बैठक संत रविदास सांस्कृतिक भवन बुढ़ी बालाघाट में स्थानीय स्तर पर अध्यक्ष श्री हरिचंद्र महोबे जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन बालाघाट जिला कोर कमेटी के सदस्य, पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सर्वप्रथम संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा को प्रणाम कर फूलमाला अर्पित की गई। बैठक का संचालन संगठन की कोर कमेटी ने किया। सभी ने अपनी बात रखी। बैठक में समाज के लिए जिला कोर कमेटी ने एकजुट होकर कार्य किया है और आगे भी सभी ब्लॉक में सामंजस्य स्थापित करके काम करेगी। बालाघाट जिले में समाज के साथ अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन भारत के नियम-निर्देशों का पालन करते हुए काम कर रहा है। यह भारत का सबसे बड़ा संगठन है और हर सामाजिक व्यक्ति के साथ सहयोग में है। समाज के लोगों को भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। आने वाले समय में बालाघाट जिले के सभी ब्लॉकों को अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन द्वारा हर प्रकार से सहयोग मिलेगा। संगठन में एकजुट होकर रहने की आवश्यकता है और सभी समाज में जागरूकता के साथ कार्य करें।





बैठक में समाज की एकता, शिक्षा के प्रसार, युवाओं को संगठित करना, नशा मुक्ति अभियान, गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग को सहयोग तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। कोर कमेटी के सदस्यों ने अपने-अपने बिंदुओं पर विचार रखे और समाजहित में ठोस कार्ययोजना बनाने पर सहमति जताई। संगठन के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि गुरु रविदास जी के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता और भाईचारा स्थापित करना ही हमारा प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल करने का संकल्प लिया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन आने वाले समय में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएगा, जिससे समाज की नई पीढ़ी जागरूक होकर समाजसेवा और राष्ट निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सके।

कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर गुरु रविदास जी के आदर्शों पर चलने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे- श्री हरिचंद्र महोबे अध्यक्ष जिला कोर कमेटी बालाघाट, श्री रमेश महोबे जी उपाध्यक्ष, श्री डी.पी. मनघटे जी महासचिव, श्री एम.आर. भोंडेकर जी विधिक सलाहकार, श्री रामप्रसाद चौधरी जी महामंत्री, श्री शिवकुमार खरे जी संगठन मंत्री, श्री सुंदरलाल बिनझाड़े जी संरक्षक, श्री दिनेश चौहान जी संचालक, श्री शेखरचंद अहिरवार जी उपाध्यक्ष, श्री सुरेंद्र कुमार पटले जी उपाध्यक्ष, श्री पूनाराम छिपेश्वर जी, श्री फूलचंद भोंडेकर जी, श्री महेश तरवरे जी, धर्मेंद्र गौंधरे जी, उमाशंकर कुम्भरे सचिव जी। सभी ने समाज के प्रति अपना समय और योगदान दिया।

# आम जनता ही नहीं अब जिले के पुलिसकर्मियों की समस्याओं का भी त्वरित समाधान होगा-रामजी श्रीवास्तव

शहडोल से राजेंद्र कुमार शर्मा

## एसपी ने शुरू की अनूठी पहल, क्यूआर कोड के माध्यम से कर सकेंगे शिकायत

शहडोल। आम जनता ही नहीं अब जिले के पुलिसकर्मियों की समस्याओं का भी त्वरित समाधान होगा। शहडोल पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने एक और सराहनीय कदम उठाते हुए लगभग 950 पुलिसकर्मियों के लिए विशेष क्यूआर कोड व्यवस्था लागू की है। इसके



माध्यम से आरक्षक से लेकर थाना प्रभारी स्तर तक के पुलिसकर्मी अपनी समस्याएं गुप्त रूप से दर्ज कर सकेंगे। शहडोल पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनने और समाधान करने के लिए यह अनूठी और गुप्त व्यवस्था शुरू की है। अब जिले के लगभग 950 पुलिसकर्मी, आरक्षक से लेकर थाना प्रभारी तक अपनी समस्याएं सीधे इस क्यूआर कोड के जरिए दर्ज कर सकेंगे। चाहे मामला वेतन, भत्ते, ड्यूटी या किसी अन्य समस्या का हो, सभी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज होंगी और त्वरित समाधान भी होगा। इस क्यूआर कोड पर दर्ज की गई समस्याओं का न केवल मूल्यांकन किया जाएगा बल्कि उनके निवारण के लिए तत्काल कदम भी उठाए जाएंगे। खास बात यह है कि पुलिसकर्मियों को अपनी शिकायत दर्ज करने के बाद इसकी ऑनलाइन पावती भी प्राप्त होगी। वेतन, भत्ते और अन्य व्यक्तिगत व विभागीय परेशानियां अब सीधे इस प्रणाली के माध्यम से एसपी कार्यालय तक पहुंचेगी। एसपी रामजी श्रीवास्तव ने इससे पहले भी आम नागरिकों और छात्राओं की सुरक्षा तथा समस्याओं के समाधान के लिए क्यूआर कोड जारी किया था, जिसका उत्कृष्ट परिणाम सामने आया। अब वही व्यवस्था पुलिस विभाग के भीतर भी लागू की गई है। इस अभिनव पहल की जिलेभर में जमकर प्रशंसा हो रही है। पुलिस महकमे के लिए यह एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि पहली बार शहडोल में पुलिसकर्मियों को अपनी समस्याओं का समाधान सीधे और गुप्त तरीके से करने का अवसर मिला है। एसपी रामजी श्रीवास्तव का कहना है कि शहडोल जिले में पदस्थ लगभग 950 पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत समस्याओं को दूर करने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय से क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसे स्कैन करके संबंधित पुलिसकर्मी अपनी वेतन, भत्ते और अन्य समस्याएं दर्ज करा सकेंगे, जिनका समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

## ई-केवाईसी में पिछड़ा नगर निगम

भोपाल।

राजधानी में समग्र आईडी की ई-केवायसी कराने की रफ्तार बेहद धीमी है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में पेंशनधारियों की पेंशन इस महीने से अटक सकती है।

## डूंगरगढ़ प्रकरण पर घड़साना में रोष, गंगानगर में भी दर्ज हुआ मुकदमा

रिपोर्टर: जन्दू जगजीत / परविंदर सिंह

घड़साना- डूंगरगढ़ क्षेत्र से उपजे एक विवादित मामले को लेकर घड़साना में दलित समाज ने आक्रोश व्यक्त किया। नाड़ी वेद लच्छीराम गोदारा पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी



एक वीडियो में अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय के लोगों को नीच बताते हुए उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। वीडियो में समुदाय के लोगों को गाँव से बाहर निकालने, सामूहिक हमले के लिए भड़काने और उन्हें गाय का मांस खाने वाला व आतंकवादी जैसी आपत्तिजनक उपमाओं से संबोधित करने का आरोप लगाया गया है। इसको लेकर दलित समाज के लोगों ने घड़साना थानाधिकारी महावीर प्रसाद को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि आरोपी के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। जानकारी के अनुसार, इस मामले को लेकर गंगानगर में भी मुकदमा दर्ज करवाया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान गुरमोहन सिंह, पूर्व सरपंच डूंगर मेघवाल, युवा कांग्रेस से सरवर जसलेरा, शंकर जयपाल, बलराम जयपाल, सोमा पेंटर, चंद्रभान चिनिया, महावीर निहालिया, दलजीत माही, प्रवीण, राजेंद्र सहित अन्य दलित समाज के लोग उपस्थित रहे।

## मीरजापुर पुलिस की बड़ी कामयाबी: 20 लाख की हेरोइन के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

रिपोर्टर सतीश सिंह

मीरजापुर, 09 सितंबर 2025- मीरजापुर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। थाना चुनार पुलिस ने 08 सितंबर 2025 को ग्राम सझौली स्थित



रामरति देवी फार्मेसी कॉलेज के पास से 101 ग्राम हेरोइन (अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये) के साथ शातिर तस्कर अनीश गिरी को गिरफ्तार किया। अनीश गिरी (36 वर्ष), निवासी ओडिया डीह, थाना रामगढ़, जनपद कैमूर भभुआ, बिहार, को होण्डा साइन मोटरसाइकिल (क्ष63 ङ्ग 7031) के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 1400 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए। पूछताछ में अनीश ने बताया कि वह गाजीपुर से हेरोइन लाकर चुनार और आसपास के क्षेत्रों में छोटे-छोटे पैकेटों में बेचता था। इस मामले में थाना चुनार में मुकदमा संख्या 436/2025, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया है। बरामद मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर लिया गया। गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) और क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र भूषण मौर्य, उप निरीक्षक दिलीप कुमार और सूर्यकान्त राय की टीम ने की। अभियुक्त को न्यायालय/जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर जनपद में अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है।

# समाधान ऑनलाईन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुनी आवेदकों की समस्या

संवाददाता जाबिद अली जावेद

08 सितंबर को समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आवेदकों की शिकायतें और समस्याएं सुनी तथा उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंस में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, वन मण्डलाधिकारी अभिनव पल्लव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। वीडियो कांफ्रेंस में सर्वप्रथम बालाघाट जिले से संबंधित शिकायत सुनी गई, जिसमें मण्डला जिले के निवासी झुन्नालाल द्वारा वर्ष 2022 में बालाघाट जिले में बांस कटाई का कार्य किया गया था, लेकिन उसे बांस के लाभांश की राशि नहीं मिली थी। बजट उपलब्ध न होने के कारण झुन्नालाल को राशि का भुगतान नहीं हो पाया था। समाधान ऑनलाईन में यह प्रकरण आने पर वन मण्डलाधिकारी द्वारा अन्य मद की राशि से झुन्नालाल को लाभांश की 01 लाख 02 हजार 967 रुपये की राशि का भुगतान कर दिया गया। वन विभाग द्वारा भी बांस के लाभांश की राशि का बजट उपलब्ध करा दिया गया। समाधान ऑनलाईन में झुन्नालाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि उसे लाभांश की राशि प्राप्त हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि




ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि लाभांश वितरण में विलंब न हो और हितग्राही को शीघ्रता से राशि मिल सके। वीडियो कांफ्रेंस में बताया गया कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि सेवा पर्व मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत जनजातीय वर्ग की सभी योजनाओं में शत प्रतिशत सेच्युरेशन लाने का कार्य किया जाएगा। इसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, वन, शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग अपनी योजनाओं में सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करेंगे। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर विविध गतिविधियों का आयोजन होगा, जिसमें जनजागरण यात्रा, क्षेत्र भ्रमण, संगोष्ठी, ग्राम विकास कार्य योजना का कैलेंडर बनाना, स्थानीय भाषा में ग्राम विकास कार्य योजना तैयार करना, नियमित समूह चर्चा के लिए आदि सेवा केंद्र का निर्धारण, आकांक्षाओं के प्रदर्शन के लिए दीवार लेखन जैसी गतिविधियाँ शामिल होंगी और 02 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में ग्राम विकास कार्य योजना का अनुमोदन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कांफ्रेंस में कहा कि 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती से सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा, जो 02 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। इस पखवाड़े के अंतर्गत सरकारी विभागों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाएँ, स्वयंसेवी संस्थाएँ और अशासकीय संस्थाएँ मिलकर सेवा और सुशासन को आम जनता तक पहुंचाएंगी। इस पखवाड़े के अंतर्गत रक्तदान शिविर, संगोष्ठी, स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहन, खादी वस्त्रों को प्रोत्साहन का कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में नए नमो उपवन और नमो पार्क बनाए जाएंगे। 27 सितंबर को बड़े शहरों में नमो मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टर्स को आदि सेवा पर्व एवं सेवा पखवाड़ा के लिए सभी तैयारियाँ करने के निर्देश दिए।

# जनदर्शन: आमजनों ने पेयजल, शौचालय सहित जाति-निवास प्रमाण पत्र बनवाने सौंपे आवेदन

## पैजनिया के ग्रामीणों ने की अवैध शराब और गांजा बिक्री पर रोक लगाने की मांग

रिपोर्टर रवि जायसवाल

मुंगेली, जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित



अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन में बड़ी संख्या में आवेदकों ने अपनी मांगों को पूरा करने और समस्याओं के निराकरण की मांग की।

जनदर्शन में विकासखण्ड लोरमी के ग्राम पैजनिया के ग्रामीणों ने सरपंच वंदना कश्यप के अवैध व कच्ची शराब और गांजा बिक्री पर रोक लगाने, बिरगॉव की दिव्यांग मुकेश कश्यप और पथरिया की दिव्यांग दुवसिया ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने, ग्राम नवागॉव घुठेरा के भोजराम साहू ने शौचालय निर्माण कराने, ग्राम कोलिहाडीह के नीलकंठ जांगड़े ने स्वस्थ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ग्राम पंडोतरा के विकास चौहान ने अपनी नानी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, ग्राम संगवाकापा के माखन साहू ने सड़क निर्माण अंतर्गत अपनी भूमि का मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम दामापुर के ग्रामवासियों ने नवीन ट्रांसफार्मर लगवाने, ग्राम सम्बलपुर के पंचम यादव ने जाति व निवास प्रमाण पत्र बनवाने, ग्राम घोरपुरा के ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत कराने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं संबंधित आवेदन सौंपे और निराकरण की मांग की। प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण के लिए आवेदकों को आश्वस्त किया गया। इस दौरान मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**खास** | जनसुनवाई में पहुंचा मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, कतार में लगकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# बीमा प्रीमियम और जीएसटी को लेकर पत्रकारों में आक्रोश, प्रांताध्यक्ष साथी शलभ भदौरिया के निर्देश पर जनसुनवाई में सौंपा गया ज्ञापन

रिपोर्ट करनसिंह भिण्ड

भिण्ड। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष साथी शलभ भदौरिया के निर्देशन में मंगलवार को जिला इकाई द्वारा पत्रकारों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को सौंपा गया। यह ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किया गया, जहां बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। इस अवसर पर संघ ने पत्रकारों के लिए प्रस्तावित बीमा योजना में बढ़े हुए प्रीमियम और उस पर लगाए गए 18त्न जीएसटी को समाप्त करने की मांग की। साथ ही 5 लाख रुपए तक की निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने और बीमा आवेदन की अंतिम तिथि 22 से बढ़ाकर 30 सितंबर 2025 तक करने को मांग की गई है। संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में



प्रदेशभर में सक्रिय है पत्रकार संघ ज्ञापन सौंपने की यह कार्रवाई प्रांताध्यक्ष साथी शलभ भदौरिया के निर्देश पर की गई, जो निरंतर पत्रकार हितों के लिए संघर्षरत हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेशभर में पत्रकारों की समस्याओं को लेकर स्थानीय प्रशासन और सरकार के समक्ष मुखरता से आवाज उठाई जा रही है।श्री भदौरिया ने स्पष्ट किया है कि यदि पत्रकारों की मांगों पर समय रहते निर्णय नहीं लिया गया, तो संघ प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगा। संघ के जिला अध्यक्ष गणेश भारद्वाज बोले कि अब पत्रकार जाग चुका है। उन्होंने आगे कहा कि ÷पत्रकारों की मांगों के लिए हम अंतिम दम तक लड़ाई लड़ेंगे और अपने हक के लिए किसी भी हद तक शासन प्रशासन से लड़ाई लड़ेंगे।÷ उन्होंने कहा कि जिले में पत्रकार भवन और पत्रकार कॉलोनी के लिए आज तक कोई भूमि चिन्हांकित नहीं की गई है। और कहा कि ÷सरकार को अब यह समझना होगा कि पत्रकार सिर्फ कलम चलाने तक सीमित नहीं हैं, वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना जानते हैं।÷

ज्ञापन के माध्यम से संगठन की प्रमुख मांगों को अवगत कराया गया जो इस प्रकार हैं-

1. 5 लाख रुपए तक की निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाए।
2. बीमा प्रीमियम और उस पर लगे 18त्न जीएसटी को तत्काल समाप्त किया जाए।
3. 65 वर्ष आयु वाले पत्रकारों को भी निःशुल्क बीमा का लाभ दिया जाए।
4. बीमा आवेदन की अंतिम तिथि 22 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर 2025 की जाए।5. भिण्ड में पत्रकार भवन और पत्रकार कॉलोनी के लिए भूमि चिन्हांकित की जाए।

ज्ञापन सौंपते समय यह पत्रकार शामिल रहे- जिला इकाई के अध्यक्ष साथी गणेश भारद्वाज, चंबल संभागीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष साथी विक्रम सिंह जादौन, संभागीय सचिव साथी अजय शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष साथी भानु श्रीवास्तव, महासचिव साथी असगर खान, साथी सचिव इमरान अली खान, साथी रवि रमन त्रिपाठी, साथी प्रेमनारायण शर्मा, साथी हसरत अली, साथी रिजवान काज़ी, साथी रवि खान, साथी दीवान यादव और साथी सुनील कुमार बाथम। यह ज्ञापन सिर्फ बीमा योजना की विसंगतियों को नहीं, बल्कि पत्रकारों की दशकों पुरानी अनदेखी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करने का प्रतीक बन गया है। अब सभी की निगाहें सरकार की आगामी प्रतिक्रिया पर टिकी हैं।



# वर्कप्लेस क्राइसेस से इन तरीकों से डील करें

**वर्कप्लेस पर क्राइसेस अनेक रूप ले सकता है। यह प्रतिष्ठा को लेकर या मुकदमेबाजी का मुद्दा हो सकता है या फिर प्राकृतिक आपदा। यह भी हो सकता है कि रिवेन्यू में कमी होने से कॉस्ट कटिंग और डाउनसाइजिंग का दौर चले। ऐसे समय के दौरान जिम्मेदारी संगठनात्मक नेतृत्व की होती है कि आगे की योजना तैयार करे और कर्मचारियों को आश्वस्त करें।**

### पारदर्शिता

आतंरिक या बाह्य किसी भी तरह के क्राइसेस में कर्मचारियों को चिंता होती है कि वह किस तरह से प्रभावित होंगे। उनके साथ स्पष्ट रूप से संवाद किया जाए और बड़ी खबरें न छुपाई जाए। क्राइसेस को लेकर पारदर्शी रहे और सावधानी से काम करें।

### विश्वास रखें

एक लीडर के रूप में आपसे उम्मीद की जाती है कि वर्कप्लेस क्राइसेस से निपटने के लिए आप कॉन्फिडेंट रहें। जहां भी आवश्यक हैं, वहां हस्तक्षेप करें और समाधान के लिए हटकर सोचने से डरे नहीं।

### ईमानदार रहें

व्यक्तिगत रूप से कर्मचारियों से मिलें और उन्हें निश्चिंत करें कि इस संकट आप उनका ध्यान रखेंगे। ईमानदारी से स्थिति बयां करते हुए जरूरी एक्शंस को लेकर उनसे बात करें।

### मदद मांगने में न हिचकें

अपने कर्मचारियों के पास जाएं और उनसे सलाह मांगे। ऐसा करना आपकी लीडरशिप पर सवाल नहीं है बल्कि यह एक अच्छा तरीका है जिसमें क्राइसेस के समय कर्मचारियों को अपना योगदान देने में गर्व ही महसूस होगा।





# इंजीनियरिंग की एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग



**स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, बच्चों के खिलौने से लेकर ड्राइंग रूम के स्टाइलिश व स्मार्ट फर्नीचर्स तक आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फिर चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्टिनकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग जिसमें इन दिनों युवाओं का अच्छा रुझान देखा जा रहा है।**

### वर्क प्रोफाइल

प्रोडक्ट डिजाइनर्स कमर्शियल मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के लिए आर्टिकल्स, प्रोडक्ट्स, मटीरियल्स डिजाइन करते हैं। कोई भी चीज डिजाइन करने से पहले ये उसकी विजुअल अपील और प्रैक्टिकल यूज का पूरा ध्यान रखते हैं। एक प्रोडक्ट डिजाइन को कार, होम अप्लायंस, कम्प्यूटर, मेडिकल इक्विपमेंट, ऑफसि या रिक्रिएशन इक्विपमेंट, खिलौने आदि कुछ भी डिजाइन करने पड़ सकते हैं। उन्हें मार्केट रिसर्चर्स, एडवरटाइजिंग टीम और प्रोडक्शन मैनेजस से इंटरेक्ट करने के अलावा ग्राफकि डिजाइनर्स के साथ काम करना होता है।

**आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फरि चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्टिनकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं।**



### स्किल्स

प्रोडक्ट डिजाइनर को आर्टिस्टिक होने के साथ लॉजिकल थिंकर होना भी जरूरी है। आपके पास आउट ऑफ बॉक्स आइजिडयाज होंगे तो अलग पहचान बना सकेंगे। इसी तरह ऑब्जर्वेशन स्किल और विजुअल इमेजिनेशन बेहतरीन होनी चाहिए। आपको ड्रांइग के माध्यम से अपने आइडियाज को एक्सप्रेस करना, कंज्यूमर गुड्स के प्रोडक्शन और मार्केटिंग की समझ होनी चाहिए।

### शैक्षणिक योग्यता

अगर आपके पास आर्किटेक्चर या इंजीनियरिंग में डिग्री होगी, तो आप आईआईटी से इंडस्ट्रीयल डिजाइनिंग में मास्टर्स कर सकते हैं। इससे करियर ग्रोथ अच्छी रहेगी। वैसे, साइंस स्ट्रीम से बारहवीं करने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन या आईआईटी से इंडस्ट्रियल डिजाइन का कोर्स कर, प्रोडक्ट डिजाइनिंग की फील्ड में आ सकते हैं।

### मार्केट में अवसर

मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के डिजाइन डिपार्टमेंट में प्रोडक्ट डिजाइनर्स की अच्छी मांग होती है। आप इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट डिजाइनर , वॉच डिजाइनर, फुटवियर डिजाइनर, डिजिटल डिजाइनर, आदि के रूप में करियर शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कंसलटिंग फर्म्स में जॉब की जा सकती है।

### प्रमुख संस्थान

- इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी बॉम्बे
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे



# आत्मविश्वास से भर देती है अखबार पढ़ने की आदत

**अखबार पढ़ने की आदत बैंकिंग परीक्षा के करंट अफेयर्स सेक्शन तथा इंग्लिश सेक्शन दोनों ही में आपकी मदद करेगी। बैंकों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा में यह परखा जाता है कि उम्मीदवार सीमित समय में समस्याओं को हल करने में कितना सक्षम है। इसमें न्यूनतम समय में उम्मीदवार की लॉजिकल रीजनिंग क्षमता तथा निर्णय क्षमता का आंकलन किया जाता है। साथ ही अपने आसपास की घटनाओं और अंगरेजी भाषा के ज्ञान की कसौटी पर भी उम्मीदवार को कसा जाता है। इसमें करंट अफेयर्स तो ऐसा विषय है, जिस पर आपकी पकड़ को रिटर्न टेस्ट ही नहीं, पर्सनल इंटरव्यू में भी जांचा जाता है।**

परीक्षा के लिहाज से, पढ़ने की आदत विकसित करना बहुत जरूरी है। इससे इंग्लिश लैंग्वेज पेपर को हल करने में बहुत मदद मिलती है। रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन व पैसेज वाले हिस्से में अच्छे अंक लाने के लिए अच्छी रीडिंग स्किल जरूरी है। इसका अभ्यास करने के लिए अखबार एक अच्छा मंच है। आप अखबार में जो भी पढ़ें, उसका अर्थ अच्छी तरह समझें और उसे एक कागज पर लिख लें। यह भी देखें कि ऐसा आपने कितने समय में किया।

### सेंटेंस फॉर्मेशन की जानकार

अंग्रेजी भाषा में लिखने का कोई तयशुदा फ्रेम नहीं है। इसमें वाक्य बिल्कुल सरल भी हो सकते हैं और बेहत जटिल भी। जो उम्मीदवार खुद को इंग्लिश में कमजोर महसूस करते हैं और इस भाषा को बस अभी-अभी समझने लगे हैं, उनके लिए इंग्लिश अखबार पढ़ना बहुत ही फायदेमंद रहेगा। अखबारों में काफी सरल वाक्य रचना होती है। इन्हें पढ़कर आप एक्टिव/ पैसिव वॉइस, वर्ब्स, ग्रामर, टेन्स आदि को बेहतर समझ सकते हैं।

### राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समाचार एकत्र करना

न्यूज एंड करंट अफेयर्स बैंकिंग एग्जाम्स का एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि जनरल नॉलेज पेपर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय महत्व की ताजा घटनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। आपको चाहिए कि आप रोज अखबारों में महत्वपूर्ण न्यूज आइटम चिह्नित कर लें और फिर आने वाले दिनों में इनका फॉलो-अप लेते रहें। सबसे महत्वपूर्ण समाचारों को खास तौर पर नोट करें और परीक्षा की तैयारी करते हुए इन्हें रिवाइज करते रहें।

### इंटरव्यू राउंड में करंट अफेयर्स का लाभ

समसामयिक घटनाक्रम से अवगत रहना इसलिए भी जरूरी है कि पसर्नल इंटरव्यू राउंड में इंटरव्यू पैनल इसके प्रति आपकी जागरूकता की परीक्षा ले सकता है। यदि आप नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहे हैं, तो इन घटनाओं की जानकारी आपको मुंह-जुबानी याद होगी।

### बढ़ता है आत्मविश्वास

रोज अखबार पढ़ने की आदत आपके आत्मविश्वास से भी भर देती है। आपको राजनीति, अर्थतंत्र, खेल आदि विषयों की जानकारी मिलती है। इससे आप रिटन एग्जाम, पर्सनल इंटरव्यू या ग्रुप डिस्कशन का सामना भी पूरे आत्मविश्वास के साथ कर सकते हैं। जानकारी होने पर आप स्पष्टता के साथ तथ्यों का विश्लेषण भी कर सकते हैं। बैंकिंग एग्जाम क्रैक करना साल-दर-साल मुश्किल होता जा रहा है। कारण यह कि सीमित संख्या के पदों के लिए आवेदन करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसकी तैयारी के लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है और ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करना पड़ता है। अखबार इस ज्ञान का बहुत ही अहम स्रोत साबित होते हैं और कई तरह से आपकी मदद करते हैं।




**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा केंद्र सरकार के विभिन्ना कार्यालयों में ग्रुप बी व सी के पदों पर भर्ती हेतु हर साल कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) एग्जाम आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में टियर-1 तथा टियर-2 होता है, जबकि इस वर्ष से इंटरव्यू समाप्त कर दिए गए हैं। टियर-1 में इंग्लिश, क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड, लॉजिकल रीजनिंग तथा जनरल अवेयरनेस के खंड शामिल होते है। वहीं टियर-2 में इंग्लिश लैंग्वेज तथा क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड के सेक्शन होते हैं। जाहिर है, इस परीक्षा में इंग्लिश का खास महत्व है। अगर आपकी इंग्लिश अच्छी है, तो आपको टियर-1 तथा टियर-2 दोनों में ही स्कोर करने में मदद मिलेगी।**

# इन तरीकों से मार सकते हैं इंग्लिश में बाजी

### क्या होता है इंग्लिश सेक्शन में?

एसएससी सीजीएल परीक्षा में इंग्लिश सेक्शन एलिमेंट्री स्तर का होता है। मगर यहां आपको ग्रामर के नियमों का खास ध्यान रखना होगा क्योंकि इस सेक्शन में अधिकांश प्रश्न काफी चतुराईपूर्वक पूछे जाते हैं।

### टियर-1

इसमें कुल 50 प्रश्न पूछे जाते हैं और हर प्रश्न का 1 अंक होता है। इसमें रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन, क्लोज टेस्ट, एरर आइडेंटिफिकेशन, वन वर्ड एक्सप्रेशन, फेज एंड ईडियम्स, सिनॉनिम्स एंड एंटॉनिम्स, फिल इन द ब्लैंक्स, मिसस्पेल्ट वर्ड्स, सेंटेंस इंप्रूवमेंट्स आदि से प्रश्न पूछे जाते हैं।

### टियर-2

इस चरण में 1-1 अंक के 200 प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन, क्लोज पैसेज, एरर आइडेंटिफिकेशन, सेंटेंस इंप्रूवमेंट, सिनॉनिम्स एंड एंटॉनिम्स, फिल इन द ब्लैंक्स, एक्टिव एंड पैसिव वॉइस, डायरेक्ट एंड इनडायरेक्ट स्पीच आदि से प्रश्न पूछे जाते हैं। हालांकि ये प्रश्न बेसिक स्तर के लगते हैं लेकिन इन्हें जरा घुमा-फिराकर पूछा जाता है। अगर आप ग्रामर के नियमों के अपवादों तथा स्पेशल रूल्स से परिचित नहीं हैं, तो आपको मुश्किल हो सकती है।

### क्यों अहम है इंग्लिश?

इंग्लिश लैंग्वेज एसएससी सीजीएल परीक्षा में इसलिए अहम है कि यह भर्ती प्रक्रिया के दोनों चरणों में शामिल है। यह परीक्षार्थियों के लिए इन कारणों से भी उपयोगी है -

### कम समय की मांग

यह सेक्शन ज्यादा समय नहीं मांगता क्योंकि यहां या तो आपको उत्तर पता होता है या फिर नहीं पता होता। इसमें आपको कोई जोड़-घटाव नहीं करना होता। इसलिए रीजनिंग या क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड के मुकाबले इस सेक्शन के प्रश्न हल करने में कम समय लगता है।

### वेटेज अधिक

टियर-1 में इंग्लिश के 50 प्रश्नों के 50 अंक और टियर-2 में 200 प्रश्नों के 200 अंक होते हैं। इतने अधिक वेटेज के चलते जाहिर है कि अगर आप इस परीक्षा में अधिक से अधिक अंक लाना चाहते हैं, तो इंग्लिश की ओर आपको विशेष ध्यान देना ही होगा।

### दूसरों की कमजोरी, आपकी ताकत

बहुत बड़ी संख्या में परीक्षार्थी इंग्लिश से डरते हैं क्योंकि उनके मन में ग्रामर को लेकर कई शंकाएं होती हैं। ऐसे में यदि आपकी इंग्लिश थोड़ी भी बेहतर है, तो आप उनसे बाजी मार सकते हैं। दूसरों की कमजोरी को आप अपनी ताकत बना सकते हैं।

### प्रश्नों का दोहराव

इंग्लिश लैंग्वेज कुछ नियमों पर आधारित है और अगर ग्रामर के नियम की दृष्टि से देखा जाए, तो एरर आइडेंटिफिकेशन, सेंटेंस इंप्रूवमेंट आदि के प्रश्नों में दोहराव होता ही है। इसलिए यदि आप पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र पढ़ चुके हैं और ग्रामर के नियमों तथा उनके अपवादों से भली प्रकार परिचित हैं, तो आप इस सेक्शन में आसानी से स्कोर कर सकते हैं। अधिक अभ्यास की जरूरत नहीं - इस सेक्शन में स्कोर करने के लिए आपको मैथ्स की तरह अभ्यास करने की जरूरत नहीं होती। कारण यह कि यहां स्पीड नहीं, ज्ञान मायने रखता है। यदि आपको भाषा का ज्ञान है, तो आपको बार-बार अभ्यास करने की जरूरत नहीं होती।